


बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में विश्व हिंदू परिषद के प्रदर्शन में दिल्ली अध्यक्ष कपिल खन्ना और महंत नवलकिशोर दास व अन्य के साथ हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 18 अंक: 332 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## कुवैत हवाई अड्डे पर फंसे भारतीय यात्री गंतव्य के लिए रवाना

**कुवैत सिटी:** मैनचेस्टर जाने वाली 'गल्फ एयर' की उड़ान के कई भारतीय यात्री कुवैत हवाई अड्डे पर लगभग 20 घंटे तक फंसे रहे। भारतीय दूतावास के प्रयासों से वो सभी व अन्य यात्री आज सुबह गंतव्य के लिए रवाना हो गए।यह जानकारी कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पोस्ट में दी। दूतावास ने कहा, "आज सुबह चार बजकर 34 मिनट पर 'गल्फ एयर' के विमान ने मैनचेस्टर के लिए उड़ान भरी। उड़ान के रवाना होने तक दूतावास की टीम वहां मौजूद रही।" बताया गया है कि बहरीन से मैनचेस्टर जाने वाली गल्फ एयर की उड़ान को तकनीकी खराबी के चलते कुवैत की ओर मोड़ दिया गया था। इसने एक दिसंबर को स्थानीय समयानुसार देररात दो बजकर पांच मिनट पर बहरीन से उड़ान भरी। विमान में कुछ खराबी आ जाने के कारण उसे सुबह चार बजकर एक मिनट पर कुवैत में उतारना पड़ा था।

# किसानों ने रोका दिल्ली मार्च

● दलित प्रेरणा स्थल से हटाए बैरिकेड्स, वाहनों की आवाजाही शुरू; नई दिल्ली इलाके में धारा 163 लागू

**विरोध**

▶▶ विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली कूच करने के लिए नोएडा के महामाया फ्लाईओवर पर एकत्रित हुए



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भारतीय** किसान यूनियन (बीकेयू) के तत्वावधान में कई किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली कूच करने के लिए नोएडा के महामाया फ्लाईओवर पर एकत्रित हुए। इस कारण दिल्ली-नोएडा बॉर्डर पर सुबह से ही लंबा जाम लगा गया। हालांकि किसानों को दिल्ली जाने से रोक दिया गया है। दलित प्रेरणा स्थल से पुलिस ने बैरिकेड्स भी हटा गिए हैं, जिसके बाद यातायात शुरू हो गया।

**वाहनों की आवाजाही शुरू**

दलित प्रेरण स्थल से पुलिस ने बैरिकेड्स को हटा दिया है, जिसके बाद यातायात सुचारू हो गया है। विभिन्न किसान संगठनों के तहत किसान नोएडा में दलित प्रेरणा स्थल के पास विभिन्न मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे और उन्हें दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई।

**समाधान दिल्ली से ही निकलेगा: राकेश टिकैत**

किसानों के दिल्ली चलो मार्च पर किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा, "किसानों को महामाया फ्लाईओवर पर रोका गया है। किसान दिल्ली की ओर जाना चाहते हैं क्योंकि समाधान दिल्ली से ही निकलेगा। पुलिस किसानों को रोक रही है।" जबकि किसान दिल्ली की ओर जाना चाहते हैं।"

**किसानों का धरना-प्रदर्शन जारी**

नोएडा सेक्टर 95 दलित प्रेरणा स्थल के पास किसानों को पुलिस ने रोका प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ वार्ता हुई, लेकिन समाधान नहीं हो पाया। वार्ता के बाद किसानों ने तय किया है कि वह दलित प्रेरणा स्थल के अंदर धरने पर बैठेंगे। जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा, तब तक धरना चलता रहेगा। दिल्ली कूच को लेकर किसान संगठन के पदाधिकारी के बीच बैठक के बाद तय किया जाएगा।

**नई दिल्ली क्षेत्र में बीएनएस की धारा 163 लागू**

किसानों के दिल्ली चलो मार्च को लेकर विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था पर संयुक्त सीपी संजय कुमार ने जानकारी दी।

### सुरक्षा के लिए जवानों की हुई तैनाती

**महामाया** फ्लाईओवर, चाहे वह जिला हो सीमा, डीएनडी या कालिंदी, यह सुनिश्चित करने के लिए जवानों की अतिरिक्त तैनाती की गई है कि कोई भी भीड़ बिना अनुमति के प्रवेश न कर सके। सीमाओं पर सीएपीएफ, स्थानीय पुलिस को तैनात किया गया है और वहां पर बैरिकेडिंग की गई है। ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी की जा रही है।" नोएडा सेक्टर 18 से फिल्म सिटी होते हुए नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे की ओर जाने वाले वाहनों को पुलिस ने बेरिकेडिंग लगाकर रोका था।

### बिना मांग पूरी हुए नहीं लौटेंगे घर: किसान

**प्रदर्शन** में शामिल एक किसान नेता का कहना है, "सरकार और अधिकारियों के पास हमारी मांगें पूरी करने का समय है। इसके बिना हम अपने घर नहीं लौटेंगे। हमने उन्हें पहले ही अपने कार्यक्रम बता दिए हैं। अगर वे मान गए तो शाम त घोषित करें, वरना हम आगे अपने कार्यक्रमों की घोषणा करेंगे।" उन्होंने कहा, "संसद सत्र को देखते हुए नई दिल्ली क्षेत्र में बीएनएस की धारा 163 लागू की गई है।

## दिल्ली-एनसीआर में लागू रहेंगी ग्रैप-4 की पाबंदियां

### 5 दिसंबर को हम एक्यूआई लेवल देखेंगे: सुप्रीम कोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-4 के** तहत लगी पाबंदियां जारी रहेंगी। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि 5 दिसंबर को हम एक्यूआई लेवल देखेंगे कि उसमें लगातार कमी आ रही है या नहीं। ग्रैप-4 में छूट देने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से दिए सुझाव पर सभी पक्षकारों की राय जानने के बाद कोर्ट उस दिन फैसला करेगा। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने एनसीआर के अंतर्गत आने राज्यों की ओर से निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को मुआवजा देने के आदेश पर अमल न करने पर नाराजगी जाहिर की। कोर्ट ने कहा कि 5 दिसंबर को सुनवाई में सभी एनसीआर के राज्यों के चीफ सेकेट्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सुनवाई के दौरान मौजूद रहें, तभी वो हमारे आदेश की गम्भीरता को समझेंगे। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने एनसीआर राज्यों से कहा था कि वो लेबर सेस के रूप में जमा पैसे का उपयोग श्रमिकों को जीविका प्रदान करने के लिए करें।

**सुप्रीम सख्ती**

▶▶ सभी एनसीआर के राज्यों के चीफ सेकेट्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सुनवाई के दौरान मौजूद रहें

## धनखड़ ने संसद में जारी हंगामे की तुलना मर्फी के नियम से की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: संसद** के शीतकालीन सत्र का एक और दिन हंगामे की भेंट चढ़ गया। राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने हंगामे पर निराशा जाहिर की और संसद में जारी हंगामे की तुलना मर्फी के नियम से की। मर्फी का नियम कहता है कि, जो कुछ भी गलत हो सकता है, वह गलत ही होगा। धनखड़ ने कहा कि एक एल्गोरिदम मौजूद है, जो सदन का संचालन नहीं होने दे रहा है।



**उपराष्ट्रपति ने विपक्ष पर साधा निशाना**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच कहा कि 'ऐसा लगता है कि इस प्रतिष्ठित सदन में मर्फी के नियमों को लागू करने के लिए एक एल्गोरिथ्म मौजूद है, जो जानबूझकर संसद नहीं चलने दे रही है और इससे संसद के कामकाज में बाधा उत्पन्न हो रही है। हम अपने संविधान में बताए गए प्रावधानों के बिल्कुल विपरीत काम कर रहे हैं।' उपराष्ट्रपति की यह टिप्पणी इस संदर्भ में आई है, जिसमें विपक्ष के सांसद नियम 267 के तहत स्थगन प्रस्ताव लाकर अदाणी मामले, मणिपुर हिंसा, संभल हिंसा और अजमेर शरीफ दरगाह विवाद पर चर्चा की मांग कर रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा ने की मुलाकात।

## आम आदमी पार्टी में शामिल हुए अवध ओझा

**नई दिल्ली: जाने-माने** एजुकेटर और मोटिवेशनल स्पीकर अवध ओझा आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए हैं। पार्टी मुख्यालय में उन्होंने अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की मौजूदगी में पार्टी सदस्यता ली। जानकारी तो यह भी है कि उनका टिकट भी फाइनल हो गया है। विधानसभा चुनाव में अवध ओझा चुनाव लड़ सकते हैं। आम आदमी पार्टी में शामिल होने पर अवध ओझा ने कहा कि मैं अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझे राजनीति में आकर शिक्षा के लिए काम करने का मौका दिया।

## सर्वदलीय बैठक के बाद संसद में गतिरोध खत्म

**सहमति**

▶▶ आपसे मिले प्यार के प्रति आभार जताने के लिए मैंने 'आई लव वायनाड' टीशर्ट पहनी है : राहुल गांधी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा और राज्यसभा में पिछले एक सप्ताह से जारी गतिरोध समाप्त होने जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष के साथ सोमवार को विभिन्न दलों के फ्लोर लीडर की बैठक हुई। बैठक में सहमति बनी कि मंगलवार से सदन को सुचारू रूप से चलाया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष के साथ बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री ने इसकी जानकारी दी और आशा व्यक्त की कि सभी दल मिलकर सदन को चलाने में मदद करेंगे। उन्होंने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सभी सांसदों को सदन में अपनी बात रखने का अवसर मिलना चाहिए। विपक्ष के नेता अपने हर विषय को अनुमति से सदन में रख सकते हैं। रिजिजू ने बताया कि आज की बैठक में संविधान पर चर्चा कराए जाने पर भी सहमति बनी है। लोकसभा में 13-14 दिसंबर यानि शुक्रवार और शनिवार को चर्चा कराई जायेगी। राज्यसभा में 16-17 दिसंबर को चर्चा कराई जाएगी।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा और राज्यसभा में पिछले कई दिनों से संभल में हुई हिंसा और अडाणी पर अमेरिका में जांच से जुड़े मुद्दों को लेकर गतिरोध जारी था। विपक्ष इन मुद्दों पर चर्चा कराए जाने की मांग कर रहा था। इसी बीच विपक्ष ने संविधान को अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ पर दोनों सदनों में संविधान पर विशेष चर्चा कराए जाने की मांग की थी।

### सभी दल मिलकर सदन को चलाने में मदद करेंगे

**लोकसभा** अध्यक्ष के साथ बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री ने इसकी जानकारी दी और आशा व्यक्त की कि सभी दल मिलकर सदन को चलाने में मदद करेंगे। बैठक में टीडीपी से लवु श्रीकृष्ण देवरायलु, कांग्रेस से गौरव गोगोई, द्रमुक से टीआर बालू, एनसीपी (शरदचंद्र) से सुप्रिया सुले, सपा से धर्मेंद्र यादव, जेडी (यू) से दिलेश्वर कामैत, राजद से अभय कुशवाहा, तृणमूल से कल्याण बनर्जी, शिवसेना (यूबीटी) से अरविंद सावंत मौजूद रहे।

## जूठे बर्तन साफ करेंगे सुखबीर बादल

**टीम एक्शन इंडिया**


**अमृतसर (पंजाब):** तनखाहिया घोषित किए गए अकाली दल के पूर्व अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल को श्री अकाल तख्त साहिब कुछ ही देर में धार्मिक सजा सुनाई गई है। पांच तख्तों के जत्थेदारों की बैठक श्री अकाल तख्त साहिब पर शुरू हो गई है। सुखबीर बादल बैठक में पहुंच चुके हैं। उन्होंने अपनी गलतियां कबूल कर ली हैं।

सुखबीर समेत 17 पूर्व अकाली मंत्रियों, एसजीपीसी कार्यकारिणी के पूर्व सदस्यों को भी धार्मिक सजा सुनाई जाएगी। सुखबीर बादल को जूठे बर्तन साफ करने की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा उन्हें श्री दरबार साहिब के बाहर बरछा लेकर बैठना होगा। उन्हें गले में तख्ती पहननी पड़ेगी। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल को श्री अकाल तक साहब की ओर से धार्मिक सजा सुनाई गई है।

## हिंद महासागर में चीन की गतिविधियों पर भारत की नजर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने सोमवार को स्पष्ट किया कि भारतीय नौसेना की हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में चीन की गतिविधियों पर कड़ी नजर है। हमने चीनी नौसेना इकाइयों सहित हिंद महासागर क्षेत्र में सक्रिय अतिरिक्त क्षेत्रीय बलों की गतिविधियों पर भी कड़ी नजर रखे हुए है। चाहे वे उनके युद्धपोत या अनुसंधान पोत हों। पैनी नजर रखने की वजह से ही हम जानते हैं कि कौन कहां और कैसे क्या कर रहा है। नौसेना प्रमुख ने कहा कि भारत अगले दो महीनों के भीतर भारतीय नौसेना के लिए 26 राफेल लड़ाकू विमानों और तीन अतिरिक्त भारत निर्मित स्कॉर्पीन पनडुब्बियों के सौदे को पूरा करेगा। नौसेना दिवस की वार्षिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आज एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि 29 अगस्त को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परमाणु ऊर्जा से चलने वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट को नौसेना के बेड़े में शामिल किया है, जो हमारे परमाणु त्रिकोण का तीसरा चरण है। उन्होंने कहा कि फ्रांस के साथ प्रस्तावित राफेल मरीन लड़ाकू विमान सौदे की बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है और अब इसे सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति के पास ले जाना बाकी है। चूंकि, यह सरकार से सरकार के बीच का सौदा है, इसलिए इसमें ज्यादा समय नहीं लगेगा। भारतीय नौसेना को अगले महीने तक राफेल-मरीन और तीन अतिरिक्त स्कॉर्पीन पनडुब्बियों के सौदे पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।



**भारत सतर्क**

▶▶ भारत अगले 2 महीनों के भीतर 26 राफेल लड़ाकू विमानों और 3 पनडुब्बियों का सौदा पूरा करेगा

## सीतारमण और रूपाणी महाराष्ट्र विधायक दल के पर्यवेक्षक नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव की निगरानी के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति को मंजूरी देने के साथ ही भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने महाराष्ट्र सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब सीतारमण और विजय रूपाणी की निगरानी में चार दिसंबर को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता का चुनाव होगा। भाजपा पहले ही घोषणा कर चुकी है कि नई सरकार 5 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आजाद मैदान में शाम 5 बजे शपथ लेगी। विधायक दल के नेता चुनाव के लिए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पंजाब के प्रभारी विजय रूपाणी तथा केंद्रीय वित्त एवं कारपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

**अनुदान राशि**

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा विधानसभा क्षेत्र में किया विभिन्न गांवों का दौरा

## गरीब लोगों को जल्द दिए जाएंगे 100-100 गज के एक लाख प्लॉट

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: हरियाणा** के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा विधानसभा क्षेत्र में धन्यवादी दौरे के दौरान बीड़ पिपली, खानपुर, बाबैन, मंगोली जाटान, छपरा और गोबिंदगढ़ में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गांव बीड़ पिपली की 12 मांगों को विभागों के माध्यम से पूरा करवाने और 20 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की। साथ ही, गांव खानपुर में 20 लाख रुपए, गांव छपरा को 20 लाख रुपये और गांव बाबैन में 30 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की।



मुख्यमंत्री ने बाबैन गांव की गलियों के निर्माण के लिए एस्टिमेट बनाने के भी निर्देश दिए और कहा कि गांव में राजकीय कॉलेज बनाने की मांग पर फिजिबिलिटी चैक करने के बाद निर्णय लिया जाएगा। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे गरीब जनता को पहुंचाने का काम किया और जिन लोगों ने कभी सपने में भी सरकारी नौकरी मिलने की सपना नहीं देखा था, उस सपने को हमारी सरकार ने पूरा करने का काम किया। राज्य सरकार ने योग्य युवाओं को बिना पर्ची-बिना खर्ची के सरकारी नौकरियों दी हैं। प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के चलते ही आज गरीबों के चेहरों पर खुशहाली देखने को मिली है।

**धन्यवादी दौरा**

▶▶ सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के कारण ही आज गरीबों के चेहरों पर नजर आ रही खुशहाली : नायब

**पंचायतों में विकास कार्यों के लिए उपलब्ध करवाया 900 करोड़ रुपये का बजट**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने हर क्षेत्र के विकास के लिए समान रूप से काम किया है। किसानों के हित में राज्य सरकार ने सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदने का निर्णय लिया है। सरकार ने हाल ही में पंचायतों में विकास कार्यों के लिए 900 करोड़ रुपए का बजट उपलब्ध करवाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडवा हल्का सहित प्रदेशभर में विकास कार्यों के लिए बजट की कमी नहीं आने दी जाएगी।

## 18 महीने में बनकर तैयार होगी ढली सब्जी मंडी: मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**चमन शर्मा**

**शिमला:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गत दिवस को शिमला में 13.25 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित ढली बस अड्डा जनता को समर्पित किया और इसका निरीक्षण भी किया। मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने सिर्फ चुनावी दृष्टि से बिना बजट के इस बस अड्डे का शिलान्यास किया था और ऐसा ही ठियोग बस अड्डे के लिए भी किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने बीते और इस वर्ष 5-5 करोड़ रुपये जारी कर 13 करोड़ रुपये की लागत से इसका निर्माण कार्य पूरा करवाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां 24 करोड़ रुपये की लागत से एचआरटीसी की एक आधुनिक वर्कशॉप भी बनाई जा रही है, जिसका कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने डबल ईंजन की सरकार के नाम पर प्रदेश की जनता को धोखा दिया। महज चुनाव जीतने के उद्देश्य से 5,000 करोड़ रुपये की रेवडियां बांटीं लेकिन प्रदेश की प्रबुद्ध जनता ने उन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया।



# मांगों को लेकर पैक्स कर्मचारियों ने दिया धरना, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** को-ऑपरेटिव बैंक के बाहर पैक्स कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर धरना दिया। जीएम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने जीएम पर शोषण के आरोप लगाए है। प्रदर्शनकारियों ने मांगे पूरी न होने पर बैंक पर ताला जड़ने की चेतावनी दी है। पैक्स कर्मचारी संघ के जिला प्रधान जसबीर सिंह ने बताया कि हम अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे है। 30 साल तक जॉब करने वाले कर्मचारियों का वेतन 60 से 65 हजार रुपए थी। लेकिन जीएम ने ऐसा फरमान निकाल दिया कि 32 से 34 हजार रुपए के बीच में ही वेतन मिलेगा। इसको लेकर हम हाईकोर्ट



भी गए, जिस पर स्टे लगा हुआ है, लेकिन जीएम को स्टे की भी परवाह नहीं है। सभी विधायकों के पास भी जाकर अपना हक मांगा गया है। सभी कर्मचारी रिटायर होने वाले है, किसी का एक साल पेंडिंग है तो किसी के तीन साल पेंडिंग है और ये लोग 32 हजार रुपए में कैसे गुजारा चलाएंगे। जसबीर ने कहा कि रिटायर्ड बैंक कर्मचारियों को पैक्सों के अंदर मैनेजर लगाया जा रहा है, जबकि ऐसा कोई रुल नहीं है। रुल यह है कि पैक्स से रिटायर्ड कर्मचारी ही प्रबंधक लग सकता है। 2006 के बाद जितने भी कर्मचारी पैक्स में भर्ती हुए है, उनको कर्मचारी मानने से इनकार किया जा रहा है। जीएम की तानाशाही से सभी परेशान है, जीएम किसी को कुछ भी नहीं समझता। अगर कोई इनको फोन करता है, तो अजीब से जवाब देते है।

पूर्व जिला प्रधान कुलदीप राणा ने मुख्य मांगों का जिक्र करते हुए कहा कि पैक्स कर्मचारियों का रोका हुआ वेतन तुरंत प्रभाव से रिलीज किया जाए। जीएम द्वारा वेतन घटाने के लेटर को वापस लिया जाए। बैंक से रिटायर्ड मैनेजर को हटाकर पैक्स के ही रिटायर्ड मैनेजरों को प्रबंधक लगाया जाए। राज्य प्रधान देवेंद्र ने कहा कि हम यहां पर धरने पर बैठे हुए है और जीएम यहां से छुट्टी लेकर चले गए है। जीएम जान बूझकर पैक्स कर्मचारियों को परेशान कर रहा है और यह सिर्फ करनाल जिला में ही हो रहा है। बाकी 21 जिलों में ऐसा कुछ नहीं है। छह महीने से जीएम आया है और तभी से परेशान कर रहा है।

## यमुना नहर में बाइक सहित डूबा युवक

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। पश्चिमी यमुना** नहर में युवक बाइक के साथ डूब गया। गोताखोर ने सर्च ऑपरेशन चलाकर बाइक बरामद कर ली, लेकिन युवक का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। एक्सीलेटर देते वक्त क्लच छूटने से हादसा हुआ है। गोताखोर कर्ण ने बताया कि 1 दिसंबर की शाम को कोई युवक बाइक के साथ पश्चिमी यमुना नहर पर मौजूद था।


**भारतीय रेल**

**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**
**(रेलवे बोर्ड)**

**No. 2024/Track-III/MC/3** **New Delhi, dated 02.12.2024**

विषयः अट्ठारह नग सेल्फ प्रोपेल्ड अल्ट्रासोनिक रेल टेस्टिंग कार "स्पर्ट कार" की आपूर्ति हेतु ई-ग्लोबल निविदा संख्या टी एम 2402

1. भारत के राष्ट्रपति की ओर से सेल्फ प्रोपेल्ड अल्ट्रासोनिक रेल टेस्टिंग कार "स्पर्ट कार" की खरीद के लिए इलेक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं।
2. इच्छुक निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे विवरण, निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने और अपनी इलेक्ट्रॉनिक बिड जमा करने के लिए वेबसाइट **http://ireps.gov.in** पर जाएं।

कार्यकारी निदेशक, ट्रैक (एँम एंड एमसी)
रेलवे बोर्ड

3710/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**नौएडा**
**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.)
Website: www.noidaauthorityonline.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबन्ध में समस्त विवरण व शर्ते नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक **website: www.noidaauthorityonline.in & https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधित एवं अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

**ए) फ्रेस-टेण्डर कार्यः-**

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रू० लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 09/वरि०प्र०(व.स.-4)/ई०नि०/2024-25 | आकस्मिक कार्य (ग्राम छजारसी के खसरा संख्या 200 को नौएडा की रिक्त भूमि को अतिक्रमण से बचाने हेतु तार फैसिंग का कार्य), नौएडा। | 2.82 |
| 2. | 31/उ०म०प्र०/वरि०प्र०(व.स.-3) 2024-25 | आकस्मिक कार्य के अन्तर्गत (वर्क सर्किल-3 के कार्य क्षेत्र में दो स्थानों के लिए अलाव एवं रैन बसेरा हेतु ईधन लकड़ी का कार्य), नौएडा | 13.22 |
| 3. | 32/उ०म०प्र/व०प्र० (व.स.-1)/2024-25 | आकस्मिक कार्य (वर्क सर्किल प्रथम के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाने का कार्य) नौएडा। | 12.31 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक 16.12.2024 सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 17.12.2024 को 11.00 बजे खोली जायेगी।

**बी) रि-टेण्डर कार्यः-**

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रू० लाख में) |
|---|---|---|---|
| 4. | 30/उ०म०प्र०/व०प्र० (व.स.-1)/2024-25 | सड़कों का अनुरक्षण कार्य (मास्टर प्लान रोड संख्या-1 पर शाहदरा ड्रेन, सैक्टर-16 एवं 17 की तरफ एल्यूमीनियम सीट लगाने एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य नौएडा। | 20.80 |
| 5. | 15/उ०म०प्र०/व०प्र० (व.स.-10) /ई०नि०/2024-25 | सैक्टर-150 के सामने नौएडा-ग्रेटर नौएडा एक्सप्रेस-वे के प्रवेश द्वार के पास गार्ड रूम एवं विद्युत पैनल रूम का निर्माण कार्य, नौएडा। | 13.99 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक 09.12.2024 सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 10.12.2024 को 11.00 बजे खोली जायेगी।

"महत्वपूर्ण सूचना-
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में शासन से स्वीकृत मास्टर प्लान एवं उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम, 1976 के विपरीत प्लॉटिंग या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह अवैध है। जनसामान्य को आगाह किया जाता है कि इस प्रकार की अवैध कॉलोनियों एवं अवैध निर्मित भवनों में भूखण्डों/अपार्टमेंट/दुकान/गोडाऊन/फार्महाउस की खरीद-फरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाईजर के लुभावने एवं भ्रामक विज्ञापनों से बचे। साथ ही नौएडा अधिसूचित क्षेत्र के हिण्डन एवं यमुना नदियों के डूब क्षेत्र **(Flood Plain Zone)** में अनधिकृत/अवैध प्लॉट एवं फार्म हाऊसों के कारोबार में संलिप्त भूमाफियाओं के चंगुल में न फंसे।"

उप महाप्रबन्धक (सिविल)
नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा



**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

संदर्भ (i) निविदा सूचना संख्या 63/2024-2025 दिनांक 10.10.2024 क्रमांक 09
(ii) निविदा संख्या 07240314 02.12.2024 को देय है।
उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, निविदा संख्या 07240314 खोलने की नियत तिथि 02.12.2024 से बढ़ाकर 27.12.2024 कर दी गई है, मात्रा 9638 से बढ़ाकर 16848 कर दी गई है और **बयाना राशि** को संशोधित कर **3,50,280/- रुपये से 6,12,340/-** कर दिया गया है।
अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3706/24



**उत्तर रेलवे**

**TENDER NOTICE**
**ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| | | | |
|---|---|---|---|
| एन आई टी | | | 13, 24, 25, 26-2024-25-डब्ल्यू-5 |
| 1. | काम का नाम (स्थान के साथ) | क्रमांक | |
| | | A | डीईई-आरई अनुभाग पर एडीईएन/डीईई के तहत एसएसई/डब्ल्यू/जीजीएन के अनुभाग में एलएचएस/आरयूबी (22 संख्या) को कवर करने का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |
| | | 24 | सीनियर डीईएन/वी/एनडीएलएस अनुभाग में टैंकरों के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति **समान कार्य की प्रकृति** : कोई भी कार्य। |
| | | 25 | दिल्ली-पलवल यार्ड-सीटीआर (एस)-एडीईएन/टीकेडी के अधीन एसएसई/पी.वे/एफडीबी और टीकेडी खंड में 12.523 टीकेएम **समान कार्य की प्रकृति** : सीटीआर/टीआरआर/टीएफआर/टीटीआर जिसमें ट्रैक को ऊपर उठाना, स्क्रीनिंग, ट्रैक को डी-स्ट्रेस करना, ट्रैक रखरखाव मशीन जैसे टैम्पिंग मशीन/बैलास्ट स्क्रीनिंग/रेगुलेटिंग मशीन और टी-28 द्वारा टीटीआर के लिए पूर्व और बाद के कार्य शामिल हैं। |
| | | 26 | दिल्ली-रेवाड़ी (यार्ड लाइन्स)-सीटीआर (एस)-एडीईएन/डीईई के अधीन एसएसई/पी.वे/जीजीएन और डीईई खंड में 31.607 टीकेएम **समान कार्य की प्रकृति** : सीटीआर/टीआरआर/टीएफआर/टीटीआर जिसमें ट्रैक को ऊपर उठाना, स्क्रीनिंग, ट्रैक को डी-स्ट्रेस करना, ट्रैक रखरखाव मशीन जैसे टैम्पिंग मशीन/बैलास्ट स्क्रीनिंग/रेगुलेटिंग मशीन और टी-28 द्वारा टीटीआर के लिए पूर्व और बाद के कार्य शामिल हैं। |
| 2. | काम की अनुमानित लागत (रूपये) | 13 | Rs. 93502477.51 |
| | | 24 | Rs. 6498658.40 |
| | | 25 | Rs. 41604868.44 |
| | | 26 | Rs. 88072669.77 |
| 3. | अग्रिम राशि (रूपये) | | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) नोटः- रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा. |
| | | 13 | Rs. 617500.00 |
| | | 24 | Rs. 130000.00 |
| | | 25 | Rs. 358000.00 |
| | | 26 | Rs. 590400.00 |
| 4. | काम की समाप्ति अवधि | 13 | 12 महीने |
| | | 24 | 06 महीने |
| | | 25 | 09 महीने |
| | | 26 | 10 महीने |
| 5. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | | 24.12.2024 को 15.00 बजे तक तथा 24.12.2024 को 15.00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6. | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

No. 128-W/280/OET/2023-24/W-V/13, 24, 25, 26 Dated: 29.11.2024 3703/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## संदिग्ध हालात में मिला व्यक्ति का शव

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। कस्बा घरौंडा** में व्यक्ति का शव संदिग्ध हालात में मिला है। मृतक के प्राइवेट पार्ट व पैर पर चोट के निशान है। परिजनों ने हत्या का शक जताया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। मृतक की पहचान गांव कोहंड निवासी 45 वर्षीय सतनाम के नाम से हुई है। वह ताले-चाबी बनाने का काम करता था। रविवार की शाम को वह घर से निकले थे, लेकिन रात को वह घर नहीं लौटा।

## हरियाणा पुलिस को मिले 376 जवान

**करनाल।** हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में दीक्षांत परेड समारोह में 50 महिला और 326 पुरुष सिपाहियों ने कर्तव्यनिष्ठा की शपथ ली। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक और एडीजीपी कृष्ण कुमार राव ने दीक्षांत परेड की सलामी ली।


**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई- निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र० सं० | निविदा सं० | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 07240466 | सर्किट बोर्ड पी बी 03 ए फॉर नोर | 56 नग | 23-12-24 |

निविदा शर्ते- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं० 77/2024-2025 दिनांक 02.12.2024 3709/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**भारतीय रेल**

**रेल मंत्रालय (उत्तर रेलवे)**
**(गति शक्ति इकाई)**
**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 25-11-2024**

का. आ. 2003(ई) रेलवे अधिनियम 1989 (1989 का 24) की धारा 2 के खंड (37ए) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार एतद द्वारा, सार्वजनिक प्रयोजन हेतु राष्ट्रीय अवसंरचना प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य के सहारनपुर जिले में 0.2086 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण हेतु एक विशेष रेलवे परियोजना के रूप में ईएलएस/एसआरई में अम्ब्रेला कार्य 2019-20 के अंतर्गत एक छोर से दूसरे छोर तक लोको की शंटिंग की सुविधा के लिए शेड बाईपास लाइन के प्रावधान को आधिकारिक राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से अधिसूचित करती है।

अमित गर्ग,
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/सी/आर.एस.पी.
3702/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

संदर्भ : i) निविदा सूचना क्रमांक 58/2024-2025 दिनांक 04/10/2024 क्रमांक 11
ii) निविदा संख्या 07243446 02/12/2024 को देय है।
उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, निविदा संख्या 07243446 खोलने की नियत तिथि 02/12/2024 से बढ़ाकर 27/12/2024 कर दी गई है, मात्रा 7838 से बढ़ाकर 14973 कर दी गई है और बयाना राशि को संशोधित कर 8,45,900/- रुपये से 16,15,930/- कर दिया गया है।
अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 3707/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **राम निवास पुत्रः** हरीराम, **पताः** मकान नं. 70/1/1 दूसरी मंजिल, गली नं. 12, पत्थर मार्किट, गाँव मंगोलपुरी, कलाँ, दिल्ली ने **FIR No. 60/2023, U/s 354 IPC & 10 POCSO ACT,** थानाः साउथ रोहिणी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राम निवास** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राम निवास** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 60/2023, U/s 354 IPC & 10 POCSO ACT,** थानाः साउथ रोहिणी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **राम निवास** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री जसजीत कोर**
**अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-04 (पोक्सो)**
**कमरा नं. 203, रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/15829/RD/2024**
**(Court Matter)**

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **कपिल पुत्रः विजय, पताः** मकान नं. 2153, धोबीवाड़ा, चाँदनी चौक, दिल्ली ने **FIR No. 951/2024, U/s 109(1)/3(5) BNS & 27 Arma Act** थानाः कोतवाली, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कपिल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कपिल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 951/2024, U/s 109(1)/3(5) BNS & 27 Arma Act** थानाः कोतवाली, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **कपिल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री सायेशा चड्डा**
**जेएमएफसी-08 (सैंट्रल), कमरा नं. 272**
**तीस हजारी कार्ट, दिल्ली**

**DP/15494/N/2024**
**(Court Matter)**

### अभियुक्ता की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **मुमताज** पत्नी मोहम्मद साकिर निवासी एए-28, मदर डेयरी के पास, न्यू जाफ़राबाद, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 491/2019 धारा 135 भारतीय विद्युत अधिनियम, थाना वेलकम, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मुमताज** मिल नहीं रही है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मुमताज** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 491/2019 धारा 135 भा.द.स., थाना वेलकम, दिल्ली के उक्त अभियुक्ता **मुमताज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **20.01.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः श्री आशीष रस्तोगी,**
**अतिरिक्त सत्र दण्डाधिकारी-05, (भारतीय विद्युत अधिनियम,)**
**कमरा नं. 21,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/15725/NE/2024

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **कालू उर्फ नन्हे, पुत्रः भूरा, निवासी मकान नंबर H-327, जेजे कॉलोनी सावदा, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 265/2017 दिनांक 30.06.2017 U/S 25/27/54/59 Arms ACT & 506 IPC** के तहत एक मामला **थाना कंझावला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **कालू उर्फ नन्हे** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **कालू उर्फ नन्हे** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **कालू उर्फ नन्हे** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**अपूर्व भारद्वाज**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी**
**उत्तर-पश्चिम जिला, कोर्ट न.113**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/15748/RD/2024**

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P. C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सूरज कुमार यादव पुत्र हरि किशन यादव,** निवासी नं. L-8A/I L ब्लॉक फेज-2, विजय विहार, दिल्ली। ने **FIR. No. 000374/2016 U/s 411 IPC.,** राशिद के अंतर्गत **थानाः मौर्या एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सूरज कुमार यादव** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सूरज कुमार यादव** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 000374/2016 U/s 411 IPC., थानाः मौर्या एन्क्लेव, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सूरज कुमार यादव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
वसुन्धरा छौंकर, **ACJM,** (NW)
1st फ्लोर कमरा नंबर 101, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/14882/NW/2024

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें। **फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राइवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें। **फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं सुमन पत्नी स्व० श्री अशोक कुमार निवासी गाँव रायपुर तहसील व जिला सोनीपत हरियाणा की निवासी हूँ मेरा लडका कपिल खत्री मेरे कहे-सुने से बाहर है। मैं अपने लडके कपिल खत्री को अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल करती हूँ। मेरा व मेरे परिवार के अन्य सभी सदस्यो का उससे कोई सम्बन्ध नही है । भविष्य मे मेरे लडके कपिल खत्री से सम्बन्ध रखने वाला और लेन-देन करने वाला अपने नुकसान का स्वयं जिम्मेवार होगा भविष्य मे मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति से हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।


# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# दिल्ली सरकार का वकीलों को तोहफा...

## 3220 नए वकीलों को मिलेगा 10 लाख का टर्म और 5 लाख रुपये का फैमिली हेल्थ इंश्योरेंस, सीएम ने दी मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए चीफ मिनिस्टर एडवोकेट वेलफेयर स्कीम के तहत 3220 नए वकीलों को 5 लाख रुपये के फैमिली हेल्थ इंश्योरेंस व 10 लाख रुपये का टर्म इंश्योरेंस देने का फैसला किया है। इस निर्णय को मुख्यमंत्री आतिशी से मंजूरी मिल गई है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार अपने चीफ मिनिस्टर एडवोकेट वेलफेयर स्कीम के तहत वर्तमान में 27,000 से ज्यादा वकीलों को 10 लाख का टर्म इंश्योरेंस और 5 लाख का मेडिकल इंश्योरेंस दे रही है। और अब ये संख्या बढ़कर लगभग 31,000 हो जाएगी। इस महत्वपूर्ण निर्णय पर मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को कहा कि दिल्ली सरकार ने हमेशा वकीलों की बेहतरी के लिए काम किया है और करती रहेगी। उन्होंने कहा कि भारत के वकीलों का प्रोफेशन सबसे महत्वपूर्ण है, वे संविधान को साक्षात रूप में उतारकर लोगों को न्याय दिलवाते हैं। चीफ मिनिस्टर एडवोकेट वेलफेयर स्कीम के तहत दिल्ली सरकार ने वकीलों को 10 लाख का टर्म इंश्योरेंस और 5 लाख का मेडिकल इंश्योरेंस दिया जाता है। उन्होंने साझा किया कि चीफ मिनिस्टर एडवोकेट वेलफेयर स्कीम में अबतक लगभग 27,000 से ज्यादा वकील एनरोल हुए और अब ये संख्या बढ़कर लगभग 31,000 हो जाएगी। उन्होंने कहा कि 2019 में दिल्ली सरकार ने वकीलों की बेहतरी के लिए चीफ मिनिस्टर एडवोकेट वेलफेयर स्कीम की शुरुआत की, और सालाना इसमें 50 करोड़ रुपये का फण्ड देती है। इसके तहत एनरोल सभी वकीलों को 10 लाख रुपये की टर्म इंश्योरेंस और अब 5 लाख तक का हेल्थ इंश्योरेंस मिलता है। इस स्कीम की शुरूआत हुई उसके तुरंत बाद कोरोना के दौरान ये स्कीम हमारे वकील साथियों के लिए बहुत मददगार साबित हुई।






**सौगात**

**27,000 से ज्यादा वकीलों को 10 लाख का टर्म इंश्योरेंस और 5 लाख का मेडिकल इंश्योरेंस दे रही है**

### मनी लांड्रिंग मामले में मनीष सिसोदिया की याचिका पर ईडी को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली आबकारी घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में दिल्ली सरकार के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने ईडी की चार्जशीट पर ट्रायल कोर्ट के संज्ञान लेने को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया है। जस्टिस मनोज कुमार ओहरी की बेंच ने मामले पर अगली सुनवाई 20 दिसंबर को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान सिसोदिया की ओर से वरिष्ठ वकील विक्रम चौधरी ने कहा कि मनीष सिसोदिया के खिलाफ अभियोजन चलाने की ईडी ने अनुमति नहीं ली थी। उसके बावजूद ट्रायल कोर्ट ने चार्जशीट पर संज्ञान लेकर गलती की है। चौधरी ने कहा कि सिसोदिया पर लगाए गए आरोप उनके उप मुख्यमंत्री रहने के दौरान के हैं, जब वे बतौर लोकसेवक अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे। इसके बावजूद ईडी ने सिसोदिया के खिलाफ दाखिल पूरक चार्जशीट में अभियोजन चलाने के लिए कोई अनुमति नहीं ली। याचिका में कहा गया है कि अपराध प्रक्रिया संहिता के तहत लोकसेवक के खिलाफ अभियोजन चलाने की अनुमति के बिना संज्ञान नहीं लिया जा सकता है। ऐसे में ट्रायल कोर्ट की ओर से चार्जशीट पर संज्ञान लेना कानून-सम्मत नहीं है, इसलिए उस आदेश को निरस्त करना चाहिए।

## दोहरे हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मिले केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को नारायणा हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने दिल्ली में बढ़ते आपराधिक मामले पर केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार दिल्ली में अपराध बढ़ाने का काम करती है। आआपा संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह वही जगह (नारायणा) है, जहां पर छह महीने पहले छोटे भाई की हत्या हुई थी और शनिवार शाम में बड़े भाई की भी हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि जब छोटे भाई की हत्या हुई, तब इनके परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी कि इन दबंगों से परिवार को खतरा है और पुलिस से सुरक्षा की मांग की गई लेकिन पुलिस ने न तो सुरक्षा मुहैया करवाई और न ही उन अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई की। आआपा संयोजक ने कहा कि यहां 5-7 लड़के हैं, जिन्होंने पूरे इलाके में गदर मचा रखा है, सभी को परेशान करते हैं लेकिन पुलिस कुछ नहीं करती है। केजरीवाल ने केंद्र सरकार से सवालिया लहजे में कहा कि ये कैसी कानून व्यवस्था है। पूरी दिल्ली के लोग असुरक्षित हो गए हैं। गृह मंत्री और भाजपा ने पूरी दिल्ली को गैंगस्टर के हवाले छोड़ दिया है। केजरीवाल ने कहा कि मैं सिर्फ केंद्र सरकार से यही कहना चाहता हूं कि दिल्ली पहले ऐसी नहीं थी।



**केंद्र को घेरा**

**केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार दिल्ली में अपराध बढ़ाने का काम करती है**



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए किसान।

## महिला पुलिसकर्मी को टक्कर मारने वाला कार चालक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सरोजिनी नगर थाने की टीम ने हिट एंड रन मामले में आरोपित कार चालक को गिरफ्तार किया है। वह बीते 18 नवंबर को सरोजिनी नगर डिपो के पास अफ्रीका एवेन्यू रोड पर ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिसकर्मी को टक्कर मारकर भागा था। आरोपित की गिरफ्तारी के साथ ही घटना में प्रयुक्त आई-20 कार को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 नवंबर को पालम गांव निवासिनी पुलिसकर्मी निरमा बाई के सड़क दुर्घटना में घायल होने की सूचना मिली। उन्हें एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था।

## आप सरकार ने विस को मजाक बना कर रख दिया: विजेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा को मजाक बनाकर रख दिया है। बिना तैयारी के सरकार ने विधानसभा का सत्र बुला लिया और उसमें किसी भी जनहित के मुद्दे पर चर्चा नहीं की गई। तीन दिन के सत्र की घोषणा के बावजूद 29 नवंबर को सत्र के पहले दिन कार्यवाही को चंद घंटों में ही समेट दिया गया और एक दिन चली कार्यवाही में सिर्फ केंद्र सरकार की आलोचना को ही कार्यवाही का हिस्सा बनाया गया। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि सरकार ने बुलेटिन जारी कर कहा था कि विधानसभा का यह अंतिम सत्र तीन दिन यानी 29 नवंबर, 1 दिसंबर और 2 दिसंबर तक चलेगा लेकिन अचानक 29 नवंबर की शाम 4 बजे ही सदन को स्थगित कर दिया गया। न तो प्रश्नकाल रखा गया, न ही अल्पकालिक चर्चा और ध्यानाकर्षण का प्रावधान किया गया। गुप्ता ने कहा कि सरकार ने संशोधित बजट अनुमान को गृह मंत्रालय से मंजूरी लेने के लिए गृह मंत्रालय को भेजा हुआ है, जिसके चलते ही दो दिसंबर को सत्र नहीं बुलाया गया। गुप्ता ने सवाल किया कि यदि सरकार को संशोधित बजट अनुमान मंजूर करवाना था तो इससे पहले ही गृह मंत्रालय को भेजा जाना चाहिए था लेकिन सरकार ने जानबूझकर ऐसा नहीं किया और बिना तैयारी के ही औपचारिकता पूरी करने के लिए सत्र बुला लिया गया विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि विपक्ष की मांग के बावजूद सरकार कैग की पेंडिंग 14 रिपोर्ट्स को सदन में प्रस्तुत नहीं कर रही है। जनता के पैसे को खर्च किये जाने का ब्यौरा सरकार सार्वजनिक नहीं करना चाहती है। सरकार के मुख्यमंत्री और मंत्री जनहित के मुद्दों पर चर्चा करवाने को तैयार नहीं होते हैं। सरकार अपनी तानाशाही से और मनमानी से सदन को चलाना चाहती है और लोगों की समस्याओं से सरकार को कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा विपक्ष सदन में केजरीवाल के शीश महल पर चर्चा करना चाहता है तो उसे मार्शलों द्वारा सदन से बाहर करवा दिया जाता है।



**आरोप**

**विपक्ष सदन में शीश महल पर चर्चा करना चाहता है तो उसे मार्शलों द्वारा सदन से बाहर करवा दिया जाता है**

## जठेड़ी गैंग के तीन शूटर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अवैध वसूली के लिए दिल्ली में कारोबारियों के आफिस पर फायरिंग करने वाले जठेड़ी गिरोह के तीन बदमाशों को द्वारका जिला पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स सेल ने गिरफ्तार किया है। इनमें रोहित लाठर, रितिक लाठर और जुगेश उर्फ योगी के पास से दो पिस्तौल, एक देसी पिस्तौल, 15 जिंदा कारतूस और एक बाइक बरामद की है। हालांकि इनकी गिरफ्तारी 26 नवंबर को हुई है लेकिन पुलिस ने खुलासा अब किया है। गिरफ्तार किए गए इन बदमाशों में शामिल रोहित लाठर इलेक्ट्रिकल इंजीनियर है और निजी कंपनी में नौकरी करता है। रोहित जठेड़ी गिरोह के शूटरों को पैसा, हथियार और आश्रय उपलब्ध कराता है जबकि रितिक लाठर कुश्ती खिलाड़ी है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि 25 नवम्बर को एंटी-नारकोटिक्स सेल के इंचार्ज इंस्पेक्टर सुभाष की टीम को जठेड़ी गिरोह के शूटर जुगेश उर्फ योगी के द्वारका नॉर्थ इलाके में आने की सूचना मिली।

**काबू किया**

**गिरफ्तार किए गए इन बदमाशों में शामिल रोहित लाठर इलेक्ट्रिकल इंजीनियर है**

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले को लेकर वीएचपी में उबाल, किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों, वहां के मंदिरों में हो रही तोड़ फोड़ और संतों की गिरफ्तारी के विरोध में आज दिल्ली के जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में साधु संत समाज, विभिन्न संप्रदाय और पंथ के गुरु और प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुए जिन्होंने एक स्वर में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं के विरुद्ध हो रहे हिंसा की कड़े शब्दों में निंदा की। लोगों ने हाथों में प्लेकार्ड थे। जिन्होंने हिंदुओं की पुकार, अब बंद करो अत्याचार, महिलाओं और बच्चों पर अत्याचार बंद करो बंद करो जैसे नारे लिखे हुए थे। सभी बांग्लादेश की मौजूदा अंतरिम सरकार पर जमात ए इस्लामी जैसे कट्टर इस्लामी संगठनों के सामने झुकने तथा उसे बढ़ावा देने का आरोप लगा रहे थे। इस अवसर पर विहिप दिल्ली के प्रांत अध्यक्ष कपिल खन्ना ने कहा कि बांग्लादेश की स्थिति चिंताजनक है। हिंदुओं में रोष है और वे अपने रोष को व्यक्त करने के लिए यहां उपस्थित हुए हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में आज हिंदुओं के ऊपर अत्याचार हो रहा है। लाखों की संख्या में हिन्दू विस्थापित हो गए हैं। हम सब देख रहे हैं कि हमारी बहन बेटियों के साथ में अत्याचार हो रहा है, दुराचार हो रहा है।




**प्रदर्शन**

**बांग्लादेश में कोई भी हिंदू हो, चाहे वो चिकित्सक हो, अधिवक्ता पत्रकारों के ऊपर भी अत्याचार हो रहा है**

**हिंदू पत्रकारों पर हो रहा अत्याचार**

कपिल खन्ना

कपिल खन्ना ने कहा कि बांग्लादेश में कोई भी हिंदू हो, चाहे वो चिकित्सक हो, चाहे अधिवक्ता। संत हो या आम हिंदू और अब तो हमने ये भी देखा की हिंदू पत्रकारों के ऊपर भी अत्याचार हो रहा है। एक पत्रकार बहन के ऊपर हमने देखा है किस तरीके से कल अत्याचार किया गया है। ये अत्यंत निंदनीय है।

विरोध प्रदर्शन में सम्मिलित हुए महंत नवल किशोर दास ने कहा, "हमारी बहन बेटियों के साथ अत्याचार हो रहा है, धार्मिक स्थलों को तोड़ा जा रहा है, और पूजनीय संतों को जेल में डाला जा रहा है। हिंदू समाज अब इस स्थिति को स्वीकार नहीं करेगा।

## मतदाताओं की अधिकतम संख्या बढ़ाए जाने को चुनौती

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या बढ़ाए जाने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने आयोग को तीन हफ्ते में हलफनामा दायर करने को कहा। मामले की अगली सुनवाई 27 जनवरी, 2025 को होगी। इंदु प्रकाश सिंह ने एक याचिका दायर कर में प्रत्येक मतदान केन्द्र (पोलिंग स्टेशन) पर अधिकतम मतदाताओं की संख्या 1200 से बढ़कर 1500 किए जाने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी है। याचिकाकर्ता ने निर्वाचन आयोग के अगस्त, 2024 में जारी दो निदेशों को चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि आयोग के फैसले के चलते मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की लम्बी लाइन लगेगी।

वोट डालने के लिए लंबा इंतजार मतदाताओं को मतदान के लिए हतोत्साहित करेगा। निर्वाचन आयोग को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देते हुए कहा कि हमारी चिंता इस बात को लेकर है कि वोटरों को परेशानी न हो।



## अमानतुल्लाह के खिलाफ चार्जशीट पर ईडी की याचिका



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली वक्फ बोर्ड की भर्ती से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान के खिलाफ ईडी की चार्जशीट पर ट्रायल कोर्ट के संज्ञान लेने से इनकार करने पर ईडी ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। इस मामले पर सुनवाई करते हुए जस्टिस मनोज कुमार ओहरी की बेंच ने ईडी को निर्देश दिया कि वो ट्रायल कोर्ट के आदेश की प्रति दाखिल करें। मामले की अगली सुनवाई 13 जनवरी 2025 को होगी। ईडी की ओर से पेश वकील जोहेब हुसैन ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान एजेंसी से यह नहीं पूछा था कि चार्जशीट पर संज्ञान लेने के लिए अनुमति लेना जरूरी है या नहीं। दरअसल, 14 नवंबर को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने अमानतुल्लाह खान के खिलाफ ईडी की ओर से दायर पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था। स्पेशल जज जीतेंद्र सिंह ने अमानतुल्लाह खान को एक लाख रुपये के मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया था। ईडी ने इसी फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कहा कि अमानतुल्लाह खान के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य हैं, लेकिन आरोपित के खिलाफ अभियोजन चलाने के लिए अनुमति नहीं ली गई है। ऐसे में ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान नहीं लिया जा सकता है। कोर्ट ने पूरक चार्जशीट की दूसरी आरोपित मरियम सिद्दीकी को बरी कर दिया।

**याचिका दायर**

**जस्टिस ओहरी की बेंच ने ईडी को निर्देश दिया कि वो ट्रायल कोर्ट के आदेश की प्रति दाखिल करे**

# प्रदूषण बरकार... ठंड का बढ़ा इंतजार, एक्यूआई अभी भी 300 पार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर में बदलते मौसम के साथ प्रदूषण का स्तर भी अपना रंग दिखा रहा है। दिसंबर का महीना शुरू हो चुका है। लेकिन सर्दी का पूरा एहसास नहीं हो रहा है। सुबह और शाम को ठंड होती है और दिन में हल्की ठंड के साथ गर्मी का असर रहता है। मौसमी बदलाव के कारण हवा बेहद खराब से निकलकर खराब श्रेणी में पहुंच गई है। लंबे समय से एक्यूआई खराब श्रेणी में है। धुंध से ट्रेनों की रफ्तार पर भी असर पड़ रहा है। वहीं इंडिया गेट पर लोग मॉर्निंग वॉक पर भी निकले। जिन्हें वायु प्रदूषण से परेशानी का सामना करना पड़ा।

**खराब श्रेणी में पहुंची हवा**

सोमवार सुबह सात बजे आनंद विहार इलाके में एक्यूआई 303, द्वारका सेक्टर आठ में 305, जहांगीरपुरी में 312 दर्ज हुआ है। हालांकि, यह राहत मंगलवार तक ही रहने का अनुमान है। उसके बाद फिर हवाएं बेहद खराब हो सकती हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक रविवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 285 दर्ज किया गया। यह खराब श्रेणी में है। इसमें 24 घंटे के भीतर 61 सूचकांक की गिरावट आई है। ऐसे में स्मॉग की चादर टूट गई।

**बृहस्पतिवार से आएगी तापमान में गिरावट**

मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि सोमवार को कुछ स्थानों पर सुबह स्मॉग, हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा व धुंध रहने की संभावना है।

शाम व रात में स्मॉग-धुंध का अनुमान है। आगामी पांच दिसंबर तक अधिकतम तापमान 26-27 डिग्री के बीच बना रहेगा। राजधानी में सोमवार से सुबह-शाम धुंध के साथ स्मॉग छाए रहेगा। इससे धूप भी कम निकलेगी। इसका असर तापमान में देखने को मिलेगा।



**दमघोंटू**

**शाम व रात में स्मॉग-धुंध है। पांच दिसंबर तक अधिकतम तापमान 26-27 डिग्री के बीच बना रहेगा**

### कई इलाकों में अब भी आबोहवा बेहद खराब

राजधानी में सोमवार को भी हवा खराब श्रेणी में बरकरार रही। ऐसे में लोगों को प्रदूषण से थोड़ी राहत मिली है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार यह स्थिति बृहस्पतिवार तक रहने के संकेत है। सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 280 रहा, जोकि खराब श्रेणी में है। यह बीते 24 घंटे के मुकाबले पांच सूचकांक की कमी दर्ज की गई है। अधिकतर इलाकों में एक्यूआई 200 के पार रिकॉर्ड किया गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यहां पहुंचने वाली हवाओं की गति स्थिर नहीं होने की वजह से प्रदूषक फैल नहीं रहे हैं। इससे वायु गुणवत्ता खराब है। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, शादीपुर, नेहरू नगर व आनंद विहार समेत 12 इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। जबकि अशोक विहार, आया नगर समेत 21 इलाकों में खराब श्रेणी में हवा रही। इस दौरान हवा उत्तर-पश्चिम दिशा से चली। ऐसे में हवा की चाल 6 किलोमीटर प्रतिघंटे रही। सीपीसीबी के मुताबिक मंगलवार को हवा उत्तर-पश्चिम दिशा से चल सकती है। हवा की गति आठ किलोमीटर प्रतिघंटे रह सकती है। वहीं, बुधवार को भी हवा उत्तर-पश्चिम दिशा के साथ 12-16 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति रहेगी। साथ ही, बृहस्पतिवार को हवा उत्तर-पश्चिम से चलेगी। आईआईटीएम के आंकड़ों के अनुसार मिक्सिंग, डेप्थ का स्तर 1120 मीटर रही।

# विपक्ष की सरकारों ने हमेशा गरीबों का शोषण किया: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा विधानसभा क्षेत्र में धन्यवादी दौरे के दौरान बीड़ पिपली, खानपुर, बाबैन, मंगोली जाटान, छपरा और गोबिंदगढ़ में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गांव बीड़ पिपली की 12 मांगों को विभागों के माध्यम से पूरा करवाने और 20 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की। साथ ही, गांव खानपुर में 20 लाख रुपए, गांव छपरा को 20 लाख रुपये और गांव बाबैन में 30 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की।



मुख्यमंत्री ने बाबैन गांव की गलियों के निर्माण के लिए एस्टिमेट बनाने के भी निर्देश दिए और कहा कि गांव में राजकीय कॉलेज बनाने की मांग पर फिजिबिलिटी चैक करने के बाद निर्णय लिया जाएगा। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे गरीब जनता को पहुंचाने का काम किया और जिन लोगों ने कभी सपने में भी सरकारी नौकरी मिलने की सपना नहीं देखा था, उस सपने को हमारी सरकार ने पूरा करने का काम किया। राज्य सरकार ने योग्य युवाओं को बिना पर्ची-बिना खर्ची के सरकारी नौकरियों दी हैं। प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के चलते ही आज गरीबों के चेहरों पर खुशहाली देखने को मिली है।

**पंचायतों में विकास कार्यों के लिए उपलब्ध करवाया 900 करोड़ रुपये का बजट**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने हर क्षेत्र के विकास के लिए समान रूप से काम किया है। किसानों के हित में राज्य सरकार ने सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदने का निर्णय लिया है। सरकार ने हाल ही में पंचायतों में विकास कार्यों के लिए 900 करोड़ रुपए का बजट उपलब्ध करवाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडवा हल्का सहित प्रदेशभर में विकास कार्यों के लिए बजट की कमी नहीं आने दी जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि क्षेत्र में सड़कों के सुधारीकरण को प्राथमिकता दी जाए और जहां मरम्मत की जरूरत है, वहां जल्द से जल्द रिपेयर का कार्य किया जाए। वहीं, जरुरत के अनुसार नई सड़कों का भी निर्माण किया जाए, ताकि लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सके।

**उपलब्धि**

**कल्याणकारी योजनाओं के कारण ही आज गरीबों के चेहरों पर नजर आ रही खुशहाली: नायब सिंह**

**गरीब लोगों को जल्द दिए जाएंगे 100-100 गज के एक लाख प्लॉट**

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब लोगों के सिर पर छत मुहैया करवाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत प्रदेश सरकार शीघ्र ही प्रथम चरण में 100-100 गज के एक लाख प्लॉट उपलब्ध करवाएगी और इन प्लॉटों पर मकान बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वित्तीय सहायता भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्येय है कि प्रदेश में हर गरीब व्यक्ति को रहने के लिए आशियाना मिले। इससे पहले भी, राज्य सरकार द्वारा 14 शहरों में 30-30 गज के 15,230 प्लॉट उपलब्ध करवाए जा चुके हैं।

उन्होंने लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लाडवा हल्का के नागरिकों के आशीर्वाद से प्रदेश की जनता ने उन्हें जनसेवा करने का अवसर प्रदान किया है। प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है और अब तीन गुणा गति के साथ विकास कार्य पूरे किए जाएंगे।उन्होंने कहा कि सरकार ने शपथ लेने से पहले ही 25 हजार युवाओं को बिना पर्ची-बिना खर्ची के सरकारी नौकरियां दी और इस निर्णय से हजारों गरीब परिवारों में खुशियां देखने को मिली। इसके साथ ही बीपीएल परिवारों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने का काम किया और किडनी रोगियों को मुफ्त डायलिसिस की सुविधा देने के साथ-साथ 70 साल से ज्यादा आयु वर्ग के बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के तहत इलाज की सुविधा प्रदान की है।

**विपक्ष की सरकारों ने गरीबों का किया शोषण**

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज विपक्षी दलों का भ्रम अब टूट चुका है और कांग्रेस नेता राहुल गांधी,जो संविधान खतरे में होने की बात कर रहे थे, उन्हें भी अब लोगों ने स्पष्ट करवा दिया है कि खतरे की बात करने वाले दल आज खुद खतरे में हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष की सरकारों ने हमेशा गरीबों का शोषण करने का काम किया।

## धर्मशाला के कांगड़ा नृत्यों ने महोत्सव में मचाई धूम

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: संगीतांजलि** कला केंद्र धर्मशाला के कलाकार अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव कुरुक्षेत्र में झमाकड़ा, कांगड़ी गिद्दा एवं नाटी की बेहतरीन प्रस्तुति देकर खूब वाहवाही लूट रहे हैं। इस महोत्सव में 28 नवंबर से 15 दिसंबर तक चलने वाले गीता महोत्सव में संगीतांजलि के कलाकारों को छठे दिन अपनी प्रस्तुति देने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने किया, जिनका स्वागत नाटी डालकर संगीतांजलि के कलाकारों द्वारा किया गया। केंद्र के प्रबंध निदेशक डॉ जनमेजय गुलेरिया ने बताया कि उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के सौजन्य से उन्हें अपनी प्रस्तुति देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। महोत्सव में झमाकड़ा व कांगड़ी लोक नृत्यों की प्रस्तुतियों को खूब सराहना मिल रही है। सुप्रसिद्ध साहित्यकार प्रो चंद्र रेखा डढवाल व कांगड़ा के अन्य महानुभावों ने डॉ जनमेजय गुलेरिया को कांगड़ा की लोक संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने तथा कांगड़ा क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए विशेष रूप से बधाई व शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि कलाकारों में कोमल, अनिता, रितिका, अंकिता, रिशु, मिलन, तनवी, तनिका, निधिका, रजत, सूरज तथा हर्ष इत्यादि नृत्य निर्देशिका शिवानी के नेतृत्व में अति सराहनीय प्रस्तुतियों से कुरुक्षेत्र के दर्शकों का मन मोह रहे हैं। झमाकड़ा, कांगड़ी गिद्दा व नाटी तीनों नृत्य कुरुक्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मनमोहक प्रस्तुतियों को देखते हुए कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड ने ब्रह्मसरोवर में सायं कालीन आरती में कलाकारों को विशेष रूप से आमंत्रित कर अंगवस्त्र भेंट किए।

## न्यूज फ्लैश

### ओपन एयर थिएटर व ऑडिटोरियम बनने से ट्विन सिटी के लोगों को होगा लाभ: श्याम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर**: हरियाणा प्रदेश के कृषि, मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री ने सोमवार को नगर निगम की ओर से सेक्टर 17 में 52.87 करोड़ रुपए से ओपन एयर थिएटर व ऑडिटोरियम के भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर पूर्व कृषि मंत्री कंवर पाल, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि नगर निगम द्वारा ओपन एयर थिएटर व ऑडिटोरियम के लिए सेक्टर-17 में करीब 5.45 एकड़ जगह चिन्हित की गई है। इसका निर्माण दिव्य नगर योजना के तहत होगा। निर्माण शुरू होने से 18 माह के भीतर इसका निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। इसका डिजाइन कुरुक्षेत्र के आर्किटेक्ट से तैयार कराया गया है। ओपन एयर थिएटर में 300 कार पार्किंग की सुविधा भी होगी। ओपन एयर थिएटर में खुले आसमान के नीचे मंच व उसके सामने 500 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। मंच के साथ कलाकारों के मेकअप व अन्य रूम होंगे। ओपन एयर थिएटर के पीछे एक हजार लोगों की बैठने की क्षमता होगी। जहां इंडोर कार्यक्रमों के लिए स्टेज व सामने एक हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। साथ ही वीआईपी, कांफ्रेंस व अन्य रूम भी होंगे। इसके अलावा ओपन एयर थिएटर व ऑडिटोरियम में ग्रीनरी सहित सीसीटीवी कैमरे होंगे। इंडोर कार्यक्रमों के लिए हॉल व सभी कमरे वातानुकूल होंगे। उन्होंने बताया कि ओपन एयर थियेटर व ऑडिटोरियम न होने से अभी जिले में मंडियों व स्टेडियमों के अलावा खुले में, शिक्षण संस्थानों, धर्मशालाओं, निजी पैलेसों व होटलों में कार्यक्रम होते हैं। ऐसे में सरकारी स्तर पर ओपन एयर थिएटर व ऑडिटोरियम बनने से निर्धारित शुल्क पर सामाजिक सांस्कृतिक, धार्मिक व राजनीतिक कार्यक्रम हो सकेंगे। ऑडिटोरियम बनने से शहर का काफी लाभ होगा।

### एमएसपी किसानों का अधिकार, कानूनी गारंटी दे बीजेपी सरकार: हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़**: पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि एमएसपी की गारंटी किसानों का अधिकार है। किसान आंदोलन को खत्म करवाते हुए केंद्र सरकार ने खुद इसका वादा किया था। अब उसे अपने वादे के मुताबिक प्रत्येक फसल पर एमएसपी की कानूनी गारंटी देनी चाहिए। दिल्ली कूच करने वाले किसानों की मांगों पर बीजेपी सरकार को विचार करना चाहिए। कांग्रेस ने भी बार-बार यह मांग सरकार के सामने उठाई है और पार्टी के चुनावी घोषणापत्र में भी इसका जिक्र किया गया था। हुड्डा अपने आवास पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उनके साथ कांग्रेस सांसद जयप्रकाश जेपी और सतपाल ब्रह्मचारी भी मौजूद रहे। इस मौके पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा में भी किसानों के मुद्दे उठाए थे। सभी ने देखा कि चुनाव के बाद बीजेपी अपने ही वादे से मुकर गई। उसने ना किसानों को 3100रु के रेट पर धान खरीदी और ना ही एमएसपी पर खरीद की गई। जबकि बीजेपी दावा करती है कि वह हरियाणा में 24 फसलों पर एमएसपी दे रही है।

### गीता महोत्सव का आकर्षण बना धोरों की धरती राजस्थान की लोक कला सपेरों का बीन बाजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़**: हरियाणा के थानेसर (कुरुक्षेत्र) में स्थित ब्रह्मसरोवर पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 मनाया जा रहा है। ब्रह्म सरोवर दिल्ली से 159 किलोमीटर व क्षत्रिय रेलवे स्टेशन से 3.5 किलोमीटर की दूरी पर है। गीता महोत्सव की शुरूआत सन 1989 से हुई व सन 2016 से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है। यह पर्व मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। लेकिन महोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कई दिन पहले से शुरू हो जाता है। बीन-बाजा पार्टी के सरदार (संयोजक) ने बताया कि बीन बजाकर सपेरों के खेल दिखाना सपेरों का मुख्य पेशा था। लेकिन वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 व 2023 के बाद सांपों का पकड़ना अवैध कर दिया गया। जिनके चलते ये अपने पारंपरिक कला के पेशे से वंचित हो गए व आर्थिक दशा भी ठीक नहीं है। इसलिए अपनी जीविका के लिए शादी-विवाहों व अन्य उत्सवों पर बीन बजाकर अपना पेशा चला रहे है। लेकिन आधुनिक युग की चकाचौंध व डीजे जैसे वाद्य मशीनरी के आगे बीन बजाना भी फीका पड़ गया है। यह पारम्परिक कला लुप्त होने की कगार पर है इसलिए इसके विकास के लिए सरकार और समाज दोनों का योगदान आवश्यक है।

## छह जिलों में चलेगा पोलियो उप-राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़**: हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के मातृ एवं शिशु (एमसीएच) स्वास्थ्य निदेशक डॉ. वीरेंद्र यादव ने कहा कि पोलियो उप-राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस (एसएनआईडी) 8 दिसंबर 2024 को देश के चयनित भागों में आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम हरियाणा के 6 जिलों यानी कैथल, झज्जर, गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत और नूंह में भी मनाया जाएगा। यह बात सोमवार को उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हरियाणा सेक्टर -2, पंचकूला में आयोजित राज्य टॉस्क फोर्स की समीक्षा बैठक के दौरान कही। डॉ. वीरेंद्र यादव ने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि लगातार कड़ी मेहनत के कारण देश और हरियाणा 2011 से पोलियो मुक्त बने हुए हैं, लेकिन यह उल्लेख करना उचित है कि अफ्रीका के 2 देशों मलावी और मोजाम्बिक ने पोलियो मुक्त होने के 10 से अधिक वर्षों के बाद पाकिस्तान से जुड़े पोलियो वायरस की सूचना दी है, इसलिए 8 दिसंबर 2024 को आगामी एसएनआईडी दौर में सभी पात्र 0-5 वर्ष के लाभार्थियों को कवर करना महत्वपूर्ण है।

## बगैर अनुमति दिल्ली कूच नहीं करेंगे किसान

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़**: हरियाणा और पंजाब के किसान प्रशासन से अनुमति लेकर ही दिल्ली कूच करेंगे। अंबाला में पुलिस के साथ मीटिंग में यह सहमति बनी है। मीटिंग के बाद किसान नेता सरवन पंधेर ने यह जानकारी दी। शंभू और खनौरी बॉर्डर से पंजाब के किसान 6 दिसंबर को पैदल दिल्ली कूच करेंगे। इसको लेकर हरियाणा सरकार अलर्ट है। इसी संबंध में अंबाला पुलिस अधीक्षक के न्यौते पर सोमवार को अंबाला में किसानों और पुलिस के बीच बैठक हुई। करीब 2 घंटे तक चली इस बैठक में किसान नेता सरवन पंधेर ने अधिकारियों के सामने किसानों का पक्ष रखा।



बैठक खत्म होने के बाद पंधेर ने बताया की प्रशासन से अनुमति मिलने के बाद ही किसान दिल्ली की और रवाना होंगे। उन्होंने कहा कि किसान दिल्ली की ओर जत्थों में शांतिपूर्वक जाएंगे। कहीं पर भी रोड अवरुद्ध नहीं होगा। रात भी जहां बिताएंगे, वहां भी रोड अवरुद्ध नहीं होगा। उन्होंने यह भी बताया की पानीपत में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम है, लेकिन किसान वहां नहीं जाएंगे। किसान सिर्फ दिल्ली की ओर ही बढ़ेंगे।इसके साथ ही पंधेर ने कहा कि यदि हमारी बात दिल्ली और हरियाणा सरकार तक सही ढंग से पहुंच जाती है तो हमें ट्रैक्टर के साथ भी आगे बढ़ने की अनुमति मिल सकती है, ऐसा मेरा अनुमान है।पंधेर ने मीडिया को बताया कि अभी हम शंभू बॉर्डर पर ही रहेंगे। यदि आगे हमें दिल्ली में राम लीला मैदान या जंतर मंतर पर जगह मिल जाती है तो हम वहां की ओर ही रवाना होंगे। इसके बाद ही हम शंभू बॉर्डर का मोर्चा वहां बदलेंगे । हमने अपनी पूरी बात, पूरा शेड्यूल पुलिस को बता दिया है। अब मंगलवार को सरकार के साथ मीटिंग होगी। उसके बाद ही कुछ चीजें निकल कर आ पाएंगी। साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली में हमें जहां भी जगह मिलेगी हम वहां मोर्चा लगाएंगे।

## जनसमस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करें अधिकारी: आरती

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़**: हरियाणा की स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान व आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व सुविधाओं का समयबद्ध लाभ देना व उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना सुनिश्चित करें, ताकि सरकार की सुशासन की नीति का लाभ आमजन तक सुविधाजनक तरीके से पहुंच सके। यह निर्देश स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने सोमवार को पलवल में जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करने के दौरान दिए। इस बैठक के एजेंडा में कुल 12 परिवाद शामिल किए गए, जिनमें से 8 शिकायतों का निपटारा कर दिया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने गांव सुलतानपुर निवासी राजेंद्र द्वारा गांव में दूषित पानी की निकासी न होने और उनके खेत में जाने वाले रास्ते को बंद करने संबंधी शिकायत की सुनवाई करते हुए जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को एक जनवरी तक दूषित पानी की निकासी के लिए नाले के निर्माण कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा खेत के रास्ते को भी खुलवाने और अगली बैठक में संबंधित अधिकारी द्वारा सकारात्मक रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता साकिर द्वारा दी गई शिकायत पर स्वास्थ्य मंत्री ने गांव मीठाका में आंगनबाड़ी भवन के अधूरे निर्माण कार्य को पंचायती राज विभाग के कार्यकारी अभियंता द्वारा 28 फरवरी तक पूरा करवाने के आदेश दिए।

## अनोखी कारीगरी से सजा ब्रह्मसरोवर का पावन तट

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़**: अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 में 28 नवंबर से 15 दिसंबर तक लगे सरस और शिल्प मेले में विभिन्न राज्यों से पहुंचे शिल्पकारों की हाथों की अनोखी कारीगरी से ब्रह्मसरोवर का पावन तट सज चुका है। इस महोत्सव के सरस और शिल्प मेले में इन शिल्पकारों की हाथ की कला को देखकर महोत्सव में आने वाला प्रत्येक पर्यटक आश्चर्यचकित हो रहा है। असम से आए शिल्पकार ने बताया कि वे अपने साथ बांस से बनी सुंदर-सुंदर घर की सज्जा सजावट का सामान अपने साथ लेकर आए है।

## विज को फिर मिला पसंद के आईएएस खेमका का साथ



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़**: हरियाणा सरकार द्वारा रविवार देर रात किए गए 44आई ए एस अफसरों के तबादले में परिवहन मंत्री अनिल विज को अपनी पसंद के आई ए एस अफसर अशोक खेमका का साथ मिल गया है। खेमका को परिवहन विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है।खेमका नियम और नैतिकता की पालना में हमेशा राजनीतिक नेतृत्व और सहयोगी अधिकारियों से भी टकराते रहे है।खेमका के इस रुख के चलते करीब पांच दर्जन तबादले अब तक हो चुके है। लेकिन ईमानदारी और कर्मठता के लिए लोकप्रिय नेता अनिल विज के साथ अशोक खेमका का खासा तालमेल है।ईमानदार नेता और ईमानदार अफसर की यह जोड़ी हरियाणा और बाहर के प्रदेशों में भी पहचान बना चुकी है।अशोक खेमका तब खास चर्चा में आए थे जब उन्होंने वर्ष 2012 में रियल एस्टेट कंपनी डी एल एफ और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी के बीच जमीन सौदा रद्द कर दिया था।इस कार्रवाई के कारण तत्कालीन भूपेंद्र सिंह हुड्डा सरकार ने खेमका को दो आरोप पत्र दिए थे।वर्ष 2014 में हरियाणा में भाजपा सरकार बनने पर पहली मनोहर सरकार में भी खेमका को परिवहन विभाग में नियुक्त किया गया था। तब ओवरलोड ट्रकों पर कार्रवाई करने पर ट्रक ऑपरेटर खेमका के विरोध में खड़े हो गए थे।इस कारण सरकार ने खेमका को परिवहन विभाग से हटा दिया था। खेमका को अनिल विज ने भरपूर समर्थन दिया।खेमका की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में अनिल विज ने दस अंक दिए थे लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक अंक कम कर दिया था।

## बिजली कर्मचारियों का धरना जारी, अधिकारी कर रहे अनदेखी

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल: ऑल** हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन कैथल यूनिट के सदस्यों की यही मांग है कि सरकार ने जिन बिजली कर्मचारियों को फील्ड के लिए रखा है। कुछ अधिकारियों ने उन कर्मचारियों की ड्यूटी दफ्तर में लगा दी है। दफ्तर में बैठकर यह कर्मचारी ने केवल इन अधिकारियों की दलाली का काम करते हैं, अपित यू फील्ड में काम करने वाले दूसरे कर्मचारियों को भी परेशान करते हैं। इसके विरोध में लगभग सप्ताह भर से वर्कर यूनियन के बैनर तले फील्ड स्टाफ के कर्मचारी पेहवा चौक के विद्युत भवन पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। सोमवार को भी छठे दिन विरोध में कर्मचारियों ने विद्युत भवन पर प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। सोमवार को प्रदर्शन और गेट मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए सिटी 2 के जेई संदीप ने कहा कि जिन कर्मचारियों के ऑर्डर फील्ड में हुए है। उनको ऑर्डर नोट करवाए जाएं और अगर नोट नहीं करते तो उनकी चार्जशीट बनाई जाए। जो भी अधिकारी इनकी ऑफिस में बैठे हुए की हाजरी भेजते हैं तो उनकी भी चार्जशीट बनाई जाए।अगर समय रहते इन ऑर्डरों को लागू नहीं किया गया तो यूनियन आने वाले समय में आंदोलन को और ज्यादा तेज किया जाएगा। यूनियन के कैथल यूनिट प्रधान अमनदीप बनवाला ने बताया कि कैथल सर्कल में फील्ड के 65 कर्मचारियों की ड्यूटी अधिकारियों ने दफ्तर में लगाई हुई है। जो उनके लिए बिचौलिए का काम करते हैं। इन कर्मचारियों में एएलएम, लाइनमैन और फोरमैन शामिल हैं।

## कला के संगम के बीच कलाकारों ने दी शानदार नृत्यों की प्रस्तुति

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: अंतर्राष्ट्रीय** गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर जहां एक ओर शिल्पकारों की अनोखी शिल्पकला को देखकर पर्यटक आश्चर्यचकित हो रहे है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न राज्यों के नृत्यों के लम्हों को पर्यटक अपने मोबाइल में कैद करते हुए नजर आ रहे है। इन शिल्पकारों ने महोत्सव में पहुंचकर ब्रह्मसरोवर के पावन तट की फिजा को बदलने का काम किया है। महोत्सव में पहुंचने वाला हर पर्यटक इस महोत्सव के इन यादगार लम्हों को जी रहा है। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति को दिखाने का प्रयास किया जा रहा है। इन कलाकारों द्वारा अपने-अपने राज्यों की लोक संस्कृति को अपने-अपने राज्यों की वेशभूषा में दिखाने का काम किया जा रहा है। इतना ही नहीं इन कलाकारों के साथ ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर पर्यटक नृत्य करते हुए नजर आ रहे है। विभिन्न राज्यों की कला के संगम के बीच कलाकार अपने-अपने राज्य की कला का बखूबी बखान कर रहा है। कलाकारों का कहना है कि आज के आधुनिक जमाने में भी उन्होंने अपनी कला को जिंदा रखा है, अपनी कला को विदेशों तक पहुंचा रहे है। विदेशों की धरती पर भी उनकी कला ने उनका नाम रोशन किया है। महोत्सव में कलाकारों द्वारा उत्तराखंड के छपेली, पंजाब के गतका, हिमाचल प्रदेश के गद्दी नाटी, राजस्थान के बहरुपिए, पंजाब के बाजीगर, राजस्थान के लहंगा/मंगनीयार व दिल्ली के भवई नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी जा रही है।यह कलाकार अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर 15 दिसंबर तक लोगों को अपने-अपने प्रदेशों की लोक कला के साथ जोड़ने का प्रयास करेंगे।

## बिजली प्रणाली के निजीकरण के खिलाफ छह को हल्लाबोल की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़**: बिजली निजीकरण के फैसले के खिलाफ देशभर के बिजली कर्मचारी और इंजीनियर लामबंद हो गए हैं। नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी आफ इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज एंड इंजीनियर (एनसीसीओईई) ने चंडीगढ़ पावर डिपार्टमेंट व उप्र सरकार के वाराणसी व आगरा डिस्कॉम को निजी हाथों में सौंपने के खिलाफ 6 दिसंबर को देशभर में विरोध प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईईएफआई ) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं एनसीसीओईई के वरिष्ठ सदस्य सुभाष लांबा ने चंडीगढ़ प्रशासन व उप्र सरकार को कड़ी चेतावनी दी है कि अगर निजीकरण के खिलाफ शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से किए जा रहे विरोध प्रदर्शनों की अनदेखी करके किसी जल्दबाजी में निजीकरण के फैसले को अमलीजामा पहनाने का प्रयास किया तो जिस दिन निजी कंपनी टेक ओवर करेगी उसी दिन कर्मचारी और इंजीनियर कार्य बहिष्कार कर सड़कों पर उतरने पर मजबूर होंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी उप्र सरकार व चंडीगढ़ प्रशासन की होगी। ईईएफआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के राज्य प्रधान सुरेश राठी ने बताया कि हरियाणा के बिजली कर्मचारी प्रदर्शनों में बढ चढ़कर शामिल होंगे। इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने बताया कि उप्र सरकार घाटे का बहाना बनाकर वाराणसी व आगरा डिसकॉम को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी में है। उन्होंने सवाल किया कि अगर निजीकरण घाटे के कारण किया जा रहा है तो चंडीगढ़ पावर डिपार्टमेंट तो प्रति वर्ष सैकड़ों करोड़ का मुनाफा कमा रहा है,उसका निजीकरण क्यों किया जा रहा है ? उन्होंने बताया कि सरकार की नीति कारपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए निजीकरण करने की है, इसलिए निजीकरण किया जा रहा है। विधुत बोर्डों का गठन मुनाफा कमाने का नहीं था,उनका उद्देश्य "नो प्रोफिट नो लॉस" में सभी वर्गों के उपभोक्ताओं को बिजली देकर देश का विकास करना था।



लांबा ने बताया कि चंडीगढ़ पावर डिपार्टमेंट ने वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 158 करोड़ रुपए विभाग को मुनाफा दिया और उपभोक्ताओं को देश से सबसे सस्ती एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति की है। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ पावर डिपार्टमेंट के पास लगभग 25 हजार करोड़ से ज्यादा की संपत्ति हैं और निजी कंपनी को केवल 871 करोड़ में सौंपी जा रही है।

# कृष्ण कुमार निर्माण को मिला डॉ. लालचंद भल्ला स्मृति साहित्य सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। साहित्य सभा कैथल** की ओर से आरकेएसडी कॉलेज सभागार में आयोजित एक भव्य समारोह में हिंदी, हरियाणवी भाषा में साँझा संग्रह के रूप में छह और अपनी एकल संग्रह के रूप में अब तक आठ पुस्तकें लिख चुके कृष्ण कुमार निर्माण को देश के जाने-माने लेखक ओमप्रकाश गासो, साहित्य अकादमी के डॉक्टर चन्द्र त्रिखा, चितरंजन कौशल, देश के जाने-माने लेखक अमृतलाल मदान के हाथों निर्माण की साहित्यिक उपलब्धियों के लिए उन्हें डॉक्टर लालचंद भल्ला स्मृति साहित्य सम्मान से नवाजा गया।




इस सम्मान के अंतर्गत उन्हें नकद राशि के साथ-साथ एक शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेश के नामचीन लेखक, कवि, संपादक, पत्रकार और शायर उपस्थित हुए, जिनमें प्रमुख रूप सिरसा से रूप देवगुण, समाचार सम्पादक मीनाक्षी, रोहित कुमार, डॉक्टर संतराम देशवाल, उत्तर प्रदेश के बदायूं से मनु बदायूँनी, प्रसिद्ध गजलकार अनुपिन्द्र सिंह अनूप, वरिष्ठ गजलकार विजय कुमार सिंघल, शुभ तरीका के सम्पादक और लघु कथाकार विजय कुमार, बालमुकुंद साहित्य पुरस्कार से सम्मानित डॉक्टर प्रधुम्न भल्ला उपस्थित थे। ज्ञात रहे कि शिक्षा विभाग हरियाणा में हिंदी प्राध्यापक के रूप में कार्यरत कृष्ण कुमार निर्माण के हिंदी काव्य संग्रह शब्द बोलते हैं को डॉक्टर लालचंद भल्ला स्मृति साहित्य सम्मान से नवाजा गया। अभी तक इनके पांच साँझा संग्रहों के अलावा खुद के शब्द बोलते हैं, कविता के बहाने हिंदी काव्य संग्रह, हिंदी व्यंग्य संग्रह हल्के-फुल्के व्यंग्य संग्रह के अलावा समसामयिक विषयों पर लेख संग्रह प्रसंगवश कर अतिरिक्त हरियाणवी लघु कविता संग्रह बखत बखत के बोल और हरियाणवी गजल संग्रह बखत बखत की बात प्रकाशित हो चुके हैं। अगले साल इनका एक गद्य संग्रह संयोगवश और हिंदी काव्य संग्रह ढाई आखर प्रेम के आ रहा है। विदित है कि कृष्ण कुमार निर्माण को वीएचसीए द्वारा हिंदी श्री सम्मान, राष्ट्रीय संस्था निफा द्वारा करनाल रत्न सम्मान, हरियाणवी साहित्य गौरव अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। भिवानी की तनसुख संस्था द्वारा इन्हें कबीर रत्न सम्मान के अलावा, नेपाल की संस्था द्वारा साहित्य क्षेत्र में हिंदी काव्य रत्न की मानद उपाधि भी दी जा चुकी है।

# सड़क किनारे खड़े कंटेनर को ट्रक ने मारी टक्कर, दोनों सड़क पर पलटे

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: जीटी रोड** पर लड़सौली फ्लाईओवर के निकट पंक्चर होने के कारण सड़क किनारे खड़े एक कंटेनर को पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कंटेनर व ट्रक दोनों पलट गए। इस हादसे में ट्रक चालक व परिचालक घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए खानपुर मेडिकल में दाखिल करवाया गया है। सूचना के बाद थाना बड़ी से पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक व कंटेनर को सड़क से हटवा कर ट्रैफिक सुचारू करवाया। हालांकि अभी पुलिस को इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। प्राप्त जानकारी एल्यूमिनियम की तारों से भरा कंटेनर पंजाब से दिल्ली जा रहा था। जब कंटेनर लड़सौली फ्लाईओवर के निकट पहुंचा तो उसके दो टायर अचानक फट गए। जिस वजह से कंटेनर चालक ने कंटेनर को सड़क किनारे खड़ा कर उसका टायर बदलने लगे। इसी दौरान पीछे से सब्जी से भरा ट्रक आया और कंटेनर को टक्कर मार दी। जिससे कंटेनर व ट्रक दोनों पलट गए और उनमें लोड एल्यूमिनियम की तारें व सब्जी जीटी रोड पर बिखर गई। इस हादसे में ट्रक चालक सुखा सिंह व परिचालक राजा घायल हो गए। सूचना के बाद बड़ी थाना से पुलिस मौके पर पहुंची और कंटेनर, ट्रक व सड़क पर बिखरे सामान को क्रेन की मदद से सड़क किनारे खड़ा करवा कर ट्रैफिक सुचारू करवाया।



## न्यूज फ्लैश

### पत्थरगढ गांव में चलाया गया सफाई अभियान

**पानीपत, (कमाल हुसैन ) पत्थरगढ** गांव में ग्रामीणों ने गांव में सफाई अभियान चलाया गया। जिस पर ग्रामीणों ने विधायक मनमोहन भडाना का आभर जताया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में गंदे पानी की निकासी के लिए बने नाले लबालब भरे हुए थें और गलियों में गंदा पानी जमा होने से घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। उक्त समस्या का समाधान करवाने के लिए उन्होने विधायक मनमोहन भडाना से गुहार लगाई। जिस पर कार्यवाही करते हुए विधायक मनमोहन भडाना ने गांव में सफाई अभियान शुरू कराया और जेसीबी से नालो की भी सफाई कराई जा रही है,ताकि भविष्य में गांव की गलियों में गंदा पानी जमा ना हो सकें। इस मौके पर इरशाद,यासीन,सुलेमान,रिषपाल आदि अनेक मौजूद थें।

### कमरे के अंदर से दो-पहिया वाहन चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: कुंडली थाना क्षेत्र के** गांव सेरसा में कमरे के गेट पर लगा ताला तोड़कर बाइक के चोरी करने का मामला सामने आया है। बाइक मालिक गांव से वापिस लौटा तो चोरी का पता चला। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। उत्तर प्रदेश हाल में सेरसा गांव निवासी राहुल ने बताया कि वह गत 28 नवंबर को अपने किसी काम से गांव चला गया था। उसके बाद वापिस आकर देखा तो कमरे के अंदर खड़ी उसकी बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसके सामने वाले कमरे में रहने वाले लड़कों पर उसे बाइक चोरी करने का शक है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई कृष्ण कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द बाइक चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। वहीं कंपनी के बाहर पार्किंग में खड़ी बाइक के चोरी होने का मामला सामने आया है। यूपी हाल में गुप्ता मार्केट कुंडली निवासी मोहित पवार ने बताया वह अपनी बाइक पर कंपनी में ड्यूटी पर गया था। बाइक को पार्किंग में खड़ी करके अंदर चल गया। ड्यूटी खत्म होने के बाद बाहर निकला तो बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: सेक्टर-27 शहर** थाना सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विजय उर्फ मोटा निवासी नांगल कलां सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। उप निरीक्षक नरेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान गत 1 दिसंबर को टीडीआई कुंडली गांव नांगल के पास मौजूद थी। उसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार सहित पार्क के पास बैठा है। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को काबू कर लिया। उसके पास तलाशी के दौरान एक देशी पिस्तौल व एक जिंदा रौंद बरामद हुआ। आरोपित के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं मामले में कार्रवाई करते हुए जांच अधिकारी नवीन की टीम ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### लीवा मिस दिवा 2024, आ रही है एक नए अंदाज में आपके सामने

**चंडीगढ़:** लीवा मिस दिवा 2024 ने खास तौर पर युवतियों के लिए भारत की सबसे बड़ी फैशन टैलेंट हंट प्रतियोगिता की घोषणा की है। यह अपनी तरह का ऐसा पहला आयोजन है जो इसके पहले भारत में देखने को नहीं मिला होगा। यह कॉन्टेस्ट फैशन इंडस्ट्री में युवतियों की प्रतिभा को सम्मानित करने और उसे मंच देकर आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित मंच के सहारे प्रतिभाशाली युवतियां अपनी स्किल, क्रिएटिविटी और जुनून को सभी के सामने पेश कर सकती हैं। लीवा मिस दिवा 2024 उन युवतियों को मंच देगा जो आगे बढ़ने के लिए इच्छुक हैं और तीन अहम कैटगरी में खुद को साबित करने के लिए तैयार हैं। ये तीन कैटगरी हैं: टॉप मॉडल (मिस दिवा सुपरानेशनल 2024), फैशन डिजाइनर (मिस दिवा फैशन डिजाइनर 2024) और फैशन कॉन्टेन्ट क्रिएटर (मिस दिवा कॉन्टेन्ट क्रिएटर 2024)। हर कैटगरी में भाग लेने वाली युवतियों को इंडस्ट्री के दिग्गज मेंटर करेंगे और इससे यह पक्का होगा कि सभी प्रतिभागियों को पूरा गाइडेंस और सपोर्ट मिले।

# पॉलिसी में विसंगतियों को को दूर करने को लेकर ज्ञापन सौंपा

## मुख्यमंत्री किसान के बेटे हैं किसानों के हित में सोचेंगे : किसान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई: किसानों के खेतों से** गुजर रही एचटी लाइन के मुआवजे के लिए बनाई गई पॉलिसी में विसंगतियोंको को दूर करने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा कि प्रदेश के सोनीपत, झज्जर, रेवाड़ी ,महेंद्रगढ़ से एक 765 किलो वाट की बिजली लाइन गुजर रही है , जिसके कारण किसानों को काफी नुकसान हो रहा है । नुकसान की भरपाई के लिए प्रदेश सरकार ने एक पॉलिसी 10 जुलाई 2024 को बनाई गई थी परंतु उसमें कुछ कमियों के कारण अभी भी किसानों को काफी नुकसान हो रहा है । किसानों ने ज्ञापन में बताया कि खेत में लगे बिजली टावर की जगह का किसान को केवल 30 जगह का मुआवजा दिया जाएगा, जिस किसान के खेत में बिजली लाइन का टावर लगा हुआ है उसे किस को पूरे 1 एकड़ जमीन में नुकसान हो रहा है इसलिए कम से कम 70 प्रतिशत किसान को मुआवजा मार्केट रेट से दिया जाए । पॉलिसी में एक कमेटी बनाई गई है जो की मार्केट रेट तय करेगी परंतु कमेटी ने मार्केट रेट काफी तय किए हैं, जबकि जमीन का बाजार मूल्य काफी अधिक है। किसानों ने कहा कि एचटी लाइन 765 की वजह से आए दिन आदत से होने के कारण किसान चपेट में आ रहे हैं , जिस कारण किसानों के लिए 50 लाख की ग्रुप इंश्योरेंस पॉलिसी का भी प्रावधान किया जाए । इसके अलावा खेतों में लगने वाले टावर की पैमाइश टावर के 1 मीटर से की जा रही है।



# सीजेएम ने किया विधिक सहायता केन्द्रों का शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला एवं सत्र** न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने गॉव कुटेल व जुंडला में विधिक सहायता केन्द्रों का शुभारम्भ किया और कानूनी सहायताओं के बारे में अवगत करवाया। इसके बाद उन्होंने एल्फा सिटी पहुंचकर प्रदूषण नियंत्रण दिवस के उपलक्ष में पौधारोपण किया और वहां रह रहे नागरिकों को प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के लिए प्रेरित किया तथा कपड़े से बने थैलों का वितरण किया।

**नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसम्बर को : इरम हसन**
सीजेएम इरम हसन ने बताया कि जिला न्यायालय में 14 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है, जिसमें कोई व्यक्ति अदालत मे लंबित मुकदमे रखकर उनका फैसला करवा सकता है। इसके अलावा प्री लिटिगेशन स्टेज के मुकदमे स्थाई लोक अदालत, करनाल में 13 दिसंबर को लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।

# युवक ने किया सुसाइड, शादी समारोह में गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में एक** युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने सुसाइड क्यों किया, इसका फिलहाल खुलासा नहीं हुआ है। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान 25 वर्षीय बलीराम के रूप में हुई है। मृतक मूलरूप से बिहार के समस्तीपुर जिले के गांव अगाहरायपुर का रहने वाला था और करनाल के मोती नगर में किराये पर रहता था। वह नेशनल हाईवे स्थित एक ढाबे पर काम करता था। परिजनों के मुताबिक बलिराम अपनी पत्नी व बच्चों के साथ 27 नवंबर को अपनी बुआ के घर शादी में गया था। 30 नवंबर को ही घर लौट आया था। जब दोपहर को पत्नी व बच्चे घर लौटे तो पत्नी ने पति को पंखे से लटका हुआ पाया, जिसे देख पत्नी की चीखें निकल गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिजनों ने बताया किए मृतक बलिराम के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिनके सिर से पिता का साया उठ गया है।

# शेयर ट्रेडिंग सिखाने के नाम पर 20.71 लाख रुपये ऐंठे

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : जिले में साइबर ठगी** के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। शेयर मार्केट में ट्रेडिंग सिखाने के नाम पर लाखों रुपये की राशि के ऐंठने का मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने पीड़ित को मोटा मुनाफा देने का लालच देकर राशि को ऐठ लिया। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। साइबर थाना पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ठगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। गली नंबर-5 नरेंद्र नगर निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि उसके पास गत 16 अक्टूबर को एक संदेश मिला। जोकि सुरेंद्र कुमार दुबे के नाम से आया। जिसमें कहा गया कि वह उसे निशुल्क शेयर बाजार में ट्रेडिंग सिखायेगा। उसके बाद हर रोज सुबह से देर शाम तक उसे दूबे मार्केट ग्रुप के जरिए कुछ न कुछ सिखाया जाता था। उसे शेयर मार्केट को लेकर अलग-अलग टिप्स दिए जाने लगे। उसके बाद आईपीओ के जरिए मुनाफा देने का लालच दिया गया। उसका एक नया खाता खोलकर बीस से तीस प्रतिशत मुनाफा देने व उसकी पत्नी को भी अलग से लालच दिया गया। गत चार अक्टूबर से लेकर दस नवंबर तक उसे रुपये अलग-अलग खातों में झांसा देकर जमा करवाएं गए। उसने जाम की राशि को वापिस निकालने का प्रयास किया तो उसे बीस प्रतिशत इनकम टैक्स जमा करवाने के बाद रुपये निकालने की बात कही। पीड़ित ने बताया कि उससे फर्जी कागजों व फर्जी वेबसाइटों के जरिए खातों को खुलवाकर 20 लाख 71 हजार रुपये की नकदी को ठग लिया गया। मामले को लेकर साइबर थाने में शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई नवीन कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# बोलेरो गाड़ी चुराने वाला मुरादनगर से गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। सीआइए** वन की टीम द्वारा थाना निगदू में दर्ज बोलैरो गाड़ी चोरी के मामले में आरोपी रईश उर्फ पटवारी पुत्र मुन्शी वासी बड़तौली, बुलंदशहर उत्तर प्रदेश करनाल को मुरादनगर, गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से चुराई गई बोलैरो गाड़ी बरामद की गई। सीआइए वन प्रभारी उप निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि पूछताछ पर आरोपी द्वारा वारदात में शामिल अपने अन्य साथियों जो राजस्थान व यूपी के रहने वाले हैं, के संबंध में खुलासा किया। उन्होंने कहा कि आरोपी को आज अदालत में पेशकर तीन दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया।

# चीनी मिल का मंत्री ने किया पेराई सत्र का शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: जिले के आहुलाना गांव** में स्थित चौ. देवीलाल चीनी मिल का प्रदेश के सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने पेराई सत्र 2024-25 का सोमवार को बटन दबाकर शुभारम्भ किया। वहीं सोनीपत चीनी मिल के यार्ड में गन्ना न होने के चलते नो केन की स्थिति पैदा हो गई। रविवार रात को ही यार्ड में गन्ना खत्म हो गया था। जिसके चलते सोमवार देर शाम तक नो केन की स्थिति चीनी मिल में रही। वहीं सोनीपत चीनी मिल प्रबंधन की तरफ से एक लाख क्विंटल गन्ने की पर्चियां ओर जारी की गई है। गन्ना उत्पादकों के सामने लेबर की समस्या के चलते यार्ड में गन्ना पहुंचाने में समस्या पैदा रही है। जिसके चलते पेराई सत्र पटरी पर नहीं लौट पा रहा है। बता दें कि शहर के कामी गांव सड़क मार्ग स्थित दी सहकारिता चीनी मिल सोनीपत के पेराई सत्र वर्ष 2024-25 की प्रदेश सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा द्वारा बटन दबाकर गत 25 नवंबर को की थी। जिसके बाद पेराई सत्र को अगले दिन शुरू किया गया था, लेकिन कारखाने में बॉयलर में आई कमी के चलते मिल प्रबंधन को परेशानी का सामना करना पड़ा। जिसके बाद कमी को दूर कर पेराई सत्र को पटरी पर लाने का प्रयास किया जा रहा था। पांच दिन बाद ही यार्ड में गन्ने की कमी खलने लगी है। जिसके चलते पेराई सत्र रविवार देर रात को नो-केन की स्थिति में पहुंच गया। मिली जानकारी के अनुसार देर शाम को सात बजे तक यार्ड में महज ढाई हजार क्विंटल से कम गन्ना रह गया। उसके बाद गन्ना समाप्त हो गया। मिल प्रबंधन की तरफ से गन्ना उत्पादकों को पार्चियों में 20 प्रतिशत ओवर वेट तक खोल दिया है। उसके बावजूद यार्ड में गन्ने की कमी देखी जा रही है। वहीं सोमवार को दिन भर चीनी मिल के यार्ड में गन्ना नहीं पहुंचा। जिसके चलते देर शाम तक समाचार लिखे जाने तक पेराई सत्र नहीं चल पाया।

**आहुलाना चीनी मिल पेराई सत्र की शुरूआत**
करीब सात दिन पहले सोनीपत चीनी मिल के पेराई सत्र की शुरूआत हुई थी, लेकिन यार्ड में गन्ना न होने के चलते बार-बार नो केन की स्थिति पैदा हो रही है। वहीं जिले के दूसरे चीनी मिल चौ. देवीलाल चीनी मिल आहुलाना में सोमवार को नए पेराई सत्र का शुभारम्भ सहकारिता मंत्री द्वारा बटन दबाकर किया गया है। ऐसे में देखने होगा कि जिले के दोनों चीनी मिल कब सुचारू रूप से पेराई सत्र को चलाने में सफल होते है।
सोनीपत चीनी में नो केन की स्थिति होने से रोकने के लिए मिल प्रशासन द्वारा 1 लाख क्विंटल से अधिक गन्ने की पर्चियां किसानों को जारी की गई है। लेकिन किसानों के सामने लेबर समस्या गहराई हुई है। मजदूर न मिलने के कारण गन्ने की कटाई और छुलाई नहीं हो पा रही है।

# शहर से बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि शहरवासियों को आवारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए नगर निगम का बेसहारा पशुओं को पकड? का अभियान जारी है। इसी कड़ी में सोमवार को 10 गौवंश को पकडकर फूसगढ़ स्थित नगर निगम की गौशाला व नंदीशाला में भेजा गया है। निगमायुक्त ने अभियान की जानकारी देते बताया कि बीती 25 अक्तूबर को बेसहारा पशुओं को पकड? का अभियान शुरू किया गया था, वह जारी है। उन्होंने बताया कि इसके तहत अब तक करीब 242 गौवंश को पकडकर फूसगढ़ स्थित नगर निगम की गौशाला व नंदीशाला में रखा गया है। उन्होंने बताया कि सभी पशुओं को पशुपालन विभाग से टैगिंग करवाने के उपरांत ही गौशाला में रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इतनी संख्या में बेसहारा पशुओं को पकड? से शहरवासियों को राहत मिली है। उन्होंने बताया कि बेसहारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए नगर निगम गम्भीर है और इसके लिए कार्य कर रहा है। इसके तहत फूसगढ़ स्थित गौशाला व नंदीशाला से पशुओं को अन्य गौशालाओं में भेजने के लिए जिला की अन्य गौशाला संचालकों तथा पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ बातचीत जारी है।

# सफलता के साथ संस्कार और संवेदना भी जरूरी: गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। कल्पना चावला** मैडीकल कालेज के सभागार में आयोजित टेलेंट सर्च एग्जॉम-2024 पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन जेनेसिस ग्रुप ऑफ स्कूल तथा जैनेसिस क्लासिस द्वारा किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए जिला के एडीशनल डिस्टक्ट सेशन जज सुशील कुमार गर्ग ने कहा है कि डाक्टर या इंजीनियर बनना ही करियर का अंत नहीं हैं। इससे आगे भी जिंदगी है। उन्होंने कहा कि विफलता से घबराना सही बात नहीं हैं। जिंदगी में कभी निराश नहीं होना चाहिए।उन्होंने अपनी जिंदगी का उदाहरण देते हुए कहा कि वह विफलताओं से नहीं घबराए हैं। आज वह सम्मानित पोस्ट पर हैं। उन्होंने कहा कि आज सफल व्यक्ति के साथ उसमें संवेदना होना जरुरी हैं। आज मां बाप बच्चों को आईआईटी या एम्स से पढ़ाकर इंजीनियर या डाक्टर बना देते हैं। वह अमरीका में सेटल हो जाता है, लेकिन उसके बाद उसके पास अपने माता-पिता के संस्कार में भाग लेने का समय नहीं होता है। शिक्षण संस्थान बच्चों को पैसा कमाने की मशीन नहीं बनाएं, बल्कि एक संवेदनशील इंसान बनाएं।
कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी एसपी चौहान मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आज बच्चों को रोल आफ माडल अपने माता-पिता को मानना चाहिए। कार्यक्रम में जैनेसिस द्वारा पिछले दिनों आयोजित टीएसई परीक्षा में सफल विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। समारोह में जेइई तथा नीट में रैंक प्राप्त करने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। विशिष्टि अतिथि करनाल इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन कर्नल अरुण दत्ता ने भी बच्चों को संदेश दिया। इस अवसर पर बच्चों तथा अभिभावकों ने अपने अनुभव सांझा किए। अतिथियों का स्वागत जेनेसिस के प्रमुख जितेंद्र अहलावत तथा नवनीत कल्हण ने किया।



**टीएसई-2024 यटेलेंट सर्च एग्जॉम में टॉप 3 विद्यार्थी**
कक्षा पांचवी में चेष्ठा शर्मा ने पहला, ईशिता ने दूसरा, विवान सिंगला ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा छठी में काव्या ने पहला, गोरी गुप्ता ने दूसरा, रिति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा सातवी में रिजक ने पहला, कायन गुप्ता ने दूसरा, गौरंग गर्ग ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवी में सोहम अरोड़ा ने पहला, संकल्प गर्ग ने दूसरा, सुर्या कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौवी में जबजोत सिंह सुखीजा ने पहला, सत्यम ने दूसरा, संचित कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।
कक्षा दसवी में नैतिक चौधरी ने पहला, शिक्षा अहलावत ने दूसरा, अक्षित रेडू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# रेलवे फाटक के बूम बेरियर को टेंपो ने मारी टक्कर, बैरियर क्षतिग्रस्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: दिल्ली-अंबाला** रेलमार्ग पर अगवानपुर रेलवे फाटक के बूम बैरियर को एक टेंपो ने टक्कर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया। टक्कर मारने के बाद टेंपो चालक डंपर सहित मौके से फरार हो गया। गेटमैन ने मामले की जानकारी स्टेशन अधीक्षक को दी। स्टेशन अधीक्षक ने तुरंत आरपीएफ को सूचित किया और बैरियर को ठीक करने के लिए सोनीपत से टीम को बुलाया। सूचना के बाद आरपीएफ मौके पर पहुंची और अज्ञात टेंपो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सोमवार की सुबह करीब 11 बजे एक टेंपो चालक ने जल्दबाजी के चक्कर में फाटक के बैरियर को टक्कर मार दी। टक्कर लगाने से बैरियर क्षतिग्रस्त हो गया। गेटमैन ने एमरजेंसी गेट लगाकर वाहनों का आवागमन बंद कर दिया, जिससे वाहन चालकों को बेहद परेशानी उठानी पड़ी। वाहन चालकों को खुबड़ू रोड़ फ्लाईओवर क्रास कर गुमड़ व अगवानपुर की तरफ जाना पड़ा। जब कि राजलू गढ़ी की तरफ जाने वाले वाहन चालक बादशाही रोड से अपने गंतव्य की तरफ रवाना होते दिखाई दिए। सोनीपत से आई टीम ने करीब डेढ़ घंटे बाद बैरियर को ठीक किया, जिसके बाद वाहनों का आवागमन शुरू हो पाया।



## संपादकीय

# विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थानों पर उठते सवाल

**भारतीय** संस्थानों से एसटीईएम स्नातकों के एक बड़े प्रतिशत में आवश्यक कौशल का अभाव है, जो उद्योग और अनुसंधान प्रगति में बाधा डालता है। संस्थागत रैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान आउटपुट पर ध्यान केंद्रित करने से कई शिक्षण-केंद्रित संस्थानों ने अक्सर निम्न-गुणवत्ता वाले आउटलेट में प्रकाशन पत्र और पेटेंट को प्राथमिकता दी है, कई संस्थानों में संकाय पर अत्यधिक बोझ है, पेशेवर विकास के लिए बहुत कम समय या प्रोत्साहन है। संकाय भर्ती अक्सर स्थानीयकृत होती है, जिससे शैक्षणिक प्रदर्शन और दृष्टिकोण की विविधता सीमित हो जाती है। क्वांटम कंप्यूटिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी पहलों के लिए कुशल पेशेवरों की आवश्यकता होती है, लेकिन सीमित योग्य कर्मियों और अपर्याप्त प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे के कारण इन पहलों का उपयोग कम होने का खतरा है। वर्तमान संरचना संसाधनों, पाठ्यक्रम या संकाय के आदान-प्रदान की सुविधा नहीं देती है, जिससे शिक्षा और अनुसंधान के बीच विभाजन मजबूत होता है, विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी में योगदान के अपने समृद्ध इतिहास के साथ, भारत अब एक ऐसे महत्त्वपूर्ण मोड़ पर है जहाँ देश में (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शिक्षा के भविष्य को आकार देने में प्रौद्योगिकी एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जैसे-जैसे दुनिया तेजी से डिजिटल होती जा रही है, शिक्षा में प्रौद्योगिकी का समावेश केवल एक चलन नहीं बल्कि एक आवश्यकता बन गया है।

प्रौद्योगिकी छात्रों और शिक्षकों के बीच सहयोग को सुगम बनाती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और उपकरण परियोजनाओं पर वास्तविक समय में सहयोग को सक्षम करते हैं, टीमवर्क और संचार कौशल को प्रोत्साहित करते हैं। ये सहयोगात्मक अनुभव पेशेवर दुनिया में वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति की सहयोगात्मक प्रकृति को दशार्ते हैं। शिक्षा में प्रौद्योगिकी का एकीकरण कई लाभ लाता है, यह चुनौतियों को भी सामने लाता है जिन्हें व्यापक परिवर्तन के लिए सम्बोधित करने की आवश्यकता है। डिजिटल डिवाइड एक महत्त्वपूर्ण चिंता का विषय बना हुआ है, जिसमें प्रौद्योगिकी और इंटरनेट तक पहुँच में असमानताएँ हैं। इस अंतर को पाटना यह सुनिश्चित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है कि सभी छात्रों को, उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना, प्रौद्योगिकी के उपयोग से लाभ उठाने के समान अवसर मिलें। शिक्षकों को भी अपने शिक्षण विधियों में प्रौद्योगिकी को प्रभावी ढंग से एकीकृत करने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण की आवश्यकता है। शिक्षकों के लिए निरंतर व्यावसायिक विकास के अवसर प्रदान करना सुनिश्चित करता है कि वे प्रौद्योगिकी के उपयोग को समझने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं। इसके अतिरिक्त, शिक्षा में प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग, जिसमें डेटा गोपनीयता और सुरक्षा शामिल है, को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। छात्रों की व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के लिए सुरक्षा उपायों को लागू करना और शिक्षा प्रौद्योगिकी उपकरणों के विकास में नैतिक प्रथाओं को सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण कदम हैं। शिक्षण-केंद्रित संस्थानों के मूल्यांकन को अनुसंधान मेट्रिक्स से अलग करके, रैंकिंग अनुसंधान आउटपुट पर शिक्षण गुणवत्ता को प्रतिबिंबित कर सकती है।

# स्वरोजगार: डिजिटल युग में महिला सशक्तिकरण

विजय गर्ग

> “ राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण द्वारा प्रदान किए गए डेटा इन मुद्दों पर हमारी प्रगति के संदर्भ में महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हैं, लेकिन यह भी जांचना महत्त्वपूर्ण है कि अपनाए गए दृष्टिकोण पितृसत्तात्मक मानदंडों और संरचनाओं को मजबूत नहीं करते, जो असमानताएं बढ़ाते हैं। 'डिजिटल इंडिया' जैसे कार्यक्रमों का उद्देश्य 'डिजिटल डिवाइड' को समाप्त करना है, लेकिन यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि महिलाएं पूरी तरह अवसरों से लाभ उठा सकें। महिलाओं के लिए डिजिटल सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल साक्षरता, साइबर सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षा के उपायों को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि वे इंटरनेट का उपयोग सुरक्षित और सशक्त रूप से कर सकें ”

**आज के डिजिटल** युग में इंटरनेट तक महिलाओं की पहुंच में सुधार सिर्फ उनकी व्यक्तिगत सशक्तीकरण के लिए नहीं, बल्कि यह समग्र सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए भी आवश्यक है। डिजिटल प्रौद्योगिकी महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और वित्तीय स्वतंत्रता के नए अवसर प्रदान कर सकती है, जो समाज में लैंगिक असमानता को कम करने में मदद करती है। हालांकि, भारत सरकार ने डिजिटल इंडिया पहल के माध्यम से डिजिटल पहुंच बढ़ाने के लिए महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि इन प्रयासों में महिलाओं की कमजोरियों और सुरक्षा संबंधित समस्याओं का भी समाधान किया जाए। भारत में 'डिजिटल डिवाइड', विशेष रूप से महिलाओं और लड़कियों के संदर्भ में, एक प्रमुख समस्या बनकर उभरी है। 'ग्लोबल सिस्टम फार मोबाइल कम्युनिकेशंस एसोसिएशन' और 'आक्सफैम ' के 2022 और 2023 के आंकड़ों के अनुसार यह स्पष्ट होता है कि महिलाओं की इंटरनेट तक पहुंच सुधार की आवश्यकता है। मसलन, 2022 में मोबाइल स्वामित्व में लैंगिक अंतर में 11 फीसद की कमी आई है, लेकिन मोबाइल इंटरनेट उपयोग में महिलाओं का हिस्सा 130 1 फीसद पर स्थिर है, जिससे लैंगिक अंतर 40 फीसद तक बढ़ गया है। इसके अलावा, महिलाओं में मोबाइल इंटरनेट जागरूकता 60 फीसद से भी कम है। यह दशार्ता है कि महिलाओं को डिजिटल दुनिया पूरी तरह से समाहित करने के लिए अभी भी बड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं।

'महिलाओं के लिए डिजिटल': जुड़ाव की चुनौतियां सिर्फ तकनीकी नहीं, बल्कि सामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य से भी जुड़ी हैं। महिलाओं को साइबर दुर्व्यवहार, आनलाइन उत्पीड़न और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है, खासकर जब वे सोशल मीडिया मंचों का उपयोग करती हैं। यह न केवल उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा को बल्कि उनके डिजिटल जुड़ाव को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। भारत में इंटरनेट, मोबाइल फोन की पहुंच और वित्तीय सेवाओं तक पहुंच में सुधार महत्त्वपूर्ण है, लेकिन यह भी आवश्यक है कि इन इन सुधारों को लैंगिक समानता की दृष्टि से लागू किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में



महिलाओं और पुरुषों के बीच इंटरनेट उपयोग में गहरा अंतर है, जहां पुरुषों द्वारा इंटरनेट का उपयोग करने की संभावना महिलाओं की तुलना में दोगुनी है। नतीजतन, महिलाओं के लिए डिजिटल अवसरों तक पहुंच में बाधाएं उत्पन्न होती हैं, जिससे उनके आर्थिक अवसरों में समझौता होता है।` डिजिटल साक्षरता की कमी और मोबाइल इंटरनेट उपयोग की जटिलताएं इस अंतर को और बढ़ा देती हैं। भारत सरकार द्वारा शुरू की की गई 'डिजिटल इंडिया' पहल ने डिजिटल पहुंच को बढ़ाने का महत्वपूर्ण किया है, लेकिन इस पहल में महिला केंद्रित मुद्दों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है। गुरुमूर्ति और चामी (2018) के अनुसार, डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के दस्तावेज में कोई स्पष्ट लिंग-विभाजित प्रशिक्षण लक्ष्यों का उल्लेख नहीं किया गया, जिससे महिलाओं को डिजिटल दुनिया में समावेशी रूप से शामिल करने में असमर्थता व्यक्त होती है। इसके अलावा, यह पहल यह पहचानने में भी विफल है कि महिलाओं द्वारा इंटरनेट उपयोग की दर में वृद्धि के लिए डिजिटल साक्षरता और कौशल के अवसरों की आवश्यकता है। डिजिटल प्रौद्योगिकियों का समावेशी विकास समाज में सभी वर्गों को आर्थिक मौके, शिक्षा और गतिशीलता संबंधी बाधाओं को पार करने का अवसर प्रदान कर सकता है। डिजिटल तकनीकें नई नौकरियां पैदा कर, डिजिटल वित्तीय सेवाओं तक पहुंच को सुगम बना और डिजिटल व्यवसायों के विकास को प्रोत्साहित कर सकती हैं। इसके अलावा, डिजिटल प्रौद्योगिकी से सार्वजनिक सेवा वितरण को बेहतर बनाने और नागरिकों की अधिक सहभागिता को बढ़ावा देने में भी मदद मिल सकती है। भारत में इंटरनेट उपयोग तेजी से बढ़ा है, लेकिन इस प्रगति के बावजूद, डिजिटल विभाजन अभी भी एक बड़ी चुनौती है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार भारत में केवल 33 फीसद महिलाओं ने इंटरनेट का इस्तेमाल किया है, जबकि 57 फीसद पुरुषों ने इसका उपयोग किया है। स्मार्टफोन के आंकड़े इस असमानता को और स्पष्ट करते हैं।

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण 2020-21 के अनुसार, ग्रामीण भारत में केवल 26 फीसद महिलाओं के पास स्मार्टफोन है, जबकि 49 फीसद पुरुष स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में असमानता और गहरी है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के अनुसार, ग्रामीण भारत पुरुषों द्वारा इंटरनेट का उपयोग करने की संभावना महिलाओं की तुलना में ल? लगभग दोगुनी है। पूरे भार भारत में ऐसा कोई भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश नहीं है, जहां महिलाओं ने पुरुषों की तुलना में इंटरनेट का अधिक उपयोग किया हो। महिलाओं की डिजिटल कनेक्टिविटी का सीधा असर उनके वित्तीय सशक्तीकरण पर भी पड़ता है। 'डिजिटल बैंकिंग' और 'मोबाइल मनी ट्रांजेक्शन' ने महिलाओं के लिए वित्तीय लेन- देन को अधिक सुविधाजनक और लचीला बना दिया है। 'इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन आफ इंडिया' की 2022 की रपट' अनुसार, डिजिटल साक्षरता और कनेक्टिविटी में सुधार से 2025 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद में सौ अरब डालर की वृद्धि हो सकती है। इस संभावित वृद्धि का सबसे अधिक लाभ महिलाओं को होगा, क्योंकि डिजिटल मंच उन्हें कौशल विकास, रोजगार और उद्यमशीलता के नए अवसर प्रदान करते हैं। डिजिटल कौशल में प्रशिक्षित महिलाओं की संख्या हर साल लगभग 2.5 फीसद की दर से बढ़ रही है। इससे न केवल महिलाएं 'स्टार्टअप्स' में भागीदारी कर रही हैं, बल्कि वे नेतृत्वकारी भूमिका निभाकर तकनीकी नवाचार को भी बढ़ावा दे रही हैं।

डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत ग्रामीण महिलाओं को डिजिटलीकरण के माध्यम से सशक्त बनाया जा रहा है। इसने उन्हें आनलाइन मंचों पर अपने छोटे व्यवसायों को विस्तार देने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में मदद द की है। । रपटों के मुताबिक जिन महिलाओं के की पहुंच वे लगभग 140 फीसद अधिक आय अर्जित करती हैं। इंटरनेट उपभोग बढ़ाने के प्रयासों में 'डिजिटल डिवाइड' खत्म करना प्राथमिकता होनी चाहिए, इन प्रयासों में महिलाओं और लड़कियों को इंटरनेट से होने वाली परेशानियों पर भी विचार करना चाहिए। भारत सरकार ने अपने 'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम के माध्यम से पूरे भारत में डिजिटल पहुंच और बुनियादी ढांचे का विस्तार करने के लिए एक स्पष्ट प्रतिबद्धता जताई है, जिसमें गूगल, फेसबुक और अमेजन जैसे उद्योग दिग्गजों द्वारा इस पहुंच में तेजी लाई गई है।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण द्वारा प्रदान किए गए डेटा इन मुद्दों पर हमारी प्रगति के संदर्भ में महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हैं, लेकिन यह भी जांचना महत्त्वपूर्ण है कि अपनाए गए दृष्टिकोण पितृसत्तात्मक मानदंडों और संरचनाओं को मजबूत नहीं करते, जो असमानताएं बढ़ाते हैं। 'डिजिटल इंडिया' जैसे कार्यक्रमों का उद्देश्य 'डिजिटल डिवाइड' को समाप्त करना है, लेकिन यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि महिलाएं पूरी तरह अवसरों से लाभ उठा सकें। महिलाओं के लिए डिजिटल सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल साक्षरता, साइबर सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षा के उपायों को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि वे इंटरनेट का उपयोग सुरक्षित और सशक्त रूप से कर सकें।

## कविता

**जख़्म मत दिखा बेदर्द जमाने को।**

**जख़्म मत दिखा बेदर्द जमाने को।**
**कि तूने समझा ही क्या जमाने को'**

**हाथ मिला सबसे हमसाया बन।**
**खुद का हमदर्द बना जमाने को ।**

**गर तू देखना चाहता असली चेहरे ।**
**जरा आईना तो दिखा दे जमाने को ।**

**बड़ी दोगली सियासत है इस फिजा में ।**
**इसे जरा बेनकाब कर दिखा जमाने को ।**

**राहों में अपने ही सदा कांटे बिछाएंगे ।**
**अब बनाकर चमन दिखा जमाने को ।**

**ये मोहब्बत इश्क शायरी सब बेमानी।**
**दौलत शोहरत कमा दिखा जमाने को,**

**कर दे ये सब राहें फूलों भरी संजीव**
**तू ही चल चमन बना जमाने को।।**

**संजीव**

# सुधरने वाला नहीं है भारत का विपक्ष

**मृत्युंजय दीक्षित**

**चार जून** 2024 के लोकसभा चुनाव में पिछली बार की तुलना में मिली मामूली बढ़त से उत्साहित कांग्रेस को इसके तुरंत बाद हरियाणा और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में अपने इंडी गठबंधन के साथ भारी पराजय का मुख देखना जिसके कारण ये अब गहरी निराशा व हताशा में हैं और उन्हीं हरकतों पर उतर आए हैं जो ये लोकसभा चुनावों से पहले कर रहे थे। कुछ राजनैतिक विश्लेषक अनुमान लगा रहे थे कि हरियाणा तथा महाराष्ट्र में भारी पराजय के बाद विपक्षी दल संसद चलाने में सहयोग करेंगे किंतु फिलहाल ऐसा होता प्रतीत नहीं होता कि संसद के शीततकालीन सत्र में कोई महत्वपूर्ण विधायी कार्य संपन्न हो सकेगा। संसद के शीतकालीन सत्र का प्रथम सप्ताह अडाणी व संभल हिंसा को लेकर हंगामे की भेंट चढ़ चुका है। विपक्षी दल संसद में इसलिए भी बहस नहीं होने देना चाहते हैं क्योंकि जब संसद में बहस होने पर वे पूरी तरह बेनकाब हो जाते हैं। देश की जनता कांग्रेस को अडानी, संविधान व जातिगत जनगणना के मुद्दे पर लगातार नकार रही है किंतु कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार इन्हीं मुददों को लाल किताब जिसे वे संविधान की प्रति कहते हैं हाथ में लेकर बार -बार हवा में उछालते हैं। इन्हीं मुद्दों पर सदन को बाधित करते हैं। दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के संविधान रक्षक सम्मेलन में राहुल गांधी ने वही किताब दिखाते हुए कहा कि इसमें कहीं सावरकर का नाम नहीं है। इसी कार्यक्रम में बोलते हुए राहुल गांधी का माइक बंद हो गया और आयतन राहुल गांधी इसके लिए भी मोदी सरकार को दोष देते हुए उसे तानाशाह बताने लगे। हर समय संविधान संविधान करने वाले राहुल गांधी से अब पूछा जाना चाहिए कि संविधान की किताब में झूठे मुद्दे उठाकर संसद ठप करने की बात कहाँ लिखी गई है।

कांग्रेस और इंडी गठबंधन को लगातार मिल रही पराजय पर जब इन दलों के नेताओं को आत्मचिंतन करना चाहिए था उस समय ये ईवीएम मशीनों और चुनाव आयोग पर हमलावर हैं। कांग्रेस व विपक्षी दलों ने सुप्रीम कोर्ट सहित देश की विभिन्न हाईकोर्ट में 42 याचिकाएं दायर कीं किंतु हर जगह उनके वकीलो को मुंह की खानी पड़ी । हरियाणा और महाराष्ट्र में चुनाव परिणामों के बाद विरोधी दलों का ईवीएम पर आरोप लगाने का रेडियो एक बार फिर ऑन हो गया है। जस्टिस संजीव खन्ना की पीठ ने सुनवाई करते हुए विपक्ष के सभी आरेपों को खारिज करते हुए कहाकि हमें भी वह दिन याद है जब बैलेट पेपर से चुनाव होते थे और पूरा का पूरा बूथ लूट लिया जाता था। हम अब देश को पुनः उस युग में नहीं ले जाना चाहते हैं। 26 नवंबर 2024 को भी सुप्रीम कोर्ट ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग करने वाली एक याचिका पर न सिर्फ याचिकाकार्ता को कड़ी फटकार लगाई।

## विचार

# मोहन की भागवत का नया अध्याय 'बच्चे बढ़ाओ'

**राकेश अचल**

**वेदव्यास** की श्रीमद् भागवत कथा में 18 हजार श्लोक, 335 अध्याय व 12 स्कंध हैं , लेकिन आरएसएस के डॉ मोहन भागवत की कथा में न श्लोकों की संख्या तय है और न अध्यायों की और न स्कन्धों की। ये लगातार घटते-बढ़ते रहते हैं। डॉ मोहन भागवत की भगवत कथा भारतीय संविधान की तरह लचीली है। डॉ भगवत ने अपनी भागवत में एक नया अध्याय जोड़ा है ' तीन बच्चे पैदा करो' का । अब उनके इस नए अध्याय से पूरा देश आल्हादित भी है और चिंतित भी। संघ प्रमुख कहने को पशु चिकित्स्क हैं किन्तु वे मानवता से ओतप्रोत हैं। उन्हें पशुओं से ज्यादा मनुष्यों की फिक्र रहती है । आजकल उन्हें बहुसंख्यक हिन्दू समाज के अल्पसंख्यक होने की चिंता सता रही है इसीलिए उन्होंने देश की जनता से आव्हान किया है कि हर कोई कम से कम ३ बच्चे तो पैदा करें ही , अन्यथा उनका वजूद मिट जाएगा। डॉ भागवत को शायद पता नहीं है कि आजकल बच्चे पैदा करना तो दूर शादी करना भी कठिन हो गया है । देश में बच्चों से ज्यादा बेरोजगारों की सख्या बढ़ रही है और बरोजगारों की शादी आसानी से नहीं होती।ये बेरोजगार तीन बच्चे पैदा करने के राष्ट्रयज्ञ में कैसे शामिल हो सकते हैं ? गोस्वामी तुलसीदास जी ने राम चरित मानस में लिखा है कि -' पर उपदेश कुशल बहुतेरे, जे अचरहिं ते नर न घनेरे।' डॉ भागवत इन्हीं घनेरे नरों में से एक हैं। डॉ भागवत को नहीं पता कि शादी करना और विवाह करना कोई आसान काम नहीं है। यदि होता तो वे खुद शादी न कर लिए होते। उनके मित्र प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी ने तो शादी की भी लेकिन भाग खड़े हुए । वे तीन क्या ,एक बच्चा भी इस देश को नहीं दे पाए। समाज की संरचना में इस लिहाज से डॉ भागवत और डॉ मोदी जी का कोई योगदान नहीं है। इसलिए उन्हें ये कहने का भी अधिकार नहीं है कि लोग तीन बच्चे पैदा करें। इस देश को ' हम दो, हमारे दो ' का नारा देने वाली देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी ने शादी भी की और दो बच्चे भी देश सेवा के लिए दिए। यानि भागवत और मोदी के मुकाबले इंदिरा गाँधी का योगदान ज्यादा महत्वपूर्ण है। सवाल ये है कि डॉ भागवत को आबादी बढ़ने की सलाह देने की जरूरत आखिर पड़ी क्यों ? क्या डॉ भागवत समाजशास्त्री हैं ? क्या डॉ भागवत अर्थशास्त्री हैं ? नहीं हैं। वे पशु चिकित्स्क हैं। इसलिए उन्हें आबादी के बारे में बात करने की न पात्रता हासिल है और न किसी ने उन्हें ये अधिकार दिया है। देश की आबादी 2024 में 144 करोड़ थी ,जो भविष्य में घटना नहीं है ,भले ही देश की प्रजनन दर घटकर २ प्रतिशत ही क्यों न हो जाये। आबादी बढ़ाने की फिक्र उन देशों की हो सकती है जिन देशों में लगातार आबादी घट रही है । भारत तो जनसंख्या के मामले में विश्व चैम्पियन है। नंबर वन ,यानि चीन से भी आगे। इस पर भी डॉ भागवत कह रहे हैं कि देश का काम केवल दो बच्चों से चलने वाला नहीं ही ,कम से कम 3 बच्चे हर विवाहित जोड़े को पैदा करना चाहिए।

संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत लगता है अपने प्रधानमंत्री के हम उम्र प्रचारक तो हैं किन्तु हम ख्याल बिलकुल नहीं है। उन्हें माननीय प्रधानमंत्री जी की योजनाओं और चिंताओं का पता नहीं है ,यदि पता होता तो वे आबादी बढ़ाने की बात ही न करते । शायद किसी ने डॉ भागवत को ये नहीं बताया कि इस देश में आज भी सरकार को 85 करोड़ लोगों को पेट भरने के लिए मुफ्त में अनाज देना पड़ रहा है। यानि इस आबादी के एक बड़े हिस्से के पास न दो जून की रोटी है,न रहने को घर ,चिकित्सा ,शिक्षा और दीगर सुविधाओं की तो बात ही दूर है। ऐसे में यदि लोगों ने आबादी बढ़ाना शरू कर दी तो ये मुफ्तखोरों की तादाद और नहीं बढ़ा देंगे ! देश को तीन बच्चे पैदा करने का ' गुरु मंत्र ' देने वाले डॉ भागवत को अपना समान्य ज्ञान बढ़ाना चाहिए ,क्योंकि शायद वे नहीं जानते कि दुनिया की कुल आबादी का कोई 18 फीसदी हिस्सा तो अकेले भारत के पास है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# सोशल मीडिया के निशान

**विजय**

आज सोशल मीडिया हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है, खासकर बच्चों और युवा वयस्कों के लिए। हालाँकि ये प्लेटफॉर्म संचार, आत्म-अभिव्यक्ति और सूचना तक पहुंच के लिए ढेर सारे लाभ प्रदान करते हैं, लेकिन इनके अत्यधिक उपयोग से मानसिक स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है, विशेष रूप से शरीर की छवि के संदर्भ में। सोशल मीडिया पर सावधानी से तैयार की गई और अक्सर अवास्तविक छवियों की लगातार बाढ़ सुंदरता की विकृत धारणा पैदा करती है, जिससे अपर्याप्तता, असुरक्षा और कम आत्मसम्मान की भावनाएं पैदा होती हैं। युवा व्यक्तियों पर ऐसे संदेशों की बौछार की जाती है जो शारीरिक उपस्थिति को मूल्य के बराबर मानते हैं, जिससे पूर्णता की निरंतर खोज को बढ़ावा मिलता है जिसे कभी भी पूरी तरह से प्राप्त नहीं किया जा सकता है। एक अप्राप्य आदर्श की यह निरंतर खोज खाने के विकार, चिंता और अवसाद सहित गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकती है। अवास्तविक सौंदर्य मानकों के अनुरूप होने का दबाव व्यक्तियों को अत्यधिक आहार, व्यायाम और यहां तक कि खुद को नुकसान पहुंचाने जैसे अस्वास्थ्यकर व्यवहार में शामिल होने के लिए प्रेरित कर सकता है। शरीर की छवि पर सोशल मीडिया का प्रभाव इन प्लेटफार्मों में व्याप्त तुलना की संस्कृति से और भी बढ़ गया है। युवा व्यक्ति लगातार अपनी तुलना अपने साथियों से करते हैं, जिससे अक्सर उनमें ईर्ष्या, असंतोष और बेकार की भावनाएँ पैदा होती हैं। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर गुमनामी और जवाबदेही की कमी व्यक्तियों को साइबरबुलिंग में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है, जिससे युवा उपयोगकर्ताओं के आत्मसम्मान और मानसिक स्वास्थ्य को और नुकसान पहुंच सकता है। नकारात्मक टिप्पणियों और आहत करने वाली टिप्पणियों का लगातार संपर्क स्थायी निशान छोड़ सकता है, जिससे सामाजिक अलगाव, अलगाव और यहां तक कि आत्म-विनाशकारी व्यवहार भी हो सकता है। इस महत्वपूर्ण मुद्दे को संबोधित करने के लिए स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों को मीडिया साक्षरता कार्यक्रमों को पाठ्यक्रम में एकीकृत करना चाहिए, छात्रों को ऑनलाइन सामने आने वाली छवियों का गंभीर मूल्यांकन करना और सोशल मीडिया चित्रण की अवास्तविक प्रकृति को पहचानना सिखाना चाहिए। माता-पिता और शिक्षकों को आत्म स्वीकृति, शरीर की सकारात्मकता और स्वस्थ आत्म-सम्मान के महत्व के बारे में बच्चों और युवा वयस्कों के साथ खुली और ईमानदार बातचीत में शामिल होना चाहिए।

# वृद्ध पशुओं के संरक्षण का महत्व

**जीव-जंतुओं** का संरक्षण आज के समय में पर्यावरणीय चिंताओं का एक महत्वपूर्ण पहलू है। परंतु देखा गया है कि यह चर्चा अक्सर विलुप्तप्राय प्रजातियों और उनके बचाव तक ही सीमित रहती है। वृद्ध जानवरों के संरक्षण का महत्व, जो उनके झुंड या समाज में मार्गदर्शक और संरक्षक की भूमिका निभाते हैं, आमतौर पर उपेक्षित रह जाता है। हाल ही में एक अध्ययन में पाया गया है कि बूढ़े और बुद्धिमान जानवर अपने समूहों एवं पर्यावरण में स्थायित्व बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी हैं। पृथ्वी के पारिस्थितिक संतुलन के लिए भी यह जरूरी है।

मानवीय गतिविधियों के कारण न केवल वृद्ध व बुद्धिमान जीवों की संख्या में गिरावट आ रही है, बल्कि उनके साथ पर्यावरणीय और जैविक जानकारियां भी विलुप्त हो रही हैं। हालिया अध्ययन चार्ल्स डार्विन विवि, आस्ट्रेलिया के नेतृत्व में किया गया है और इसे साइंस जर्नल में प्रकाशित किया गया है। अध्ययन में बताया गया है कि वृद्ध व बुद्धिमान जानवर जैव विविधता, पारिस्थितिकी तंत्र और वैज्ञानिक अध्ययन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

हाथी, व्हेल, बंदर और अन्य लंबे समय तक जीने वाली प्रजातियां अपने समूह के लिए अनुभवजन्य ज्ञान का स्रोत होते हैं, जो उनकी संतानों और समुदाय के लिए फायदेमंद होता है। उदाहरण के तौर पर, वृद्ध हाथियों (मैट्रियार्क्स) को सूखे के समय जल स्रोतों का पता लगाने और समूह की सुरक्षा का मार्गदर्शन करने में कुशल माना जाता है। इसी तरह वृद्ध व्हेल अपनी संतानों को भोजन प्राप्त करने एवं जटिल समुद्री वातावरण में नेविगेट करने का प्रशिक्षण देती हैं। विशेष रूप से मनुष्यों में, दादी-नानी जैसी संरचनाओं का प्रभाव संतानों के जीवित रहने और उनकी प्रजनन क्षमता पर भी देखा गया है। इसी तरह मछलियों और ठंडे खून वाले जीवों में वृद्ध और बड़े जीव लंबे समय तक प्रजनन कर सकते हैं और अपनी संतानों की संख्या बढ़ा सकते हैं। कई जानवरों के समूहों में वृद्ध सदस्य नेतृत्व और निर्णय लेने में अहम भूमिका निभाते हैं।

वे युवा सदस्यों को प्रशिक्षित करते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### श्रीकृष्णा स्कूल में फाल्डिंग पेपर आर्टस कार्यक्रम आयोजित



टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़। श्रीकृष्णा** स्कूल में फाल्डिंग पेपर आर्टस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि स्कूल के सीईओ कर्मवीर राव उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता स्कूल पीआरओ सुधीर यादव ने की। पीआरओ सुधीर यादव ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए फाल्डिंग पेपर आर्टस का लगभग 25 वर्ष से कार्य कर रहे रामदास बदरपुर दिल्ली द्वारा फाल्डिंग पेपर आर्टस से मॉडल सहित ताजमहल, खरगोश, डायनासोर, कमल का फूल, फूलमाला, हाथी बनाकर अपनी प्रतिभा से सबको प्रभावित किया। रामदास ने विद्यार्थियों को बताया कि फाल्डिंग पेपर आर्टस का मुख्य उद्देश्य है कि बेकार पड़े पेपर हम फाल्डिंग ओरागामी आर्टस के माध्यम से उसका प्रयोग कर सकते है। स्कूल सीईओ कर्मवीर राव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आर्ट और क्राफ्ट के माध्यम से विद्यार्थियों में एकाग्रता, रंगों व अक्षरों की पहचान के साथ-साथ रचनात्मकता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संबंधि कोई चित्र बनाया जाता है तो विद्यार्थियों में प्रकृति को लेकर समझ एवं संवेदनशीलता भी बढ़ती है तथा विद्यार्थियों को कला के प्रति उत्साहित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में एकाग्रता, योजना बनाने की समझ, प्रयोग की इच्छा, अक्षरों की पहचान आदि बढ़ती है। जो कि विद्यार्थी जीवन के लिए सहायक है। इस मौके पर स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### मजबूत इच्छाशक्ति से खुलते हैं जीवन में सफलता के द्वार: प्रो.अशोक पांचाल

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में छात्र-छात्राओं के लिए मोटिवेशनल वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिससे उनमें सकारात्मक सोच उत्पन्न हो और वे जीवन में अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते हुए सफलता हासिल कर सकें। गीता यूनिवर्सिटी से पहुंचे प्रोफेसर डा.अशोक पांचाल व स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा ने दीप प्रज्वलित कर वर्कशॉप का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रोफेसर डा.अशोक पांचाल ने कहा कि मजबूत इच्छाशक्ति से जीवन में सफलता के द्वार खुलते हैं। इच्छाशक्ति संजीवनी शक्ति की तरह है जो हमें अपार क्षमता और स्थायित्व प्रदान करती है। यह हमारे मन और शरीर को बल प्रदान करती है ताकि हम जीवन के चुनौतियों का सामना कर सकें। इच्छाशक्ति हमें विश्वास और आत्मविश्वास की भावना प्रदान करती है जो हमें अपने सपनों की प्राप्ति के लिए प्रेरित करती है। मोटिवेशनल वर्कशॉप के मुख्य वक्ता प्रोफेसर डा.अशोक पांचाल ने कहा कि जीवन में कामयाबी पाने के लिए दमदार इच्छाशक्ति के साथ ही बनाई गई रणनीतियां भी अहम है जो हमें मंजिल की ओर आगे ले जाती हैं। उन्होंने कहा कि इच्छाशक्ति और उसे बनाए रखने की एकाग्रता किसी भी मनुष्य की अपनी मानसिकता पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को दसवीं कक्षा से ही विषय के चयन और अपने करियर को लेकर जागरूक होना बेहद जरूरी है। उन्हें स्पष्ट और सार्थक लक्ष्यों को निर्धारित करना चाहिए। लक्ष्य तय करते ही हमें इच्छाशक्ति और संघर्ष करने की आवश्यकता का अनुभव होता है और हम उसे पाने के लिए समर्पित हो जाते हैं। अभ्यास एक महत्वपूर्ण तत्व है जो इच्छाशक्ति को मजबूत करने में सहायता करता है। अभ्यास हमें स्वावलंबी बनाता है और हमारे भीतर के पोटेंशियल को जागृत करता है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उत्साहित और प्रेरित रहना चाहिए। इस मौके पर उन्होंने गीता यूनिवर्सिटी में पढ़ाये जाने वाले विविध पाठ्यक्रमों के बारे में भी छात्र-छात्राओं को आवश्यक जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्या गीता चोपड़ा ने विद्यार्थियों को अपने माता-पिता तथा शिक्षक का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हम अपनी इच्छाशक्ति के माध्यम से नए क्षेत्रों में जा सकते हैं और नए कौशल विकसित कर सकते हैं। हमें सकारात्मक सोच, लक्ष्य निर्धारण, नियमित अभ्यास, उत्साह और संतुलन को ध्यान में रखना चाहिए ताकि हम अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत कर सकें। इस मौके पर उन्होंने मुख्य वक्ता प्रोफेसर डा.अशोक पांचाल को स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, मीनाक्षी, सुविधा, रेखा, पारूल, नमिता, मधु, मोनिका, बीना, कुसुम, ज्योति, सपना, श्वेता शर्मा, खेल इंचार्ज संजीत सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# ब्रहमसरोवर के आसपास के वेंडरों की समस्याओं का किया समाधान: सुभाष

### पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने केडीबी अधिकारियों के माध्यम से वेंडर की समस्याओं को सुलझाया

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र : पूर्व** राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि ब्रहमसरोवर के आसपास वेंडरों को किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी और इन सभी वेंडरों की समस्याओं का समाधान केडीबी के अधिकारियों के माध्यम से करवा दिया गया है। इन सभी वेंडरों को एक जगह स्थान दिया जाएगा और इस स्थान पर नियमानुसार सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी।
पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सोमवार को कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के कार्यालय में अधिकारियों और वेंडर्स की संयुक्त बैठक में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी



अधिकारी पंकज सेतिया, केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, प्राधिकरण के सदस्य सौरभ चौधरी, केडीबी सदस्य विजय नरुला, डा. एमके मोदगिल, डा. ऋषिपाल मथाना, कैप्टन परमजीत, अशोक रोशा, विजय नरुला सहित अन्य अधिकारियों तथा ब्रहमसरोवर के आसपास के वेंडरों से बातचीत की और दोनों पक्षों में कुछ विषयों को लेकर सहमति बनी और अधिकारियों की बातों से सभी वेंडर संतुष्ट हो गए। इसके उपरांत पूर्व राज्यमंत्री ने वेंडरों को दिए जाने वाले नए स्थल का निरीक्षण भी किया।
उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव आमजन का महोत्सव है। इस महोत्सव का कुरुक्षेत्र के वेंडर, व्यापारी और दुकानदार बेसब्री से इंतजार करते है, क्योंकि इन लोगों की व्यवसायिक गतिविधियां महोत्सव के साथ पूर्णतः महोत्सव के साथ जुड़ चुकी है। इसलिए इन लोगों की जरुरतों और समस्याओं को जहन में रखना जरुरी है। सभी के आपसी सहयोग से महोत्सव को स्वच्छ व सुंदर बनाने के साथ-साथ यादगार तरीके से संपन्न करवाना है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 के मुख्य कार्यक्रम 5 दिसंबर से 11 दिसंबर तक चलेंगे। इस दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर व्यक्ति के सहयोग की जरुरत होगी।

## क्षेत्र के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ूगा: कादियान



टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर: विधायक** देवेंद्र कादियान ने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से मैं विधायक बना हूं। मैं क्षेत्र के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ूगा, जो भी संभव हो सकेगा। मैं वह करूंगा। मेरा मकसद आप लोगों की सेवा करना है और मैं आपकी सेवा करता रहूंगा। ये बातें विधायक कादियान ने अपनी धन्यवादी यात्रा के दौरान सोमवार को गांव पुरखास राठी, पुरखास धीरान, सैन्याखेड़ा, तेवड़ी व पुगथला में लोगों को संबोधित करते हुए कही। यहां उनका ग्रामीणों ने फूलमाला से जोरदार स्वागत किया। विधायक देवेंद्र अपनी यात्रा में प्रशासनिक अमला साथ लेकर चल रहे है। लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी जा रही है, इसके साथ ग्रामीण गांव के विकास करवाने को लेकर अपना मांग पत्र भी दे रहे है। इस दौरान ग्रामीणों ने देहात में बिजली ट्रांसफार्मर, स्कूल, मवेशी चोरी होने की बढ़ती घटना, रास्तों को पक्का कराना, रोडवेज बस लगवाने समेत कई समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। जिस पर विधायक ने भरोस दिलाया है कि जन शिकायतों का निष्पादन प्रशासन की प्राथमिकता है, इस दिशा में अधिकारी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें।

### हास्य कवि सम्मेलन गुदगुदी 8 दिसंबर को

**गन्नौर। रोटरी** क्लब आफ गन्नौर सैन्ट्रल द्वारा हास्य कवि सम्मेलन गुदगुदी 8 दिसंबर को बादशाही रोड दिवान गार्डन में होगा। जानकारी देते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष डा. मनोज, कार्यक्रम संयोजक निशांत गोयल ने संयुक्त रूप से बताया कि कवि सम्मेलन में डा. हरिओम पंवार, डा. प्रवीन शुक्ल, सुदीप भोला, राजेश चेतन, मोहन मुतजिर, सुश्रीसाक्षी तिवारी, दीपक सैनी आदि कवि अपनी कविताओं से लोगों का मनोरंजन करवाएंगे। क्लब के प्रधान अमित त्यागी, सचिव सतीश चौधरी ने बताया कि कवि सम्मेलन की तैयारियों में क्लब के सचिव इलेक्ट संजीव डाबरा, पूर्व प्रधान डा. नीरज त्यागी, रोहित त्यागी आदि व्यवस्थाओं में लगे है।

## 2 टॉयलेट्स व दीवार फेंसिंग का विधायक ने किया उद्घाटन

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर: सांदल कलां** के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए 2 टॉयलेट्स मुरथल की एक कंपनी द्वारा बनवाए गए है। इसके साथ ही स्कूल की चारदीवारी की फेंसिंग कराई गई। इन दोनों कामों पर करीब 13 लाख रुपए की लागत आई। सोमवार को स्कूल में पहुंच कर बतौर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने उद्घाटन किया। इस मौके पर कंपनी के एमडी कर्म सिंह, सीएफओ हरीश उनियाल, जितेंद्र सिंह व स्कूल प्रधानाचार्य रेखा देवी मौजूद रही। स्कूल पहुंचने पर विधायक कादियान का



फूलमाला से स्वागत किया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कंपनी के काम की सराहना की और कहा कि टॉयलेट का निर्माण कराना स्वच्छ भारत की मुहिम को बढ़ावा देना है। दूसरी समाजसेवी संस्थाओं को भी चाहिए कि वह भी ऐसे कामों में अधिक बढ़चढ़ कर हिस्सा लें। टॉयलेट्स बनने पर खासकर बेटियों को सुविधा मिलेगी। कादियान ने बच्चों को मोटिवेट करते कहा कि युवा देश का भविष्य है। आज बेटा-बेटी में कोई फर्क नहीं है। बेटियां भी हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है। जरूरी है कि जीवन में हर बच्चा लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें। उनकी अपनी देवा संस्था भी युवाओं के भविष्य को संवारने का काम कर रही है। आर्थिक रूप से कमजोर बीपीएल परिवार के लड़कियों को मुफ्त कोचिंग देती है। कंपनी एमडी कर्म सिंह ने कहा कि भविष्य में भी कंपनी की ओर से यथासंभव मदद की जाएगी।

### हकेंवि के विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय के 42 विद्यार्थियों के एक समूह ने सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विकास गर्ग, प्रो. भास्कर दास और सहायक प्रोफेसर इंजीनियर दिव्या शर्मा के साथ प्रमुख संस्थानों का शैक्षणिक भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) का दौरा किया। संस्थान में विद्यार्थियों ने लकड़ी, प्लाईवुड और वन प्रबंधन के वैज्ञानिक पहलुओं को समझा। साथ ही उन्होंने सर्वे ऑफ इंडिया का दौरा किया, जहां डॉ. हरीश और उनकी टीम ने उन्हें सर्वेक्षण विधियों के विकास और इस क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया। इसी क्रम में विद्यार्थियों ने रुड़की स्थित सिंचाई अनुसंधान संस्थान (आईआरआई) का दौरा किया। वहां उन्होंने टिहरी डैम और कोलडैम के कार्यशील मॉडलों का अध्ययन किया। कार्यकारी अभियंता इंजीनियर जेएस जयरा और इंजीनियर संजय ने विद्यार्थियों को जल संसाधन प्रबंधन और जलविद्युत इंजीनियरिंग को विस्तार से समझाया। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए सैद्धांतिक अवधारणाओं को व्यावहारिक अनुप्रयोगों से जोड़ने में मददगार साबित हुआ।

## अंतर सदनीय गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में चेतना सदन रहा प्रथम

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर। चाइल्ड** केयर इंटरनेशनल स्कूल (शेखपुरा) में अंतर सदनीय गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कक्षा छठी से नवमी के छात्रों के मध्य आयोजित की गई। परीक्षा में प्रत्येक सदन से विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चेतना सदन ने पहला स्थान प्राप्त किया, अनुराग सदन ने दूसरा, स्मृति सदन ने तीसरा



तथा प्रगति सदन ने चौथा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संचालन विद्यालय के शिक्षक नवीन ने किया तथा अनुशासन का कार्य विद्यालय के शिक्षक आयुष त्यागी ने संभाला। विज्ञान प्रश्नोत्तरी की प्रतियोगिता के समापन के समय सभी सदनों को श्रेणी के अनुसार प्रमाण पत्र और ट्रॉफी दी गई।

## गन्नौर में मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर: शहर** के प्रधानवास मोहल्ले में एक बंद मकान का ताला तोड़कर चोर लाखों के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए। मकान मालिक रामकिशन ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। उन्होंने बताया कि वह पिछले डेढ़ साल से अपने परिवार सहित गुरुग्राम में रह रहे हैं और यहां अपने मकान में भी आते जाते रहते हैं। उन्हें 1 दिसंबर 2024 को पड़ोसियों से सूचना मिली कि उनके मकान के ताले टूटे हुए हैं और दरवाजे खुले हुए हैं। रामकिशन ने जब मौके पर पहुंचकर देखा, तो मेन गेट और अंदर के दरवाजों के ताले टूटे मिले। मकान के अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। अंदर कमरे में रखी अलमारी में रखे चार जोड़ी चांदी की पाजेब, दो सोने की अंगूठियां, दो जोड़ी सोने की बालियां, एक सोने का मंगलसूत्र, दस चांदी के सिक्के, 10 हजार नकद, 48 पैंट-शर्ट, 77 महिलाओं के सूट, 25 साड़ियां चोरी मिले।

## विजय इंटरनेशनल स्कूल बलाना के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़। जयपुर** में 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक आयोजित पांचवीं थोडा नेशनल चैंपियनशिप में विजय इंटरनेशनल स्कूल बलाना के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले और राज्य का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के 12 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी मेहनत और लग्न से उत्कृष्ट सफलता हासिल की। इस दौरान वंशिका पुत्री कुलदीप और दीपांशु पुत्र उमेद ने अपने शानदार प्रदर्शन से गोल्ड मेडल जीतकर स्कूल और राज्य का गौरव बढ़ाया। मुकुल पुत्री कपिल, सपना पुत्री अशोक, प्रिंस पुत्र कुलदीप, अनिकेत पुत्र प्रदीप, अक्षत पुत्र प्रमोद, अमन पुत्र नरेश कुमार, मनन पुत्र विजयपाल और कार्तिकेय पुत्र कमल सिंह ने सिल्वर मेडल जीतकर प्रतियोगिता में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अंशु पुत्री धर्मेंद्र और रीहान पुत्र इकबाल ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपनी उत्कृष्टता का परिचय दिया। चेयरमैन विजय यादव टूमना ने बताया कि इन बच्चों ने अपने खेल कौशल से न केवल विद्यालय और जिले का बल्कि पूरे राज्य का नाम रोशन किया है। अब ये सभी खिलाड़ी इंटरनेशनल लेवल पर स्विट्जरलैंड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने इस सफलता को अभूतपूर्व बताते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार देश के लिए मेडल जीतें।
खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय में चेयरमैन विजय यादव टूमना, संरक्षक महेंद्र सिंह, प्रिंसिपल डॉ. एसएस यादव और वाइस प्रिंसिपल नत्थू सिंह ने भव्य स्वागत किया। सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कंपनी में निवेश का झांसा दे सवा सात लाख हड़पे

**जींद: सदर** थाना सफीदों पुलिस ने कंपनी में निवेश की बात कह कर सवा सात लाख रुपये ठगने पर एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव शीलाखेड़ी निवासी मेहर सिंह ने सोमवार को पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दिसंबर 2022 में उसका संपर्क अशोक से हुआ। जिसने बताया कि वह एलपीएनटी टोकन कंपनी में नौकरी करता है। कंपनी में निवेश करने पर डेढ़ साल में राशि डबल हो जाती है। अशोक के झांसे में आकर उसने दो लाख रुपये जून 2023 में निवेश के लिए दे दिए।

## पैरामिलिट्री के जवानों को शहीद का दर्जा देने की मांग

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर:** शहर की नई अनाज मंडी के सामने स्थित एक रेस्तरां में एक्स पैरामिलिट्री वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रेसवार्ता का आयोजन कर सरकार के समक्ष अपनी विभिन्न मांगों को रखा। एसोसिएशन ने पैरामिलिट्री के जवानों को शहीद का दर्जा दिलाने की प्रमुख मांग उठाई। प्रेसवार्ता करते हुए एसोसिएशन के सदस्य बलबीर सिंह ने कहा कि अर्धसैनिक बलों के जवान देश की सुरक्षा और आंतरिक शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बावजूद इसके, उन्हें वह सम्मान और सुविधाएं नहीं मिलतीं, जो सशस्त्र बलों के जवानों को दी जाती हैं। एसोसिएशन ने पैरामिलिट्री



जवानों और उनके परिवारों के हितों की रक्षा के लिए कई अन्य मांगें भी रखीं। उन्होंने वन नेशन वन पेंशन और पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग की। साथ ही, केंद्रीय स्वास्थ्य योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की अपील की। इसके अलावा, पैरामिलिट्री कल्याण बोर्ड के गठन और अर्ध सैनिक झंडा दिवस घोषित करने की भी मांग उठाई गई। उन्होंने कहा कि झंडा दिवस से प्राप्त धनराशि का उपयोग जवानों और उनके परिवारों के कल्याण में किया जा सकता है। उन्होंने हर जिले हर ब्लाक में तिरंगा पार्क का निर्माण करवाने की भी मांग की। जिसमें तिरंगे झंडे के नीचे शहीद अर्धसैनिक बल के जवानों का पार्थिव शरीर रख कर उन्हें सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी जा सके। एसोसिएशन ने सरकार से अर्धसैनिक बलों के योगदान को उचित सम्मान देने का आग्रह किया। बलबीर सिंह ने बताया कि अर्धसैनिक बलों की हितों व उक्त सभी मांगो को लेकर वह अपनी धर्मपत्नी शीला देवी के साथ बाघा बार्डर से कन्याकुमारी तक 3500 किलोमीटर की यात्रा निकालेंगे। यात्रा 14 फरवरी 2025 से शुरू होगी जो 100 दिन में समाप्त होगी।

## फैक्ट्री में काम करने वाले प्रत्येक कर्मी की पुलिस वेरीफिकेशन करवाएं

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )

**आगामी 9** दिसम्बर को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पानीपत दौरे के मद्देनजर जिला पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट मोड में है। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने सोमवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में जिला की औद्योगिक व सामाजिक संगठनों के प्रधानों की बैठक लेकर उनके यहा फैक्ट्री में बाहर से आकर काम करने वाले कर्मियों की पुलिस वेरिफिकेशन कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि पानीपत एक औद्योगिक नगरी है। यहा पर विभिन्न प्रदेशों से लोग काम के सिलसिले में आते



है। इनमें कुछ अपराधिक किस्म के व्यक्ति भी होते है जो मौका मिलते ही अपराध को अंजाम देकर भाग जाते है। बाद में उनका रिकार्ड न तो फैक्ट्री मालिक के पास होता और न पुलिस के पास होता है। इसलिए कड़ी सुरक्षा के तहत इस मुद्दे को गम्भीरता से लेते हुए उनके यहा फैक्ट्री में बाहर से आकर काम करने वाले कर्मियों की पुलिस वेरिफिकेशन करवाकर संबधित पुलिस थाना में रिकार्ड जमा करवाने में पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि वेरिफिकेशन करवाने से यह पता चल जाता है युवक किसी आपराधिक मामले का आरोपी तो नही है। और यहा किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने कि फिराक में तो नहीं है। वेरिफिकेशन से अपराध पर अंकुश लगता है। आमजन जिला में सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में पुलिस का सहयोग करें।
बैठक में मौजूद प्रधानों ने पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस को आश्वस्त किया कि वे अपने प्रत्येक कर्मी की पुलिस वेरिफिकेशन करवा जिला पुलिस का सहयोग करेंगे। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला पुलिस चप्पे चप्पे पर नजर बनाए हुए है। कॉम्बिग अभियान चलाकर कॉलोनियों में किरायेदारों व झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों से पूछताछ करने से साथ उनकी वेरिफिकेश की जा रही है। सिविल कपड़ों में भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इसके साथ ही ड्रोन कैमरे से भी नजर रखी जा रही है। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स व सामाजिक संगठनों से भीम सचदेवा, महेंद्र मुखिजा, हरबंस आनंद, आरसी सतीजा, श्याम सुंदर, पवन बंसल, सार्थक नागपाल, नरेश कुमार, विपन मित्तल, भूषण वर्मा, विकास, मुकेश गुप्ता, सुमित अरोड़ा, भारत बांगा, कमल भ्याना, नितिन अरोड़ा, अनिल बंसल, राजेंद्र सिंह, हरविंद्र सिंह, सुभाष जैन, सुनील तुली, सुभाष अनेजा व श्रीभगवान अग्रवाल मौजूद रहें।

## जेरपुर-पाली रेलवे स्टेशन पर अंडरपास बनने की जगी उम्मीद

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़। क्षेत्र** के एक दर्जन से भी अधिक गांवों के लिए जल्द ही एक बड़ी सुविधा मुहैया होने की उम्मीद अब पूरी होती दिख रही है। जेरपुर-पाली रेलवे स्टेशन पर अंडरपास बनाए जाने को लेकर जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इस बारे में जानकारी देते हुए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि उन्होंने दिल्ली पहुंचकर सांसद धर्मबीर सिंह से इस अंडरपास के जल्द निर्माण को लेकर मुलाकात की थी। संदीप मालड़ा ने बताया कि सांसद का चुनाव जीतकर आने के बाद पहली बार सांसद धर्मबीर सिंह ने अधिकारियों की बैठक ली थी तो क्षेत्र के लगभग दर्जनभर गांवों के सरपंचों ने सांसद से मुलाकात कर इस अंडरपास के जल्द निर्माण की मांग की थी। उससे पहले पिछले साल अपने जन संवाद कार्यक्रम के दौरान जब सांसद ने पालड़ी, कुराहवटा आदि गांवों का दौरा किया था तो उस समय भी इस अंडरपास के निर्माण की मांग की गई थी। जिसपर सांसद धर्मबीर सिंह ने तत्कालीन रेल मंत्री को पत्र लिखकर यहां अंडरपास बनवाने को लेकर पत्र लिखा था। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के अधिकारियों द्वारा यहां दौरा करके इस अंडरपास निर्माण को लेकर फिजीबिलिटी पर सकारात्मक रिपोर्ट सबमिट की गई थी तथा इसके निर्माण की टेक्नीकल स्वीकृति बारे मामला प्रधान कार्यालय भेजने की बात कही थी। संदीप मालड़ा ने बताया कि इसी को लेकर उन्होंने सांसद धर्मबीर सिंह से मुलाकात कर दर्जन गांवों का एक सामूहिक मांग पत्र सौंपा था तथा इस अंडरपास निर्माण के कार्य में तेजी लाने का निवेदन किया था।

## न्यूज फ्लैश

### जयराम विद्यापीठ में गीता जयंती महोत्सव पर होगा भव्य हास्य कवि सम्मेलन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गीता जयंती महोत्सव 2024 के अवसर पर जयराम विद्यापीठ परिसर में देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से 10 दिसम्बर को रात्रि विशाल हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि हास्य कवि सम्मेलन में विष्णु सक्सेना, डा. प्रवीण शुक्ल, हेमंत पांडेय, गोविंद राठी, पद्मिनी शर्मा, अनिल अग्रवंशी इत्यादि विख्यात हास्य कवियों से काफी रोचक रचनाएँ सुनने को मिलेंगी। हास्य कवि सम्मेलन में कवियों द्वारा भ्रष्टाचार, राजनीति और मानवीय संवेदनाओं पर कटाक्ष किए जायेंगे। गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर जयराम विद्यापीठ में आयोजित हास्य कवि सम्मेलन में हास्य कवियों को सुनने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचते हैं

### समाधान शिविर में पहुंची तीन विभागों संबंधित समस्याएं

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

हरियाणा की जनता को समस्याओं से निजात दिलाने के लिए सरकार द्वारा समाधान शिविरों को मुख्य आधार बनाया गया है। प्रदेश में रहने वाले किसी भी नागरिक का कोई कार्य सरकारी विभागों में ना अटका रहे इसके लिए समाधान शिविरों की मॉनिटरिंग स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा की जा रही है। सोमवार को लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित शिविर की अध्यक्षता उप मंडल अधिकारी अमित कुमार द्वारा की गई। शिविर में कुल सात लोगों द्वारा शिकायतें दर्ज कराई गई। जिन में परिवार पहचान पत्र को लेकर तीन, रेवेन्यू संबंधित दो, बीडीपीओ कार्यालय की एक तथा एक अन्य समस्या अधिकारियों के समक्ष रखी गई। एसडीएम अमित कुमार ने सभी शिकायतों के तुरंत समाधान हेतु निर्देश देते हुए शिकायतों को संबंधित विभागों में भेज दिया ।

### अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की सांस्कृतिक कार्यक्रम की झलकियां



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर** सिंह मलिक

कुरुक्षेत्रः कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 28 नवंबर से चल रहा है जिसमें मुख्य कार्यक्रम 5 दिसंबर से 15 दिसंबर तक रहेंगे। हर रोज संध्याकालीन आरती में सरकार के वीआईपी भी शिरकत करते हैं। प्रदेश सरकार एवं स्थानीय प्रशासन की ओर से सभी को श्रद्धापूर्वक निमंत्रण दिया जा रहा है कि सभी अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव को अवश्य देखने आए। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का उद्घाटन महामहिम एम राज्यपाल द्वारा किया गया है।

# राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के अवसर पर सेमीनार आयोजित

## पर्यावरण प्रदूषण जीवन और स्वास्थ्य की गुणवत्ता को प्रभावित करता है: प्रो मीना मलिक

**जागरूक किया**

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य पोर्टल के अनुसार हर साल 7 मिलियन लोग वायु प्रदूषण के कारण मरते हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**एसडी** पीजी कॉलेज पानीपत की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के अवसर पर एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया जिसकी मुख्य अतिथि और वक्ता प्रो मीना मलिक डीएवी कॉलेज अम्बाला कैंट रही। सेमीनार की शुरूआत में माननीय वक्ता का स्वागत प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, कॉलेज एनएसएस अधिकारी डॉ राकेश गर्ग, प्रो अन्नू आहूजा और प्रो मनोज कुमार ने पुष्प-रोपित गमले के साथ किया। विदित रहे कि यह दिवस हमें प्रदूषण नियंत्रण के महत्व को समझने और स्वस्थ वातावरण के निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देता है । यह दिन 1984 की भोपाल गैस त्रासदी की याद में मनाया जाता है और इस दिन का उद्देश्य प्रदूषण के खतरों के प्रति जागरूकता फैलाना और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जरूरी कदमों को बढ़ावा देना है । इस अवसर पर प्रदुषण मुक्त भारत की शपथ और जागरूकता रैली भी निकाली गयी। प्रो मीना मलिक डीएवी कॉलेज अम्बाला कैंट ने कहा कि आज के दिन का उद्देश्य प्रदूषित जल, भूमि और वायु के कारण होने वाली मौतों के बारे में जागरूकता लाना है । इसके अलावा, भोपाल गैस त्रासदी जैसी औद्योगिक आपदाओं को कैसे रोका जाए, इस पर भी यह दिन प्रकाश डालता है । प्रदूषण विश्व के समक्ष एक बड़ी समस्या है । भारत के राष्ट्रीय स्वास्थ्य पोर्टल के अनुसार दुनिया भर में हर साल लगभग 7 मिलियन लोग वायु प्रदूषण के कारण मरते हैं । इसे पर्यावरण प्रदूषण के नाम से भी जाना जाता है । हम प्रदूषण को किसी भी पदार्थ, चाहे वह ठोस, तरल, गैस हो या ऊर्जा का कोई भी रूप जैसे ऊष्मा, ध्वनि आदि, का पर्यावरण में शामिल कर सकते हैं । प्रदूषण पैदा करने के लिए विभिन्न कारक जिम्मेदार हैं जैसे पटाखे फोड़ना, कार्बन उत्सर्जन, बम विस्फोट, उद्योगों के माध्यम से गैसों का रिसाव आदि । आजकल प्रदूषण की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और प्रदूषण के स्तर को कम करना संबंधित सरकार और लोगों का कर्तव्य है । हमें प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए विचार और योजनाएं बनानी चाहिए । हाल ही में 12 नवंबर 2024 को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने वायु प्रदूषण की जांच करने के लिए एक स्पष्ट और निष्पक्ष दृष्टिकोण स्थापित करने हेतु वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण नियम, 2024 को अधिसूचित किया है । यह प्रावधान 12 नवंबर से लागू भी हो गया हैं । यह नियम वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के दायरे में आता है।

डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस 1984 की भोपाल गैस त्रासदी की याद में मनाया जाता है जब यूनियन कार्बाइड की फैक्ट्री से निकलने वाली जहरीली गैस ने हजारों लोगों की जान ले ली थी।

## टॉप लीडर्स को एप्रिसिएशन गिफ्ट देकर सम्मानित किया




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

**एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया के टीम लीडर्स मीट सेमिनार का आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में होटल छिमेवर में हुआ अवसर पर मुख्य इंटरनेशनल डायरेक्टर रुबीना, इंटरनेशनल चीफ डायरेक्टर सतीश मल्होत्रा, नैशनल चीफ डायरेक्टर मुनीश जैन, नैशनल डायरेक्टर अजीत राही, नैशनल चीफ चेयरपर्सन पायल मित्तल, नैशनल चेयरमैन साइबर क्राइम सैल एन डी गोयल एवं स्टेट डायरेक्टर हरियाणा कमल गोयल ने शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यातिथियों एवं टॉप लीडर्स का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। नवनियुक्त मेंबर्स का भी फूलमालाओं से विशेष स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवम्बर महीने के तीसरे एवं अंतिम सप्ताह के टॉप लीडर्स को एप्रिसिएशन गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि फाउंडेशन भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए तत्परता से कार्य कर रहा है। फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं सदस्य इस अभियान में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन के करप्शन फ्री इंडिया अभियान में सभी अपना योगदान दें। इस मौके पर पानीपत जिला अध्यक्ष मुकेश जैन, पानीपत जिला उपाध्यक्ष सुमित कुमार, पानीपत जिला चेयरमैन हितेश जैन, पानीपत जिला निदेशक गौरव अरोड़ा का एसीएफआई परिवार में स्वागत किया गया। इस अवसर पर टॉप लीडर अवॉर्ड से हरीश वधावन, सुरेन्द्र मोहन गाबा, तरसेम कुमार गुप्ता, विजय पाल भाटिया, सुरेन्द्र कुमार ललित, कर्म सिंह लांगयान, संजीव गर्ग, दिनेश कुमार छाबड़ा, सुरेन्द्र कुमार हिंदुजा, मनोज कुमार, रणजीत गिल मौजूद रहे।

## कुवि में विश्व एड्स दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्रः कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, समाज कार्य विभाग व एलएनजेपी अस्पताल, कुरुक्षेत्र से आईसीटीसी विभाग के सहयोग से विश्वविद्यालय सीनेट हाल में विश्व एड्स दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर. चौधरी ने कहा कि विश्व एड्स दिवस प्रत्येक वर्ष 01 दिसंबर को मनाया जाता है जिसका उद्देश्य एचआईवी संक्रमण के प्रसार की वजह से एड्स महामारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। एड्स रोग में शरीर का इम्यून सिस्टम कमजोर होने की वजह से शरीर बीमारियों से बचाव नहीं कर पाता है। यह एड्स वायरस इन्फेक्शन की वजह से होता है। विशिष्ट अतिथि समाज कार्य विभाग की अध्यक्षा डॉ. वनिता ढींगरा व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आईसीटीसी काउंसलर बलविंदर सिंह ने छात्र-छात्राओं को एड्स के संक्रमण के कारक व बचाव के उपायों के बारे में बताया।

## अब तक बाल विवाह के खिलाफ 4598 परिवारों को जागरूक किया: संजय

**पुनर्वासित**

**1293 बच्चों को बाल श्रम के चंगुल से मुक्त करवाकर समिति के माध्यम से पुनर्वासित कराया गया है**




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

बाल अधिकार संस्था एमडीडी ऑफ इंडिया ने एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया जिसमें जिला समन्वयक संजय कुमार ने संस्था के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया और पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए। संजय कुमार ने कहा कि संस्था पिछले काफी वर्षों से बच्चों के अधिकारों के लिए काम कर रही है और अभी हरियाणा के 15 जिलों में बाल विवाह, बाल श्रम और बाल यौन दुर्व्यवहार के खिलाफ काम कर रही है। संस्था अप्रैल से अब तक बाल विवाह के खिलाफ 4598 परिवारों को जागरूक कर चुकी है और उनसे बाल विवाह न करने के लिए शपथ पत्र भरवा चुकी है। इसके अलावा संस्था द्वारा 1293 बच्चों को बाल श्रम के चंगुल से मुक्त करवाकर बाल कल्याण समिति के माध्यम से पुनर्वासित कराया गया है। संस्था ने सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस के अनुसार बाल कल्याण समिति द्वारा 539 पॉक्सो केसों में बच्चों को सपोर्ट पर्सन भी मुहैया कराए हैं। महिला सरंक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग के सहयोग से जिले में जगह-जगह बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं, ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों, आशा व आंगनवाड़ी कार्यकताओं, शिक्षकों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई जा रही है। इस अभियान के तहत मीटिंगों, ट्रेनिंग, सेमिनार, कैंडल मार्च और रैलियों के द्वारा भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान और जमीन पर इसके असर की चर्चा करते हुए एमडीडी ऑफ इंडिया के निदेशक सुरेन्द्र मान ने कहा, ह्लप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बाल विवाह के खात्मे के लिए महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय की ओर से शुरू किया गया अभियान इस बात का सबूत है कि सरकार इस सामाजिक बुराई की गंभीरता से अवगत है। आज भी देश में 23 प्रतिशत से ज्यादा लड़कियों का बाल विवाह होता है जो न सिर्फ जीवनसाथी चुनने के उनके अधिकार का हनन है।

## समाधान शिविर में गैर हाजिर ना रहें अधिकारी: उपायुक्त

**आदेश**

**जनता समाधान शिविर में देरी से पहुंचने वाले अधिकारियों को गैर हाजिर माना जाएगा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**हरियाणा** सरकार द्वारा जनता की समस्याओं के निदान को लेकर जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर में देरी से पहुंचने वाले अधिकारियों को गैर हाजिर माना जाएगा व उच्च अधिकारियों को उनकी कार्यशैली के संदर्भ में पत्र के माध्यम से अवगत करवाया जाएगा। उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने सोमवार को जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए कहा कि शिविर में समस्याओं के समाधान के प्रतिशत को मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा संज्ञान लिया जा रहा है। सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित समस्याओं के निस्तारण को लेकर ओर रूचि दिखाए।

उपायुक्त ने समाधान शिविर के संदर्भ में अधिकारियों को संबोधित भी किया व कहा कि वे इस कार्य को किसी भी तरह का बोझ न समझे व आनंदपूर्वक रूचि लेकर कार्य को पूरा करें। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे 10 बजे से 12 बजे तक सभागार में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें। इससे जनता भी खुश रहेगी व शिविर का उद्देश्य भी पूर्ण होगा। शिकायतकर्ता इंद्रपाल वासी शिव नगर ने उपायुक्त से प्रार्थना की कि उनका आयुष्मान कार्ड भी बनवाने का कष्टद्द करें क्योंकि उनका बीपीएल कार्ड तो बना हुआ है लेकिन आयुष्मान कार्ड न होने के कारण उनकी आंख का ऑपरेशन होना है लेकिन पैसे के अभाव में ऑपरेशन व अन्य बीमारियों का इलाज करवाने में असमर्थ है।

## अत्याचार निर्वारण अधिनियम के तहत आने वाले मामलों में बरती जा रही पारदर्शिता

### जिला सचिवालय में हुई जिला स्तरीय चौकसी और निगरानी कमेटी की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**जिला** सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में सोमवार को जिला स्तरीय चौकसी और निगरानी कमेटी की बैठक उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अनुसूचित जाति, जनजाति (अत्याचार निर्वारण अधिनियम) के तहत दर्ज मामलों पर उपायुक्त ने अपडेट लिया व अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

उपायुक्त ने बताया कि किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। अत्याचार निर्वारण अधिनियम के तहत जो मामले आए है उन पर गहनता से विचार करके निर्णय लिये गए है। उपायुक्त ने बताया कि 1 अप्रैल 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक दर्ज 13 मामलों में से 9 पीड़ितो को सहायता राशि उपलब्ध करवाईं जा चुकी है जबकि 2 मामलों पर विचार करने पर उन्हें रदद कर दिया है और 2 मामले में दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

इस मौके पर समिति के सदस्यों ने उपायुक्त से अनुरोध किया कि भविष्य में होने वाली बैठक में सभी अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होनी चाहिए। समिति सदस्यों ने उपायुक्त के सामने शौचालय संबंधी समस्याएं भी रखी। जिन पर उपायुक्त ने संज्ञान लेने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र, डीएसडब्लयू जयपान हुडडा, डीएफएससी नीतू, कुराना के पूर्व सरपंच सत्यावान झण्डा, बलजीत साराशर, सत्यप्रकाश वैद, अशोक कोशिक आदि मौजूद रहे।

## पलवल: भाई ने भाई को पेट में चाकू घोंपा

**पलवलः पलवल में** पानी का पाइप काटने को लेकर दो सगे भाइयों में हुई कहासूनी खूनी संघर्ष में बदल गई। एक ने दूसरे भाई पर चाकू से हमला कर दिया। भाई के पेट में कई बार चाकू घोंपा गया। उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर सगे भाई के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गदपुरी थाना प्रभारी रेणू शेखावत ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि सिकंदरपुर गांव निवासी चेतराम ने दी शिकायत में कहा है कि वह अपने खेत को देखने के लिए गया था। उसी दौरान उसे किसी ने बताया कि उसके भाई मुकेश ने उसकी पानी की पाइप काट दी है।

## मुस्तफाबाद रेलवे स्टेशन पर गाड़ियों के ठहराव को मंजूरी

**सुविधा होगी**

**सांसद नवीन जिंदल के आग्रह पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी मंजूरी, लोगों को राहत**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र/रादौरः सांसद** नवीन जिंदल के आग्रह पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुस्तफाबाद रेलवे स्टेशन पर दिल्ली अंबाला छावनी इंटरसिटी एक्सप्रेस एवं नई दिल्ली जालंधर शहर इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव को मंजूरी दी है। इससे इस रूट पर रेल यात्रियों को संबंधित शहरों में आने जाने में सुविधा होगी। इसकी जानकारी सांसद नवीन जिंदल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से साझा करते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है। सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि 24 जुलाई को सांसद नवीन जिंदल की ओर से उपरोक्त रेलगाड़ियों के मुस्तफाबाद रेलवे स्टेशन पर ठहराव हेतु केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र भेजा गया था। इतना ही नहीं सांसद नवीन जिंदल ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात करके उन्हें यात्रियों की समस्याओं से भी अवगत कराया था। सांसद नवीन जिंदल के आग्रह पर केंद्रीय रेल मंत्री ने इस मांग को स्वीकार किया है। रेल मंत्रालय की ओर से सांसद के पत्र के संदर्भ में उन्हें जवाब भेजकर उपरोक्त रेल गाड़ियों के ठहराव की पुष्टि की है। लोगों ने यह मांग पूरी करवाने पर सांसद नवीन जिंदल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नवीन जिंदल आम आदमी की समस्याओं को भारी भांति जानते हैं और जब भी लोग छोटी से छोटी मांग को लेकर उनसे मिलते हैं वह उसे गंभीरता पूर्वक पूरा करवाने का प्रयास करते हैं।

## जनता कैंप में विज ने कई अधिकारियों को लगाई फटकार

**जनसमस्या**

**जनता कैंप में ज्यादा शिकायतें पेंशन और बिजली विभाग की रही और इन शिकायतों को लेकर अनिल विज नाराज भी हुए**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः हरियाणा के** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों लोगों की समस्याओं को सुना और शिकायतों पर विभिन्न विभागीय अधिकारियों को फटकार लगाते हुए समस्या हल करने के दिशा-निर्देश दिए। जनता कैंप में ज्यादा शिकायतें पेंशन और बिजली विभाग की रही और इन शिकायतों को लेकर कैबिनेट मंत्री अनिल विज नाराज भी हुए। बुजुर्ग दंपत्ति ने मंत्री अनिल विज को अपनी शिकायत देते हुए कहा कि पेंशन विभाग के कई चक्कर लगाने के बावजूद भी उनकी पेंशन अब तक नहीं लग सकी है जिसपर कैबिनेट मंत्री अनिल विज खासे नाराज हुए। उन्होंने पेंशन अधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा कि ह्लवह कुछ तो शर्म करें, तुम्हारा विभाग नौकरी के साथ-साथ लोगों की सेवा करने का हैह्व। उन्होंने कहा विभाग के कार्यालय पहुंचने के बाद भी यदि किसी की सुनवाई नहीं हो रही तो अनिल विज ऐसे लोगों को ठीक करना जानता है। उन्होंने इस मामले में तुरंत बुजुर्गों की पेंशन लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा पेंशन लगाने व अन्य कार्यों को लेकर भी पेंशन विभाग की कई शिकायत कैबिनेट मंत्री अनिल विज के समक्ष आई जिनपर उन्होंने अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज के समक्ष फरियाद ने हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में उसके घर हुई चोरी का मामला ट्रेस नहीं होने की शिकायत की। उसने कहा कि पुलिस कार्यप्रणाली से वह संतुष्ट नहीं है, इसी बीच मौके पर मौजूद अन्य शिकायतकताओं ने भी इसी क्षेत्र में चोरियों की शिकायत की जिसपर मंत्री अनिल विज ने अम्बाला कैंट थाने के एसएचओ को मामले जांच के निर्देश दिए तथा चौकी इंचार्ज को भी बदलने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, राजकीय कालेज के पीछे ग्वाल मंडी में शौचालय बंद होने, पूजा पेट्रोल पंप के समक्ष प्लाट पर मकान नहीं बनने देने, पंजोखरा साहिब में पानी निकासी व स्कूल में टीचरों की संख्या बढ़ाने, रोडवेज बस चालक द्वारा ऑटो को टक्कर मारने पर कार्रवाई नहीं होने, बीडी फ्लोर मील क्षेत्र में आरोपियों द्वारा धमकियां देने, दयालबाग में घर के आगे ट्रांसफार्मर लगा होने, टुंडला मंडी में पानी की लीकेज होने, बोह निवासी द्वारा कबूतरबाजों द्वारा उससे साढ़े तीन लाख की ठगी होने व अन्य शिकायतें आई जिनपर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने विभिन्न विभागीय अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

## 107 ग्राम चरस तस्करी मामले में आरोपी सप्लायर को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**पुलिस** अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करी की वारदातों पर अंकुश लगा नशा तस्करों व सप्लायर की धरपकड़ के लिए चलाए विशेष अभियान तहत एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने 107 ग्राम चरस तस्करी मामले में रविवार को आरोपी नशा सप्लायर को तहसील कैंप में लोधी पार्क के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान कृष्ण लाल निवासी जट्टू चौक तहसील कैंप के रूप में हुई। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज एएसआई राजेंद्र ने बताया उनकी टीम ने बीती 19 अक्तूबर को अनाज मंडी कट के सामने फ्लाई ओवर पुल के नीचे नाकाबंदी कर बाइक सवार नशा तस्कर आरोपी वीरभान निवासी भागल कैथल को 107 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी ने शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाने के लिए उक्त चरस तहलसील कैंप जट्टू चौक निवासी कृष्ण लाल पुत्र कशमीरी लाल से 25 हजार रूपए में खरीदने बारे स्वीकारा था। आरोपी के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपी वीरभान को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत जेल भेजने के बाद आरोपी नशा सप्लायर कृष्ण लाल की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। इंचार्ज एएसआई राजेंद्र ने बताया कि पूछताछ में नशा सप्लायर आरोपी कृष्णलाल ने चरस सप्लाई करने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया उसने चरस बेचकर हासिल किये 25 हजार रुपए में से ज्यादातर पैसे खर्च कर दिए। पुलिस ने आरोपी के कब्ज से बचे 1 हजार रूपए बरामद कर सोमवार को पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

# गीता ज्ञान संस्थान में महिला संवर्धिनी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

कुरुक्षेत्र :सेवा भारती कुरुक्षेत्र द्वारा गीता ज्ञान संस्थान में महिला संवर्धिनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मंच संचालन गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या श सुमन बाला ने किया। कार्यक्रम का शीर्षक 'नारी तू नारायणी' रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती एवं देवी अहिल्याबाई होलकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं तीन बार गायत्री मंत्र का उच्चारण कर किया गया। सर्वप्रथम देवी अहिल्याबाई होल्कर के 3



शताब्दी वर्ष के अवसर पर उनका जीवन सार रखा गया। जिला संघ कार्यवाह रंजीत ने बताया कि सेवा भारती राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का एक प्रकल्प है। उन्होंने सेवा भारती संगठन का उद्देश्य बताते हुए कहा कि इस संगठन का उद्देश्य समान रूप से समाज का विकास करना एवं भाईचारा बनाना है। इसके अंतर्गत बालिकाओं के लिए शिक्षण केंद्र बनाए गए, लोगों के लिए जनकल्याण केंद्र बनाए गए जिससे सभी का जरूरत के अनुसार विकास हो। संगठन 14 जनवरी 1980 को कश्मीरी लाल द्वारा शुरू किया गया था। स्वामी अमृतानंद जी ने विश्व की तीन ऐसी संस्कृतियों के विषय में बताया कि पाश्चात्य संस्कृति में लोग स्त्री को प्राइवेट प्रॉपर्टी मानते हैं दूसरी पब्लिक प्रॉपर्टी , लेकिन भारत में नारी को शक्ति एवं नारी तू नारायणी के रूप में देखा गया है हम नारी को गार्गी एवं मैत्री के रूप में जानते हैं जो ऋषि मुनियों से शास्त्रार्थ करती थी। माद्री एवं अहिल्याबाई जैसी नारियों को शासक के रूप में जानते हैं। प्राचीन समय में नारी परिवार,समाज एवं राष्ट्र का निर्माण करती थीं।उन्होंने कहा कि आज की नारी स्वतंत्रता नहीं स्वच्छंदता चाहती है स्वछंदता का मतलब कुछ भी करना है लेकिन स्वतंत्रता से वह पनडुब्बी चला सकती है, हवाई जहाज उड़ा सकती है अविष्कारक बन सकती है। आज हमें संस्कारी नारी की आवश्यकता है। दोनों कुलों का नाम रोशन करे एवं अपनी संतान को भी संस्कारी बनाये। अपने हिंदू धर्म के धर्म ग्रंथो का भी उसे ज्ञान हो। उन्होंने कहा कि आज के मां-बाप अपने बच्चों को समय दें, नहीं तो बहुत से वृद्ध आश्रम खुल जाएंगे। बच्चों को संस्कार दें।

# ब्रह्माकुमारीज ने आयोजित किया ग्लास पेंटिंग वर्कशॉप

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: ब्रह्माकुमारी** सुप्रीम लाइट हाउस, जग्गी कॉलोनी, अंबाला शहर द्वारा एक ग्लास पेंटिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें सभी भाई बहने बड़े छोटे उम्र के सभी ने भाग लिया।

कंपनी के हरियाणा प्रभाग के हेड प्रशांत सोबती जी और विशाखा अग्रवाल जी ने आकर सभी को ग्लास पेंटिंग सिखाई। सभी ने इसमें भाग लिया और सुंदर सुंदर पेंटिंग ग्लास पर बनाई। भाई जी ने बताया कि पेंटिंग या ड्राइंग करना हमें अनेक मानसिक बीमारियों व तनाव को खत्म करने में मदद करता है। आज के समय में इन परेशानियों के लिए ये सबसे



अच्छा उपाय है जिससे हम स्वयं को स्ट्रेस फ्री रख सकते है बिना कोई दवाई लिए। रोज हमें ड्राइंग करनी है समय निकालना है। सुप्रीम लाइट हाउस ब्रह्माकुमारीज की मुख्य संचालिका बीके दिव्या दीदी और सह संचालिका बीके मीरा दीदी , नेहा दीदी अलका दीदी सभी ने इसमें भाग लिया। आदरणीय बीके दिव्या दीदी जी ने कहा कि इस कला से हमें बच्चों तथा युवाओं को जोड़ना चाहिए ताकि वे डिजिटल साधनों के प्रयोग से बचे तथा उनकी क्रियात्मकता को विकसित किया जा सके।

## न्यूज फ्लैश

### दिव्यांगजनों को सार्थक अवसर देने के लिए प्रयासरत फ्लिपकार्ट

**गुरुग्राम।** फ्लिपकार्ट समर्पित कार्यक्रमों एवं समावेशी प्रक्रियाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों को सार्थक अवसर देने के लिए प्रयासरत है। फ्लिपकार्ट ऐसे माहौल को बढ़ावा दे रहा है, जहां कर्मचारी अपनी वास्तविक प्रतिभा दिखाने में सक्षम हों। अपने इकोसिस्टम के महत्वपूर्ण भाग के तौर पर 2000 से ज्यादा दिव्यांग कर्मचारियों के साथ फ्लिपकार्ट ने समावेशी कार्यस्थल की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। पीडब्ल्यूडी हब (शारीरिक रूप से दिव्यांगजनों के लिए हब) स्थापित करना अयोग्यता पर



योग्यता को वरीयता देने की फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के मौके पर सुनील कुमार, वेंकटेश और रविंदर जैसे डिलीवरी एक्जीक्यूटिव्स की इन प्रेरक कहानियों के माध्यम से हम फ्लिपकार्ट की विभिन्न पहल के प्रभाव को समझ सकते हैं। सुनील कुमार पोलियो के शिकार हैं और कोविड-19 महामारी के दौरान होटल लॉन्ड्री में अपनी नौकरी चली जाने के बाद से स्थायी नौकरी पाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। उसी दौरान एक एनजीओ वॉलंटियर ने दिव्यांगों को नियुक्त करने की फ्लिपकार्ट की पहल के बारे में उन्हें बताया। हर सुबह वह औसतन 70-80 डिलीवरी का लक्ष्य लेकर चलते हैं। बिग बिलियन डेज जैसे विशेष मौकों पर सुनील ने 100 से ज्यादा डिलीवरी करने की चुनौती ली और गर्व एवं दृढ़ता के साथ उसे पूरा किया।

पोलियो का शिकार होने के कारण वेंकटेश के पास सीमित अवसर थे। उसी दौरान फ्लिपकार्ट में काम करने वाले उनके एक दोस्त ने उन्हें यहां दिव्यांगों के लिए अवसर के बारे में जानकारी दी। फ्लिपकार्ट में मिले प्रशिक्षण एवं समर्थन से उन्हें चुनौतियों को पार करने और बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिली।

40 साल के रविंदर 2015 में एक फुटबॉल दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के कारण उन्हें करीब 2 साल बिस्तर पर रहना पड़ा था। उनकी नौकरी चली गई और उन्हें वित्तीय अनिश्चितता का सामना करना पड़ा। एक आंख से कम दिखाई देने की समस्या के बाद भी रविंदर फ्लिपकार्ट में डिलीवरी एक्जीक्यूटिव के रूप में अपना काम पूरे समर्पण के साथ करने के लिए तैयार थे। स्थायी आय की संभावना ने उन्हें इसके लिए प्रेरित किया था। 20 किलोमीटर का सफर करके वह लोहरदगा में टीम लीडर से मिलने पहुंचे। हफ्तेभर का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उन्होंने जल्द ही काम शुरू कर दिया।

अपने समर्पित कार्यक्रमों के माध्यम से फ्लिपकार्ट सार्थक रोजगार दे रहा है और ऐसी संस्कृति को बढ़ावा दे रहा है, जहां कर्मचारियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए सशक्त किया जाता है।

### वी उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए लेकर आए एआई पावर्ड स्पैम एसएमएस आईडेन्टिफिकेशन समाधान

**गुरुग्राम।** जाने-माने दूर-संचार सेवा प्रदाता वी ने आज अपने उपभोक्ताओं को स्पैम से सुरक्षित रखने की दिशा में महत्वपूर्ण घोषणा की है। आज से कंपनी एआई और एमएल द्वारा पावर्ड स्पैम मैनेजमेन्ट समाधान ला रही है। यह नया समाधान मशीन आधारित ऑटोमेटेड समाधान के माध्यम से संभावी स्पैम मैसेजेज को पहचान लेता है, जिससे वी के यूजर मोबाइल का सुरक्षित एवं सहज अनुभव पा सकते हैं। शुरूआती टेस्टिंग अवस्था के बाद से यह समाधान 24 मिलियन से अधिक स्पैम मैसेजेज को पहचान चुका है। स्पैम मैसेजेज की संख्या लगातार बढ़ रही है, अक्सर इनके जरिए उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी भी होती है। वी के स्पैम एसएमएस समाधान रियल टाईम में इस तरह के हानिकारक मैसेजेज को पहचान कर इनका प्रबन्धन करते हैं और उपभोक्ताओं को सुरक्षा प्रदान करते हैं। इस अवसर पर जगबीर सिंह, सीटीओ, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने कहा, ह्यह्यआज के दौर में अधिक से अधिक उपभोक्ता डिजिटल कम्युनिकेशन को अपना रहे हैं, ऐसे में स्पैम मैसेजेज और इनके जरिए धोखाधड़ी के मामले भी बढ़ रहे हैं। हम उपभोक्ताओं की इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए एआई-पावर्ड स्पैम डिटेक्शन टेक्नोलॉजी लेकर आए हैं, जो उपभोक्ताओं को रियल टाईम में सुरक्षा प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। वी इन खतरों से उपभोक्ताओं को सुरक्षित रखने और उन्हें जरूरी जानकारी प्रदान कर उनके मोबाइल के अनुभव को सुरक्षित बनाने के लिए प्रयासरत है।

# एसवीएस बाल भारती ने वार्षिक समारोह मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: श्री** विद्यासागर बाल भारती पब्लिक स्कूल ने अपना 36वां वार्षिक समारोह स्कूल प्रांगण में भव्य रूप से आयोजित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने शिरकत कर समारोह की शोभा को चार चाँद लगा दिए। कार्यक्रम में विशेष अतिथियों के रूप में प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी अनुभव अग्रवाल, जय गोपाल बंसल और नगर निगम सदस्य सरदूल सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि असीम गोयल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद स्कूल



के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम की सभी प्रस्तुतियां इतनी शानदार थी कि यह कार्यक्रम पूरी तरह से दर्शकों का दिल लूटने में कामयाब रहा। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया, स्कूल की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया। मुख्य अतिथि असीम गोयल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही हमारे जीवन का सबसे बड़ा साधन है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें और कभी हार न मानें वहीं दूसरी और उन्होंने अभिभावकों को एक बहुत अच्छा संदेश दिया कि हमें बच्चों पर अधिक से अधिक अंक लेने का दबाव ना बनाकर उन्हें अच्छे संस्कारों की तरफ लेकर जाना है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अनुभव अग्रवाल ने स्कूल के कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि खूब मेहनत, विद्यार्थियों और अध्यापकों की तरफ से, की गई है। उन्होंने अभिभावकों से निवेदन किया कि वे बच्चों के जन्मदिन, अपने जन्म दिवस, अपनी वर्षगांठ इत्यादि पर एक पेड़ अवश्य लगाएं।

# 'ग्रीनमैन' प्रोफेसर दलजीत को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )**

**पॉलिमर** टर्मिनल रिफाइनरी पानीपत के उपमहाप्रबंधक सुरेश कुमार ने बताया कि पॉलिमर टर्मिनल रिफाइनरी पानीपत में "हर्बल-ऑक्सीजन गार्डन" स्थापित करने पर देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में असिस्टेंट प्रोफेसर इतिहास के पद पर कार्यरत ग्रीनमैन दलजीत कुमार को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित करते हुए संस्थान अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। सुरेश कुमार ने कहा कि ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार द्वारा जून माह ,2024 में "पॉलिमर टर्मिनल हर्बल-ऑक्सीजन गार्डन" बनाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय कार्य किया इस "हर्बल ऑक्सीजन गार्डन" से जहाँ पर्यावरण में सुधार होगा वहीं पानीपत रिफाइनर के कर्मचारियों को जीवन उपयोगी प्राचीन आयुर्वेदिक पौधों की जानकारी मिलेगी।

यह हर्बल ऑक्सीजन गार्डन शुद्ध ऑक्सीजन के एक बड़े स्त्रोत के रूप में वर्तमान व भविष्य में काम आएगा। पॉलिमर टर्मिनल रिफाइनरी पानीपत के स्वास्थ, सुरक्षा एवं पर्यावरण अधिकारी सचिन रायकवार ने कहा कि ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार के सहयोग से स्थापित हर्बल ऑक्सीजन गार्डन से पॉलिमर टर्मिनल रिफाइनरी पानीपत के सौंदर्यीकरण में वृद्धि होने के साथ कर्मचारियों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक रहेगा।

# प्रमाणपत्र कोर्स छात्रों के करियर को नई दिशा देने में मदद करते हैं: गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

जी.टी. रोड स्थित आई.बी. पी.जी. कॉलेज, पानीपत में स्थित कौशल विकास केंद्र द्वारा "ब्यूटी एंड वेलनेस" "कटिंग, टेलरिंग और सरफेस ऑनामेंटेशन", तथा "नेल आर्ट्स" जैसे विभिन्न प्रमाणपत्र कोर्सों के समापन समारोह का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को उनके कौशल के लिए सराहा और कहा कि ऐसे प्रमाणपत्र कोर्स छात्रों को अपनी प्रतिभा पहचानने और अपने करियर को एक नई दिशा देने में मदद करते हैं। डॉ. गर्ग ने कहा कि यह सरकार की प्राथमिकताओं में से भी एक है कि हर व्यक्ति के पास कम से कम एक कौशल होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यह युग केवल अनुभव का नहीं, बल्कि विशेषज्ञता का है। यदि कोई व्यक्ति अपने कौशल में विशेषज्ञता हासिल करता है, तो उसे कम समय में रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज के समय में किसी भी कौशल के साथ काम शुरू करने के लिए बड़े निवेश की आवश्यकता नहीं है। डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए विद्यार्थी अपने व्यवसाय की शुरूआत कर सकते हैं और उसे बढ़ा सकते हैं।

# शिक्षा पद्धति में गीता को अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए : ज्ञानानंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र:अंतर्राष्ट्रीय** गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार को ब्रह्मा कॉलोनी स्थित वात्सल्य वाटिका में चल रहे पंच दिवसीय गीता यज्ञ अनुष्ठान के दूसरे दिन गीता मनीषी महामंडलेश्वर ज्ञानानंद महाराज ने यज्ञ में आहुतियां दी। वात्सल्य वाटिका आश्रम के संचालक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक व सभी कमेटी सदस्यों ने ज्ञानानंद महाराज का स्वागत किया। इस दौरान स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने विद्यार्थियों को वर्तमान परिपेक्ष्य में गीता के महत्व को



समझाया। उन्होंने कहा कि वात्सल्य वाटिका समाज में वत्सुल्य का अद्भुत उदाहरण है। आज के समय में जहां व्यक्ति आधुनिकता की दौड़ में दौड़ रहा है वहीं वात्सल्य वाटिका जैसे आश्रम अध्यात्म एवं भारतीय संस्कृति के प्रचार हेतु प्रमुख केंद्र बचे हैं जहां बाल्यकाल से ही विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनाकर एक जिम्मेदार नागरिक बनाने का कार्य कर रहे हैं।

# रॉन्ग साइड वाहन चालकों के 10 करोड़ रुपये के काटे चालान

**गुरुग्राम: गुरुग्राम** यातायात पुलिस ने पिछले 11 महीने में रॉन्ग साइड में चलने वाले वाहन चालकों के 10 करोड़ रुपये से अधिक के चालान काटे। 1 जनवरी से 30 नवंबर 2024 तक एक लाख 46 हजार वाहन चालकों के चालान काटे गए। गुरुग्राम यातायात पुलिस द्वारा रॉन्ग साईड वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से विशेष चेकिंग अभियान चलाये गए। इन विशेष चेकिंग अभियानों के दौरान यातायात पुलिस, गुरुग्राम की अलग-अलग पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर वाहनों की चेकिंग की गई।

# नशीला पदार्थ रखने का आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : जिला पुलिस ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है । पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला के मार्ग निर्देश में एंटी नारकोटिक सैल ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप मे सतीश कुमार उर्फ गुल्लू पुत्र भागीरथ वासी विकास नगर लाडवा को काबू करके उसके कब्जे से 9.22 ग्राम हैरोइन बरामद करने में सफलता हासिल की है। यह जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला कुरूक्षेत्र को नशा मुक्त बनाने की मुहिम मे नशीले पदार्थ की रोकथाम में दिनांक 1 दिसम्बर 2024 को एंटी




नारकोटिक सैल के उप निरीक्षक महेंद्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक प्रवीन कुमार,सुखबीर सिंह, मुख्य सिपाही सुनील कुमार, एसपीओ संजय कुमार व चालक सिपाही सिपाही प्रदीप कुमार टीम अपराध तलाश के सम्बन्ध में बंसल चौक लाडवा के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि सतीश कुमार उर्फ गुल्लू पुत्र भागीरथ वासी विकास नगर लाडवा स्मैक/ हैरोईन बेचने का काम करता है। जो आज भी अनाज मंडी लाडवा के पास चलते-फिरते नशेड़ियों को हैरोईन बेचने आएगा। यदि उसे काबू करके उसकी तलाशी ली जाए तो उसके पास से काफी मात्रा में स्मैक/हैरोईन बरामद हो सकती है। पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर अनाज मंडी लाडवा पहुंचकर गेट नंबर 3 के पास से आते हुए व्यक्ति को शक होने पर काबू करके उसका नामपता पूछने पर उसने अपना नामपता सतीश कुमार उर्फ गुल्लू पुत्र भागीरथ वासी विकास नगर लाडवा बताया। मौका पर राजपत्रित अधिकारी श्री रणधीर सिह डीएसपी लाडवा को बुलाया गया। राजपत्रित अधिकारी के सामने सतीश कुमार की पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 9.22 ग्राम स्मैक/हैरोईन बरामद हुई।

# जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से मानवता के जीवन के संकट की आहट : आर्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**आर्य बाल** भारती परिसर में राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया गयो कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष महताब मलिक ने की विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे ।

आर्य समाज के जिला मीडिया प्रभारी ओम दत्त आर्य और प्रवीण आर्य मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे संगीत कला अध्यापक संदीप कुमार ने अपनी कविताओं के माध्यम से राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण की सार्थकता का संदेश दियो उपप्राचार्य जगदीश आर्य ने इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ हुआ इस अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता भी करवाई गई जिसमें सहज सिंह प्रथम अमृतपाल सिंह ने द्वितीय और शुभम शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जिन्हें मुख्य अतिथि ने मौके पर ही सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रणदीप आर्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति को विशेष सम्मान दिया गया है प्रकृति के कारण ही प्राणियों और पौधों का जीवन सुरक्षित है इसलिए पर्यावरण संरक्षण वर्तमान युग की आवश्यकता बन गया है।

# कला के संगम के बीच कलाकारों ने दी शानदार नृत्यों की प्रस्तुति

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र: अंतर्राष्ट्रीय** गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर जहां एक ओर शिल्पकारों की अनोखी शिल्पकला को देखकर पर्यटक आश्चर्यचकित हो रहे है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न राज्यों के नृत्यों के लम्हों को पर्यटक अपने मोबाइल में कैद करते हुए नजर आ रहे है। इन शिल्पकारों ने महोत्सव में पहुंचकर ब्रह्मसरोवर के पावन तट की फिजा को बदलने का काम किया है। महोत्सव में पहुंचने वाला हर पर्यटक इस महोत्सव के इन यादगार लम्हों को जी रहा है।

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र (एनजैडसीसी) द्वारा विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति को दिखाने का प्रयास किया जा रहा है। इन कलाकारों द्वारा अपने-अपने राज्यों की लोक संस्कृति को अपने-अपने राज्यों की वेशभूषा में दिखाने का काम किया जा रहा है। इतना ही नहीं इन कलाकारों के साथ ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर पर्यटक नृत्य करते हुए नजर आ रहे है। विभिन्न राज्यों की कला के संगम के बीच कलाकार अपने-अपने राज्य की कला का बखूबी बखान कर रहा है।

कलाकारों का कहना है कि आज के आधुनिक जमाने में भी उन्होंने अपनी कला को जिंदा रखा है, अपनी कला को विदेशों तक पहुंचा रहे है। विदेशों की धरती पर भी उनकी कला ने उनका नाम रोशन किया है। कलाकारों द्वारा उत्तराखंड के छपेली, पंजाब के गटका, हिमाचल प्रदेश के गद्दी नाटी, राजस्थान के बहरुपिए, पंजाब के बाजीगर, राजस्थान के लहंगा/मंगनीयार व दिल्ली के भवई नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी जा रही है।

# 'नच ले हरियाणा-2024' आयोजन में रही हरियाणवी लोक नृत्यों की धूम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** विरासत दि हेरिटेज विलेज मसाना में लव डांस अकेडमी कैथल तथा सामाजिक एवं लोक सांस्कृतिक जागरूकता संगठन कैथल के द्वारा ह्यनच ले हरियाणा-2024ह्न हरियाणवी लोक नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र जिले के सभी स्कूलों से लगभग 3 हजार बच्चों ने ऑडिशन दिया जिसमें से 150 को प्रतियोगिता के लिए चुना गया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने हरियाणवी नृत्यों के माध्यम से लोक संस्कृति के विविध स्वरूप प्रस्तुत कर नृत्यों के माध्यम से धूम मचा दी। प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक डांस गुरु लव शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को लोक नृत्य के अहम पहलुओं से अवगत करवा कर ज्ञानवर्धन किया। इस



प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र के 20 से अधिक स्कूलों ने भाग लिया। यह जानकारी विरासत के प्रवक्ता मयंक शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि विरासत हरियाणवी लोक संस्कृति का एक ऐसा स्थान है जहां पर लोक सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ लोक सांस्कृतिक परम्पराओं को भी संजोया गया है। इस कडी में नच ले हरियाणा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लव डांस अकेडमी कैथल की तरफ से आयोजित इस प्रतियोगिता में जूनियर, सब जूनियर एवं सीनियर कैटेगरी में लोक नृत्यों की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सब जूनियर वर्ग में किडजी स्कूल की गोरानवी ने प्रथम, डीएवी पब्लिक स्कूल की वियाना ने द्वितीय स्थान, मिलेनियम स्कूल की जसमायरा ने तृतीय स्थान, डीएवी स्कूल की मिशिता ने चतुर्थ स्थान व मिलेनियम स्कूल की तविशा ने पांचवा स्थान हासिल किया। वहीं जूनियर वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल की दिव्याना ने प्रथम स्थान, डीपीएस स्कूल की ईशिका ने द्वितीय स्थान, डीएवी पब्लिक स्कूल की गारवी ने तृतीय स्थान, डीपीएस स्कूल की मनकीरत ने चतुर्थ स्थान व डीएवी पब्लिक स्कूल की समायरा पांचवे स्थान पर रही। सीनियर वर्ग में डीपीएस स्कूल की धान्या ने प्रथम स्थान, डीएवी पुलिस स्कूल की अविका ने द्वितीय स्थान, गीता कन्या विद्यालय की ईशिका गोयल ने तृतीय स्थान, डीपीएस स्कूल की यशिका ने चतुर्थ स्थान व पूजा मार्डन स्कूल की की सिमरन ने पांचवा स्थान पाया।

डांस गुरु लव शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में डॉ. विनय गुप्ता कैथल, पवन कौशिक भिवानी व अशोक कुमार दिल्ली ने निर्णायक मण्डल की भूमिका निभाई। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में लोक सम्पर्क विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, भाजपा नेता व रोड क्षत्रिय प्रगति मंच कुरुक्षेत्र के प्रदेशाध्यक्ष बाबू राम टाया, समाज सेवी सौरभ, कुलदीप शर्मा, महेन्द्र खनौदा, राजकुमार वत्स, अंतर्राष्ट्रीय छायाकार मुकेश ड्रोलिया, डॉ. विनय गुप्ता, कार्यक्रम समन्वयक अनुभूति, रजनीश कुमार, मिनाक्षी शर्मा, सामाजिक एवं लोक सांस्कृतिक जागरूकता संगठन कैथल के अध्यक्ष रोहित शर्मा, उपाध्यक्ष श्रीमति कैलाश शर्मा, संगीत निदेशक कुरुक्षेत्र पंकज शर्मा, हरियाणा पुलिस के सब इंस्पेक्टर नरेश सागवाल व वत्स मीडिया निदेशक रोशन वत्स मौजूद रहे।

# आदर्श नगर: मजलिस पार्क के लोग करेंगे चुनाव का बहिष्कार

● लोग बोले- नहीं सुनते पार्षद और विधायक, एक दूसरे पर टालते हैं काम ● आरडब्ल्यूए ने किया रोष प्रदर्शन का आयोजन









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के आदर्श नगर के मजलिस पार्क इलाके का काफी बुरा हाल है, ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि यहां पर निवासियों की न तो पार्षद सुनते है और न ही विधायक। पार्षद जी विधायक पर काम टालते हैं और विधायक जी उसे अनसुना कर देते हैं। ये कहना है आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के मजलिस पार्क इलाके के लोगों का। आपको बतादें कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से नाराज ये लोग एक बहुत बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं। इस बार ये लोग दिल्ली विधानसभा चुनाव का पूर्ण बहिष्कार करेंगे। ऐसा इसलिए करेगें क्योंकि मजलिस पार्क के लोग निगम पार्षद और विधायक, दोनों से तंग आ चुके हैं। गौर करने वाली बात ये है कि पार्षद और विधायक, दोनों ही जनप्रतिनिधि एक ही पार्टी से ताल्लुक रखते हैं आम आदमी पार्टी, लेकिन जनता का फिर भी कार्य नहीं हो रहा है, जो जनता की समस्याएं है, वह जस की तस पड़ी हुई है।

आपको याद दिला दें कि चंद महीने पहले आरडब्ल्यूए मजलिस पार्क ने एक जनसभा का आयोजन किया था। उस बैठक में क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा और निगम पार्षद मुकेश गोयल भी मौजूद थे। दोनों नेताओं ने बाकायदा लोगों की समस्याएँ सुनीं और उन्हें पर्ची पर लिखा। इसके बाद मंच से बड़े-बड़े आश्वासन दिये, लेकिन नतीजा आज भी ढाक के तीन पात ही है। आलम ये है कि क्षेत्र की जनता को रोष प्रदर्शन के लिए सड़क पर उतरना पड़ा है। इस मौके पर आरडब्ल्यूए प्रधान हरेन्द्र शर्मा, चेयरमैन कमल खन्ना, चेयरमैन सुभाष चौधरी, कोषाध्यक्ष मनीष, महासचिव राजेश खुराना, उपप्रधान विक्की पोपली, सौरभ गुप्ता, प्रेम कुमार, नरेश वशिष्ठ, पवन गुप्ता, राजेन्द्र हांडा व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मुकुंदपुर क्षेत्र में युद्धस्तर पर चालू हुए निर्माण कार्य: अंबिका मिश्रा







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से विधायक संजीव झा के कार्यों से जनता खुश है। क्योंकि विधायक ने क्षेत्र में विकास करके दिखाया है। उक्त बातें आम आदमी पार्टी से मुकुंदपुर प्रभारी व बुराड़ी विधानसभा उपाध्यक्ष अंबिका मिश्रा ने कही। उन्होंने आगे बताया कि विधायक संजीव झा के अथक प्रयासों से मुकुंदपुर पार्ट एक की गलियों का निर्माण कार्य बड़ी ही तेजी के साथ किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि मुकुंदपुर पार्ट एक स्थित बी व सी की लगभग पंद्रह गलियों में सीवर लाइन बिछाकर सड़क बनाकर लोगों को सौंप दी गई है तो वहीं जो गलियां बच गई है उनकों भी बनवाया जा रहा है। अंबिका मिश्रा ने बताया कि विधायक संजीव झा ने लोगों की समस्याओं को देखते हुए अपने अथक प्रयासों से क्षेत्र का विकास कार्य करवाया है, लेकिन क्षेत्रीय भाजपा नेता नहीं चाहते है कि बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य हो और लोगों को दर-बदर भटकना पड़ें व उन लोगों के ऑफिसों के धक्कें खाते रहें। मिश्रा ने बताया की मुकुंदपुर क्षेत्र में गलियों में झाड़ू तक नहीं लगाई जाती है, जगह-जगह क्षेत्र में कूड़े के ढ़ेर लगे हुए क्षेत्रीय निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने कभी भी क्षेत्र की साफ-सफाई को लेकर ध्यान नहीं दिया है। जिसके चलते क्षेत्र में अनेको जगह पर गंदगी का माहौल बना हुआ, तो वहीं गंदगी की वजह से बिमारी फैलने का भी संकट बना हुआ है। उन्होंने कहा कि पार्षद की लापरवाही से जनता को परेशान होना पड़ रहा है।

# पानी गंदा, समस्याओं का अंबार, लोगों में सुलगी अंगार: सोनम



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली में** तमाम तरह की असुविधाओं से त्रस्त दिल्ली पिछलें दस साल से कराह रहीं है, और केजरीवाल सरकार को जनता की उफ्फ तक नहीं सुनाई दी। जब दिल्ली विधानसभा चुनाव को शेष ही समय बचा है और जब हारने का डर सताने लगा है तो दिल्ली सरकार के सभी मंत्री, विधायकों का अपनी जिम्मेदारी का अहसास होने लगा है। उक्त सभी बातें शकूर पूर में रहने वाली नगर समरसता टोली की महिला प्रमुख सोनम चड्ढा ने कही। सोनम ने कहा कि पिछलें दस सालों से दिल्ली के लोग पीने के पानी, सफाई व्यवस्था, स्वास्थ, एजुकेशन सहित अनेकों सुविधाओं से जूझ रहें थे तो आप के संयोजक सहित आप के मंत्री भ्रष्टाचार के जूगत में लगे हुए थे और जब आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव सर पर है तो उनकें विधायकों की नज़र सड़कों व गलियों पर पड़ी है जिसको अब बनवाने की सूझी है। सोनम ने कहा कि आप विधायक प्रिती जितेंद्र तोमर चुनाव जितने के बाद से ही क्षेत्र से गायब है, कभी क्षेत्र में नज़र आती है।

# रोहिणी: श्री महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट द्वारा सामूहिक विवाह का आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के रोहिणी स्थित जेएमडी टेंट में श्री महाराजा अग्रसेन जनसेवा ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंद परिवारों की 11 कन्याओं का सामूहिक विवाह भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस आयोजन में प्रत्येक वधू को गृहस्थी के लिए आवश्यक वस्तुएं प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस शुभ अवसर पर कई प्रतिष्ठित अतिथि उपस्थित रहे। जिनमें श्री राम जन्मभूमि मंदिर का ऐतिहासिक फैसला सुनाने वाले पूर्व न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन, रिठाला विधानसभा से विधायक महेंद्र गोयल, सुल्तानपुर माजरा के पूर्व विधायक जय किशन, ॐ लोक आश्रम के संयोजक नरेंद्र दत्त और इंडियन मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव निशाना शामिल थे। सभी ने नवविवाहित कन्याओं को आशीर्वाद दिया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। संस्था के संस्थापक साधुराम मित्तल, मुख्य संरक्षक रोशन लाल बंसल, चेयरमैन श्री ईश्वर गर्ग, प्रधान पूरनमल गोयल, मुख्य संयोजक कृष्ण बंसल, मनोहर लाल गोयल, संजय गुप्ता और जे.एल. गुप्ता ने सभी आगंतुकों का भव्य स्वागत किया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सभी वर-वधू के परिवारों ने भाग लिया और आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की। यह आयोजन 'जय श्री राम और सनातन हिंदू राष्ट्र के नारों से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम ने सामाजिक सेवा और सनातन संस्कृति की उत्कृष्ट भावना को प्रदर्शित किया। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# संकल्प पत्र निर्माण समिति ने अपना कार्य अब प्रारम्भ कर दिया है: रामवीर सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा सभा चुनाव 2025 के लिये दिल्ली भाजपा की संकल्प पत्र निर्माण समिति के संयोजक सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने समिति के अन्य सदस्यों की उपस्थति में एक पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुये कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने जो संकल्प पत्र निर्माण समिति गठित की है उसने अपना कार्य प्रारम्भ कर दिया है।

उन्होंने कहा कि हमारी कुछ बैठकें हुई हैं और हमनें भाजपा के दृष्टिकोण से दिल्ली के लिये संकल्प पत्र का एक प्रारम्भिक प्रारूप तैयार किया है। पत्रकार वार्ता में समिति के सदस्य पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश उपाध्याय, पूर्व सांसद प्रवेश साहिब सिंह, मीनाक्षी लेखी, विधायक अजय महावर, प्रवीण शंकर कपूर, अभिषेक टंडन, राजकुमार फुलवारिया, नीतू डबास उपस्थित थे। पत्रकार वार्ता का संचालन प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने किया।

बिधूड़ी ने कहा की प्रारम्भिक चर्चा में हमने प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के सुझाव पर तय किया है की दिल्ली में सभी समाजिक योजनाएं, बिजली पानी सब्सिडी और परिवहन छूट पहले से बेहतर होंगी एवं उनको जनता के नये वर्गों तक पहुंचाया जायेगा। बिधूड़ी ने कहा की केजरीवाल की फ्री बिजली स्कीम का दूसरा काला चेहरा यह है की दिल्ली का मध्यम वर्ग 9 से 10 रुपये यूनिट की तो व्यापारी 16 से 18 रूपए यूनिट की बिजली खरीदने को मजबूर हैं।

फ्री के नाम पर जो पानी आ रहा है वह बेहद गंदा है जहरीला है मौतों का बीमारी का कारण बन रहा है। दिल्ली भाजपा का संकल्प है सब सुविधाएं बनी रहेंगी पर उनका स्तर आज से बहुत बेहतर होगा।

# जिलाध्यक्ष पूनम चौहान ने किया विशेष बैठक का आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: यमुना** विहार स्थित उत्तर-पूर्वी जिला भाजपा के कार्यालय पर विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष पूनम चौहान ने कहा कि हमारे जिले में 8 दिसंबर से अलग-अलग विधानसभाओं में परिवर्तन यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें हम दिल्ली सरकार की विफलताओं और उनकी गलत नीतियों को जनता के बीच लाएंगे व दिल्ली सरकार को उखाड़ फेंकना है। ऐसा संकल्प करते हुए परिवर्तन यात्रा की शुरूआत करेंगे। जिला प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने कहा की दिल्ली सरकार कि झूठ का पुलिंदा अब आगे नहीं चलेगा और उनके घमंड को दिल्ली की जनता अब चकनाचूर करने वाली है। परिवर्तन यात्रा के माध्यम से हम दिल्ली में एक नई अलख जाएंगे और जो दिल्ली के विकास की रफ़्तार जो इन 10 सालों में धीमी हुई है हम विकास की रफ्तार को भाजपा की सरकार बनाने के बाद तीव्र गति से बढ़ाएंगे।

8 दिसंबर को करावल नगर विधानसभा से इसकी शुरूआत होगी और पैदल मार्च करते हुए हम यात्रा को निकलेंगे। बैठक मे सह प्रभारी सारिका जैन राजा इकवाल, प्रमोद गुप्ता, सचिन मावी, पार्षद गुलाब सिंह राठौर, राज कुमार झा, राहुल गौड, रंजन त्यागी, योगेंद्र राजोरा, दीपक चौहान, मुकेश गोयल, ठाकुर अवधेश सिंह, ठा विनोद जायस, नेहा उप्रेती, रजनी सोढ़ी, सूर्यकांत तिवारी राजू बंसल सहित अपेक्षित लोग मौजूद रहे।

# आर के इंटरनेशनल स्कूल ने किया वार्षिक खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के सबसे नामचीन और प्रतिष्ठित स्कूलों में शुमार आर के इंटरनेशनल स्कूल नरेला में वार्षिकोत्सव के तहत अभ्युदय 3.0 खेलों का आयोजन हुआ। विभिन्न खेलों में सैकड़ों छात्रों ने कबड्डी, बैडमिंटन, चम्मच दौड, संगीतमय कुर्सियाँ, बलून बर्स्टिंग, गेट रेडी दौड, वॉलीबॉल, शतरंज, कैरम, दौड़ में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र कृष्ण शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा, डायरेक्टर आकाश शर्मा, ऐश्वर्या, प्रबंधन प्रतिनिधि शिल्पी शर्मा और प्रधानाचार्य निधि नेहरा ने दीप प्रज्जवलित कर खेलों का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर ने संदेश दिया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, अतः अपने शरीर को स्वस्थ रखना हमारा ही कर्तव्य है। खेलों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। यह उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं। चेयरमैन नरेंद्र कृष्ण शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण का आधार हैं। खेल हमें अनुशासन, मेहनत और सहनशीलता का महत्व सिखाते हैं। छात्रों के इस प्रदर्शन ने साबित कर दिया कि आने वाला कल उनका है। प्रतियोगिताएं बच्चों में प्रतिस्पर्धा का भाव जागृत करती हैं। बच्चों को मोबाइल और जंक फूड से दूर रहना चाहिए। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राज्यपाल और मुख्यमंत्री सद्भावना क्रिकेट कप प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे

**प्रतियोगिता**

**प्रतियोगिता बिशप कॉटन स्कूल के प्रांगण में 7 और 8 दिसम्बर को आयोजित की जाएगी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल एवं मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू सद्भावना क्रिकेट कप प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। प्रतियोगिता बिशप कॉटन स्कूल के प्रांगण में 7 और 8 दिसम्बर को आयोजित की जाएगी। इस संबंध में हिम स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एसोसिएशन (एचएससीए) द्वारा प्रारंभिक बैठक आज यहां आयोजित की गई। बैठक को उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने संयोजित किया। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार और एचएससीए के अध्यक्ष नरेश चौहान, राज्यपाल इलेवन के प्रतिनिधि विधायक हंस राज और संघ के महासचिव हरदयाल भारद्वाज उपस्थित रहे। राज्यपाल और मुख्यमंत्री 7 दिसंबर को सुबह 9.30 बजे टूनार्मेंट का उद्घाटन करेंगे। 'नशा छोड़ो, खेल खेलोइ विषय पर आयोजित इस टूनार्मेंट का पहला मैच 7 दिसंबर को दोपहर 1.30 बजे राज्यपाल इलेवन और प्रेस इलेवन के बीच खेला जाएगा। दूसरा मैच 8 दिसंबर को सुबह 9.30 बजे मुख्यमंत्री (सीएम) इलेवन और मुख्य न्यायाधीश (सीजे) इलेवन के बीच खेला जाएगा, जिसका उद्घाटन कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान द्वारा किया जाएगा। वह इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि भी उपस्थित होंगे।



फाइनल मैच उसी दिन 8 दिसंबर को दोपहर 2 बजे खेला जाएगा। इसका उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया द्वारा किया जाएगा। केवल सिंह पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे और टूनार्मेंट के विजेताओं और भाग लेने वाली टीमों को पुरस्कार वितरित करेंगे। उन्होंने कहा कि मैत्रीपूर्ण खेल सामंजस्य की भावना को बढ़ावा देते हैं।

उन्होंने कहा कि खेल हमें निष्पक्षता से खेलना, जीतने पर गर्व करना और हारने पर गर्व करना सिखाते हैं। सद्भावना कप इसी संदेश को पहुंचाता है। इस अवसर पर नरेश चौहान ने कहा कि खेल हमें अपने प्रतिद्वंद्वियों, साथियों और सहयोगियों का सम्मान करना और उनकी क्षमताओं और उपलब्धियों की प्रशंसा करना सिखाते हैं और हमें अपने दैनिक जीवन में भी इसी तरह का व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने सभी टीमों के खिलाडि़ों से अपील की कि वे अभ्यास मैचों के लिए भी उपस्थित रहें।

# बिलासपुर में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित 1078 किसानों को मिला मुआवजा: धर्माणी

**राहत**

**किसानों को राहत मैन्युअल में बदलाव करते हुए 57 लाख रुपये की राहत राशि वितरित की है।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने आज कृषि विभाग के तहत पिछले दो वर्षों में किए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला बिलासपुर में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित 1078 किसानों को हिमाचल प्रदेश सरकार ने राहत मैन्युअल में बदलाव करते हुए 57 लाख रुपये की राहत राशि वितरित की है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के दौरान बाढ़ से प्रभावित कृषि भूमि के लिए मात्र 1400 रुपये प्रति बीघा मुआवजा दिया जाता था। इसे वर्तमान सरकार ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में बढ़ाकर 5000 रुपये प्रति बीघा कर दिया है। इसी प्रकार कृषि और बागवानी योग्य भूमि को नुकसान होने पर पहले 3600 रुपये प्रति बीघा की आर्थिक मदद दी जाती थी, जिसे अब 10,000 रुपये प्रति बीघा कर दिया गया है। फसल क्षति पर मिलने वाला मुआवजा भी 300 से 500 रुपये प्रति बीघा से बढ़ाकर 2000 रुपये प्रति बीघा किया गया है। राजेश धर्माणी ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा लघु सिंचाई योजनाओं, जल भंडारण संरचना और टांका निर्माण जैसे प्रयासों से 230ण्63 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा के तहत लाया गया है। उन्होंने कहा कि जिला बिलासपुर में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयासरत है। कृषि उत्पादन बढ़ाने और फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए हिमाचल सरकार ने हिम उन्नति योजना शुरू की है। इस योजना के तहत जिला में 72 क्लस्टर बनाए गए हैं। प्रत्येक क्लस्टर में कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने और नई तकनीकों को अपनाने के लिए 10 लाख रुपये व्यय किए जा रहे हैं। कृषि उपकरणों के उपयोग के दौरान किसानों के घायल होने या मृत्यु की स्थिति में मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत पिछले दो वर्षों में 13 किसानों को 6.50 लाख रूका मुआवजा दिया गया है।



## न्यूज फ्लैश

### समाज सुधार में कुंटुब प्रबोधन वर्तमान की नितांत आवश्यक्ता: पंडित सुरेश भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिय**

**बिलासपुर:** भारतवर्ष में संयुक्त परिवार की एक स्वस्थ परंपरा रही है। लंबे कालखंड तक संयुक्त परिवार भारतीय जीवन शैली की धूरी रहे हैं। हमने परिवार को ऐसी संस्कारशाला माना जहां संबंधों, संवेदनाओं एवं मानव चेतना का बोध समाजिक विषयों का ज्ञान एवं करणीय और अकरणीय कार्य सीखे जाते हैं। जहां व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण के लिए आवश्यक तत्व ज्ञान यथा पारिवारिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक दायित्वों एवं परंपराओं सहित उचित-अनुचित, धर्म-अधर्म, व्यापक दृष्टिकोण, मनोबल निर्माण एवं राष्ट्र भक्ति आदि का बोध होता है। कहना न होगा कि भारतीय सामाजिक व्यवस्था में व्यक्ति को सामाजिक इकाई मानना अपने पूर्वजों पर अन्याय करना होगा। व्यक्ति को सर्वप्रथम संस्कार अपने परिवार से ही मिलते हैं एवं सही अर्थों में परिवार ही सामाजिक सांस्कृतिक एवं आर्थिक इकाई है। अत: हमें स्वीकारना होगा कि समाज को सुसंस्कृत, चरित्रवान, अनुशासित एवं राष्ट्र बोध संपन्न बनाने में ही चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास की नींव पड़ती है। अधिकारों के स्थान पर कर्तव्य भावना, सहयोग, सहकारिता एवं निस्वार्थ प्रवृत्ति का विकास होता है। विविध संयम आचरणें यथा वाणी संयम, स्वाद संयम, आहार संयम, व्यवहार संयम, विकास संयम, उपभोग संयम आदि का निर्माण होता है। प्रेम, ममता, अपनापन एवं बड़ों के लिए आदर भाव, बड़ों का अनुसरण करना एवं छोटों के लिए अनुकरणीय बनने की प्रवृत्ति विकसित होती है। पारिवारिक कार्यों को अपना मानना एवं उन्हें संपादित करने की मानसिकता, क्षमता, एवं कुशलता विकसित होती है। कुंटुब के सभी सदस्योंके लिए अपनेपन की भावना रखना, अच्छा या बुरा जैसा भी है अपना है, अच्छा है तो उसे और अच्छा बनाने या बुरा है तो उसे सुधारने की सामूहिक जिम्मेदारी है, ऐसी भावना को प्रोत्साहन मिलता है। कुंटुब की विरासत यथा परंपराएं, व्यावसायिक कौशल, कुलधर्म, कुलाचार आदि को श्रेष्ठ बनाकर भावी पीढ़ी को सौंपने का दायित्व बोध होता है। अपने व्यवहार से समाज में परिवार की प्रतिष्ठा बढ़ाना एवं पारिवारिक भावना की सोच को आस पड़ोस के ग्राम, अतिथि, याचक, व्यवसायी, जीव जंतुओं, पेड़ पौधे, पृथ्वी मां, नदियों, पर्वतों एवं प्रकृति के अनान्य घटकों तक विस्तारित कर, वसुधैव कुटुम्बकम के मूल भाव को विकसित करने का शुभ कार्य संयुक्त परिवारों में ही संपन्न होता है। इस प्रकार भौतिक संपदा के उत्तराधिकार के साथ ही सांस्कृतिक संपदा का दायित्व बोध भी संयुक्त परिवार में ही होता है। ध्यातव्य है कि विदेशी आक्रमणों एवं लंबी दासता के तदोपरांत पाश्चात्य जीवन शैली अंगीकार करने से भारतीय समाज में संयुक्त परिवार की जगह एकल परिवार ले रहे हैं। हम की जगह मैं प्रबल हो रहा है। अब तो लिव इन रिलेशनशिप हमारे सामाजिक ताने बाने की सुरसा की तरह निगलने के लिए मुंह बाए खड़ी है। संयुक्त परिवार के समस्त हितकारी पक्षों से हमारा समाज वंचित हो रहा है। टेलीविजन, मोबाइल, वाटसएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि रही सही कसर लोगों भी समाप्त कर हमें व्यक्तिगतवादी, भौतिकवादी एवं स्वार्थी बना रहे हैं। भौतिक विकास की लत में बुरी तरह फंसकर हम अपनों के साथ ही प्रकृति से भी दूर होते जा रहे हैं। भूमि, जल, एवं वायु प्रदूषण चरमसीमा पार कर रहे हैं। हमारा जीवन तनावग्रस्त होता जा रहा है। हम व्यसनों एवं नशीले पदार्थों के कुप्रभाव से ग्रसित हो रहे हैं। फलत: हमारी समाजिक, आर्थिक एवं बौद्धिक क्षमता बुरी तरह प्रभावित हो रही है एवं राष्ट्र के पुनरूत्थान में हमारी सार्थकता कम हो रही है। पारवारिक मूल्यों में कमी आने की वजह से अनेक तरह की सामाजिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। तलाक के मामले बढ़ रहे हैं।

### डंगोली में युवकों के बीच मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** जिला मुख्यालय के साथ लगते डंगोली गांव में युवकों के बीच मारपीट हुई है। मारपीट में एक युवक जख्मी हुआ है, जिसका स्थानीय अस्पताल में उपचार करवाया गया। पुलिस को दी शिकायत में सुमित शर्मा निवासी डंगोली ने बताया कि रविवार रात्रि वह अपने घर के बाहर बाजार में अपने दोस्तों के साथ दंगल के लिए बुलाने वाले पहलवानों के ऊपर चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान गांव के ही लक्की ने पहलवान बुलाने की बात पर 10 हजार रुपये खर्च करने का सुझाव दिया, जिसको लेकर लक्की और सुमित के बीच बहस हो गई। गुस्से में लक्की ने अपने साथियों रजत और नंदू के साथ मिलकर सुमित शर्मा से मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं नंदू ने सुमित के सिर पर ईंट मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मारपीट में सुमित को गंभीर चोटें आई है। स्थानीय लोगों की मदद से सुमित को ऊना अस्पताल पहुंचाया गया।

# सीनियर नेशनल मैन हैंडबाल चैंपियनशिप के लिए 8 दिसंबर को बिलासपुर में चुनी जाएगी टीम

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में आगामी 26 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक केरल में 53वीं राष्ट्रीय वरिष्ठ पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल हेड ऑक कमेटी के चेयरमैन जसबीर बिस्ला, सदस्य स्नेहलता व सुशील कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 53वीं राष्ट्रीय वरिष्ठ हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हैड ऑक कमेटी द्वारा आगामी 8 दिसम्बर को लिए जाएंगे। यह चयन प्रक्रिया बिलासपुर स्थित कहलूर खेल परिसर के हैंडबॉल मैदान में सुबह 11 बजे से होंगे। इसलिए सभी खिलाडि़ों से निवेदन है कि सभी 10 बजे तक मैदान में पहुंच कर अपना पंजीकरण करवा लें। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी अपने अपने आवश्यक दस्तावेज लेकर आएं। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया के बाद चयनित खिलाडि़ों का प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा । प्रशिक्षण शिविर के बाद चयनित टीम केरला के लिए रवाना होगी।

# जेपी नड्डा के कार बिलासपुर के नाम देश के शीर्ष पर: शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के जन्म दिवस पर भंजवाणी पुल पुनर्निर्माण समिति द्वारा एम्स परिसर में लंगर का आयोजन किया गया। भंजवाणी पुल पुनर्निर्माण समिति के अध्यक्ष एवं औहर पंचायत के पूर्व प्रधान देश राज शर्मा की अगुवाई में समिति के पदाधिकारियों ने एम्स में उपचाराधीन मरीजों व उनके तीमारदारों को खाना बांटा। भंजवाणी पुल पुनर्निर्माण समिति के अध्यक्ष देश राज शर्मा ने बताया कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की बदौलत ही आज भंजवाणी में पुल बनने का सपना साकार हो रहा है। समिति पिछले करीब 60 वर्षों से पुल निर्माण की मांग कर रही थी। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने समिति की मांग को पूरा करवाया और इसके लिए 103 करोड़ 32 लाख रुपए 10 अगस्त, 2022 को मंजूर करवाए थे। उन्होंने बताया कि मौजूदा समय इस पुल के दोनों ओर बनने वाली संपर्क सडक के लिए निजी भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है तथा 11 बीघा में से केवल 22 बिस्वा जमीन का अधिग्रहण होना शेष रह गया है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त बिलासपुर जैसे छोटे से जिला में एम्स जैसी सौगात भी केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के कारण ह मिली हैं। एम्स के कारण लोगों को अब आईजीएमसी शिमला व पीजीआई चंडीगढ़ जाने से राहत मिल गई है। बिलासपुर जिला के योगदान में नड्डा का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि समिति ने पुल निर्माण का रास्ता साफ होने के कारण नड्डा के जन्म दिवस पर लंगर लगाया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की ताकि वे इसी प्रकार बिलासपुर के विकास में अपना निरंतर योगदान देते रहें। इस अवसर पर देवी राम चैहान, श्रीराम चैहान, बालक राम, रमलू राम, नानक राम ठाकुर, अंजीव चंदेल, मदन लाल, भरत भूषण ठाकुर, आकाश शर्मा व मजनू राम आदि मौजूद रहे।




# प्री.आरडीसी कैंप का हिस्सा बने घुमारवीं कॉलेज के रोवर और रेंजर्स

**कैंप**

**कैंप में रेंजर रजनी और सोनिया तथा रोवर निखिल, प्रशांत और मनीष ने भी भाग लिया।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** स्वामी विवेकानन्द राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं के पांच रोवर और रेंजर्स ने प्री-आरडीसी कैंप में भाग लिया। जिसमें रेंजर रजनी और सोनिया तथा रोवर निखिल, प्रशांत और मनीष ने भी भाग लिया। यह कैंप स्टेट ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में हुआ। यह कैंप 26 नवम्बर से 1 दिसम्बर पांच दिन तक चला। इसमें बच्चों को परेड करवाई गई। जिसमें से कुछ बच्चों का चयन आरडीसी कैंप शिमला के लिए हुआ और बच्चों को इसमें स्काउटिंग जानकारी दी गई। कैंप से आने के बाद महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य प्रो. प्रीतम लाल, प्रो. बच्चन सिंह, प्रो. सुरेश शर्मा, प्रो. सीता राम ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के रोवर लीडर प्रो. मनीष कुमार और रेंजर लीडर एसओसी प्रो. पूनमा ने प्राचार्य को कैंप की गतिविधियों से अवगत करवाया।



# किड्जी स्कूल के बच्चों ने किया गेम जोन का भ्रमण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** किड्जी प्री स्कूल ऊना के बच्चों ने सोमवार को ऊना शहर स्थित गेम जोन का भ्रमण किया। इस दौरान स्कूल की सीनीयर केजी कक्षा के बच्चों ने विभिन्न गेम्स में हिस्सा लिया।

स्कूल प्रधानाचार्य रेणूका ने बताया कि गेम जोन में बच्चों ने विभिन्न शारीरिक गतिविधियों में हिस्सा लेकर खेल खेल में शिक्षा का ज्ञान सीखा। इस मौके पर स्कूल स्टाफ से दीपिका, रजनी, अंजना और परमजीत उपस्थित रहे।

# एएसजेवीएन के एनजेएचपीएस ने चार माह पूर्व ही डिजाइन एनर्जी हासिल किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** एसजेवीएन के सर्वोत्कृष्ट 1500 मेगावाट नाथपा झाकड़ी जलविद्युत स्टेशन (एनजेएचपीएस) ने डिजाइन एनर्जी उत्पादन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। दिनांक 01 दिसंबर, 2024 को एनजेएचपीएस ने 6612 मिलियन यूनिट के अपने डिजाइन एनर्जी उत्पादन को हासिल किया। यह दिनांक 19 नवंबर, 2011 को स्थापित सबसे शीघ्र डिजाइन एनर्जी उत्पादन रिकॉर्ड के बाद दूसरा सबसे शीघ्र डिजाइन एनर्जी उत्पादन रिकॉर्ड है। यह असाधारण उपलब्धि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के आठ माह के भीतर हासिल की गई है। 116 दिनों तक 110त्न संयंत्र ओवरलोडिंग के परिणामस्वरूप विद्युत स्टेशन 1650 मेगावाट की क्षमता पर प्रचालित हुआ।



इसके अलावा, सतलुज नदी में उच्च गाद स्तर के बावजूद अद्वितीय दक्षता और परिचालन उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए विद्युत स्टेशन बिना किसी शटडाउन के प्रचालित होता रहा। यह रिकॉर्ड-ब्रेकिंग उपलब्धि एनजेएचपीएस की तकनीकी विशेषज्ञता, निरंतर निष्पादन और प्रचालन उत्कृष्टता का प्रमाण है। यह उपलब्धि यह भी दशार्ती है कि एनजेएचपीएस निरंतर अपनी तकनीकी क्षमताओं को बढ़ा रहा है और भविष्य में और भी अधिक विद्युत उत्पादन के बेंचमार्क को हासिल करने की दिशा में अग्रसर है।

# भाषा के ज्ञान से बच्चों में लीडरशिप के गुण विकसित होते हैं: रामप्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**संगराय**

**जोगिंद्रनगर :** माइंडऑपरेशन अकादमी जोगिंद्रनगर में चल रहे व्यक्तित्व विकास और स्पोकन इंग्लिश के कोर्स में अकादमी ने बच्चों के उत्साह और विश्वास को बढ़ाने के लिए रोल प्ले का आयोजन किया । इस समारोह में बहुत सारे बच्चों ने भाग लिया इन बच्चों में प्रथम स्थान रवि कुमार ,अर्णव ठाकुर और अभिषेक ठाकुर ने हासिल किया। दूसरा स्थान विनायक बाबा, हार्दिक और अर्णव ने हासिल किया और तीसरे स्थान पर अमन ठाकुर, अमित और अहम रहे इन सभी बच्चों को अकादमी की ओर से मोमेंटो और पेन देकर के सम्मानित किया गया और आगे भविष्य में निरंतर अपने व्यक्तित्व और भाषा में सुधार लाने के लिए प्रेरित किया गया अकादमी के निदेशक ने कहा आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए ज्यादा से ज्यादा भाषा का ज्ञान होना जरूरी है इससे बच्चों के लीडरशीप के गुण भी विकसित होते है । संस्थान के प्रबंध निदेशक राम प्रकाश ठाकुर ने कहा आजकल सभी बच्चे शारीरिक खेल खेलने के बजाय डिजिटल खेल मोबाइल फोन में ज्यादा व्यस्त हो रहे हैं बच्चों को मानसिक और शारीरिक रूप से अगर स्वस्थ रहना है तो उन्हें डिजिटल खेल को छोडकर के फिजिकल खेल की तरफ ज्यादा ध्यान देना चाहिए। निर्देशक ने कहा माइंड ऑपरेशन अकादमी में स्पोकन इंग्लिश और व्यक्तिव विकास का अगला बैच अप्रैल 2025 से शुरू किया जाएगा तब तक बच्चों को मार्च में होने वाले बोर्ड की परीक्षा के लिए माइंड पावर मेमोरी पावर और एलएलपी के सेमिनार अकादमी



HIMACHAL PRADESH
PUBLIC WORKS DEPARTMENT
Office of the Executive Engineer, Outer Seraj Division,
HP.PWD. Nirmand
Web: www.hppwd.gov.in, Email: ee-nir-hp@nic.in
Phone No.-01904-255140
Fax No. 01904-255740

NOTICE INVITING TENDER

Sealed item rate tender on form 6 & 8 are hereby invited by the Executive Engineer Outer Seraj Division HP. PWD. Nirmand on behalf of Governor of HP. from the approved eligible contractors enlisted in HP.PWD (B&R) in appropriate class "C and D", for the following works, so as to reach this office on **10.12.2024** up to 10.30 A.M. and same will be opened on the same day at 11.00 A.M in presence of the interested contractors or their authorized representative. The application for obtaining the tender form will be received on **09.12.2024** between 10.00 A.M. to 1.00 P.M. The tender form can be had from this office against cash payment (Non-refundable) on **09.12.2024** between 2.00 AM to 5.00 PM. The application must be accompanied with earnest money in shape of NSD/FDR/Time deposit etc. of any post office of HP. or Nationalized Bank duly pledged in the name of Executive Engineer Outer Seraj Division HP.PWD. Nirmand cash order will not be entertained, it may be ensure that the earnest money shall have to be prepared work wise otherwise forms will not be issued. The offer of tender shall be kept open for 90 days. The conditional tender or tender received by post will also be rejected .The undersigned reserves the right to reject any or all tenders without assigning any reason. All the approved eligible contractors should bring copy of their valid enlistment /renewal/exemption from earnest money with them. The tender documents will be issued only to those who fulfill the eligibility conditions. **The contractor should be registered as dealer under GST Act, Valid Copy of Registration as required, Copy of PAN Card, EPF** failing which no tender form will be issued to him.

| Sr. No. | Name of work | Estimated cost | Earnest Money | Time | Cost of tender form |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | R/R Damages on Wazir Bowali to Mohali km. 0/00 to 26/00. (SH:- Hiring of JCB machine for removal of slips, C/O road side drain and dressing of berms in km. 7/00 to 26/00 ) | 493750.00 | 10000.00 | One month | 350/- |
| 2 | R/R Damages on Nore to Luhri km. 0/00 to 65/765.. (SH:- Hiring of JCB machine for removal of slips, C/O road side drain and dressing of berms in km. 7/00 to 20/00 near village Jajhar ) | 493750.00 | 10000.00 | One month | 350/- |

Executive Engineer
Outer Seraj Division
H.P PWD, Nirmand
on behalf of Governor of Himachal Pradesh

RO No. 3633/2024-2025

# डिजाइन एनर्जी में नाथपा झाकड़ी हाइडो पावर स्टेशन ने रचा नया कीर्तिमान

**टीम एक्शन इंडिया**
**लिहांटू**
**रामपुर बुशहर:**

**उपलब्धि**

**नाथपा झाकड़ी हाइडो पावर स्टेशन ने डिजाइन उर्जा उत्पादन में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है**

मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि नाथपा झाकड़ी हाइडो पावर स्टेशन ने अपने डिजाइन उर्जा उत्पादन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, । इस पावर स्टेशन ने दिनांक 1 दिसम्बर, 2024 को रात्रि.8 बजकर 10 मिनट पर डिजाइन एनर्जी (6612 मियू) की दूसरी सबसे तीव्र अद्भुत कीर्तिमान स्थापित किया, जो 6 दिसम्बर, 2019 को अपने बनाए पिछले दूसरे सबसे तीव्र डिजाइन एनर्जी (दूसरा सबसे अधिक वार्षिक उत्पादन) को पार कर गया जबकि इससे पूर्व सबसे तीव्र डिजाइन ऊर्जा उत्पादन 19.11.2011 को प्राप्त किया गया था, जो अब तक के सबसे अधिक वार्षिक उत्पादन के दौरान हासिल किया गया था । यह अविश्वसनीय डिजाइन एनर्जी का कीर्तिमान आठ महीनों में हासिल किया गया जबकि चार महीने बित्त बर्ष 2024-25 के अभी बचें हैं ।




यह प्रशंसनीय रहा कि सतलुज नदी में अधिक गाद होने के बावजूद प्लांट एक दिन के लिए उच्च गाद से बंद नहीं हुआ । इस स्टेशन ने 116 दिन 110त्न संयंत्र ओवरलोडिंग के साथ 1650 क्षमता से यह अचंभित एवं अद्वितीय कीर्तिमान स्थापित किया है जो ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र में एक मील का पत्थर है । यह उपलब्धि पावर स्टेशन के तकनीकी स्तर और कार्यप्रणाली के निरंतर विकास के साथ-साथ पावर स्टेशन की डिजाइन क्षमता को भी दशार्ता है । इससे यह भी संकेत मिलता है कि नाथपा झाकरी पावर स्टेशन अपने तकनीकी मानकों में निरंतर सुधार कर रहा है और आने वाले समय में और अधिक ऊर्जा उत्पादन की क्षमता प्राप्त करने की ओर अग्रसर है ।

कार्यकारी निदेशक/परियोजना प्रमुख मनोज कुमार ने दोहराया कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि एनजेएचपीएस के प्रत्येक विभाग, विशेषकर ओएंड एम, पावर हाउस एवं नाथपा टीम के अभूतपूर्व योगदान के बिना संभव नहीं होती। उन्होंने इस शीर्ष रिकॉर्ड भागीदारी हेतु अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, समस्त प्रबन्धन वर्ग, टीम नाथपा झाकड़ी हाइडो पावर स्टेशन के साथ-साथ भारत सरकार विद्युत मंत्रालय, सीईए, हिमाचल प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार, स्थानीय प्रशासन, शिमला/किन्नौर, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुडे समस्त वर्गों एवं स्थानीय चम्भू महाराज जी का भी धन्यवाद किया।

# हर प्रोजेक्ट पर नियुक्त हो नोडल अधिकारी: योगी

## जनप्रतिनिधियों के समन्वय से कराएं रोड रिस्टोरेशन और जलापूर्ति का काम: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल से जल पहुंचाने की परियोजना के कार्यों के थर्ड पार्टी ऑडिट कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि हर परियोजना के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये जायें जो स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर सभी काम समय से पूरा कराएं। सोमवार को हर घर जल योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन जनहित से जुड़े इन कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। जलापूर्ति के कार्यों के चलते खराब हुई सड़कों के रिस्टोरेशन का काम समय से कराया जाए और जनप्रतिनिधियों से भी आवश्यक मार्गदर्शन लिया जाए। इस आधार पर ही विभागीय



अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं में क्वालिटी हर हाल में सुनिश्चित हो। इसका थर्ड पार्टी सत्यापन भी कराया जाए। साथ ही हर प्रोजेक्ट पर नोडल अधिकारी नियुक्त हों, जो कार्यों की क्वालिटी व समयबद्धता सुनिश्चित करे। जल जीवन मिशन के तहत परियोजना का उद्देश्य है कि लोगों को शुद्ध पेयजल प्राप्त हो, ऐसी सभी योजनाएं बिना रूकावट के अनवरत चलती रहनी चाहिए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड व विंध्य क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में जल जीवन मिशन के कार्यों के बारे में जानकारी ली।

**जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत हैं 40951 योजनाएं**

मुख्यमंत्री जी को जल जीवन मिशन के अंतर्गत सामुदायिक

**जवाबदेही तय**

**▸▸ जल जीवन मिशन की परियोजनाओं में गुणवत्ता से समझौता नहीं, थर्ड पार्टी सत्यापन भी कराया जाए**

अंशदान के संबंध में अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के तहत 40951 योजनाएं स्वीकृत हैं। इनकी कुल कार्य लागत 152521.82 करोड़ रुपये है। इसमें केंद्रांश 71714.68 व राज्यांश 71714.68 करोड़ रुपये है। इन विलेज इंफ्रास्ट्रक्चर की लागत के सापेक्ष सामुदायिक अंशदान 9092.42 करोड़ रुपये बनता है। अधिकांश योजनाओं को सोलर आधारित बनाए जाने के कारण कुल लागत में 13344 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। इसके सापेक्ष केंद्रांश के रूप में 6338 करोड़ रुपये अतिरिक्त रूप से प्राप्त होगा। अनुरक्षण व संचालन मद में राज्य सरकार की योजना काल में लगभग एक लाख करोड़ रुपये की बचत होगी।

उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा पर आधारित हैं 33229 योजनाएं मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश में 33229 योजनाएं सौर ऊर्जा पर आधारित हैं।

इन पर लगभग 900 मेगावाट के सोलर पैनल लगाए गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा इस इनोवेशन को बेस्ट प्रेक्टिसेज के रूप में चिह्नित किया गया है। सौर ऊर्जा आधारित योजनाओं के निर्माण के कारण प्रतिवर्ष लगभग 13 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन कम होगा। बैठक में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री रामकेश निषाद आदि मौजूद रहे।

# भोपाल गैस त्रासदी की बरसी: 40 साल बाद भी न तो पीड़ितों को मिला न्याय

**दंश**

**▸▸ कारखाने से जहरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट का रिसाव हुआ और हजारों लोग मौत के मुंह में चले गए**



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल: मध्य प्रदेश** की राजधानी भोपाल में वर्ष 1984 में दो-तीन दिसंबर की रात को हुई विश्व की भीषणतम औद्योगिक त्रासदी को लोग अब तक भूल नहीं पाए हैं। अब भी यहां के लोग इसका दंश झेलने को मजबूर हैं। यूनियन कार्बाइड कारखाने से जहरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट का रिसाव हुआ और हजारों लोग मौत के मुंह में चले गए थे। मंगलवार, 3 दिसंबर को इस भीषणतम त्रासदी की 40वीं बरसी है, लेकिन अब तक न तो पीड़ितों को न्याय मिल पाया है और न ही यूनियन कार्बाइड परिसर में पड़े कचरे को नष्ट नहीं किया जा सका है। निकट भविष्य में भी इसके निपटान की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है।

विषैली गैस के सम्पर्क में आने वाले लोगों के परिवारों में इतने वर्षों बाद भी शारीरिक और मानसिक रूप से अक्षम बच्चे जन्म ले रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक गैस त्रासदी से 3787 की मौत हुई और गैस से करीब 5,58,125 लोग प्रभावित हुए थे। हालांकि कई एनजीओ का दावा रहा है कि मौत का यह आंकड़ा 10 से 15 हजार के बीच था। बहुत सारे लोग कई तरह की शारीरिक अपंगता से लेकर अंधेपन के भी शिकार हुए। विभिन्न अनुमानों के मुताबिक करीब आठ हजार लोगों की मौत तो दो सप्ताह के भीतर ही हो गई थी जबकि करीब आठ हजार अन्य लोग रिसी हुई गैस से फैली संबंधित बीमारियों के चलते मारे गए थे।

**कैसे हुआ हादसा ?**

यूनियन कार्बाइड की फैक्टरी से करीब 40 टन गैस का रिसाव हुआ था। इसकी वजह थी टैंक नंबर 610 में जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का पानी से मिल जाना था। इससे हुई रासायनिक प्रक्रिया की वजह से टैंक में दबाव पैदा हो गया।

# बाबा साहब के योगदान को केंद्र सरकार ने दिया सम्मान: मेघवाल



**टीम एक्शन इंडिया**

**बीकानेर:** हमारा संविधान-हमारा गौरव नामक कार्यक्रम का यहां रायसर में भव्य कार्यक्रम हुआ। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और अन्य अतिथियों ने बाबा साहेब के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का आगाज किया। इस अवसर पर केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अनेक विषमताओं से डरे बिना देश को दिशा दिखाई। देश निर्माण में बाबा साहेब के योगदान को सम्मान देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी 125वीं जयंती के अवसर पर वर्ष 2015 में देश को संविधान दिवस की सौगात दी। मोदी के निर्देश पर संविधान अंगीकार के 75 वर्ष पूर्ण होने पर इस वर्ष साल भर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे

**मौलिक अधिकार**

**▸▸ बाबा साहेब ने 60 देशों के संविधान का अध्ययन करते हुए दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान दिया**

देश के नागरिकों को संविधान और बाबा साहेब के विराट व्यक्तित्व की जानकारी मिल सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने कहा कि देश का संविधान हमें मौलिक अधिकार देता है। साथ ही कर्त्तव्यों की पालना की सीख देता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने दुनिया के अलग-अलग 60 देशों के संविधान का अध्ययन करते हुए देश को दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान दिया। ▪

# धामी ने किया दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार** को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने निर्माण में इस्तेमाल हो रही आधुनिक तकनीकों और पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने इस एक्सप्रेसवे का तेजी से निर्माण होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मोदी और केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार भी व्यक्त किया। मुख्यमंत्री धामी नगर के डाट काली मंदिर पहुंचकर वहां दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्यों का



स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे का कार्य अंतिम चरण में हैं। इस एक्सप्रेसवे के पूर्ण होने पर देहरादून से दिल्ली का सफर मात्र दो से ढाई घंटे में पूरा हो जाएगा। इससे जहां लोगों का आवागमन सरल होगा और चारधाम यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को सुगमता होगी। त्तराखंड की आर्थिकी को बढ़ाने, पयर्टन और व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भी यह प्रोजेक्ट सहायक सिद्ध होगा। इस प्रोजेक्ट में इकोलॉजी और इकोनॉमी का समन्वय करते हुए एशिया का सबसे बड़ा वाइल्डलाइफ कॉरिडोर भी बनाया गया है।

**दिशा-निर्देश जारी**

**▸▸ राज्य के अलग-अलग जिलों में माओवादी संगठन और छोटे-छोटे संगठन से जुड़े कुल 64 नक्सली मारे गये**

## सीएम ने "मैरै गांव की बाट" का प्रोमो और पोस्टर किया लॉन्च

**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को पहली जौनसारी फीचर फिल्म "मैरै गांव की बाट" का प्रोमो और पोस्टर लॉन्च किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार क्षेत्रीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आंचलिक फिल्मों के निर्माण और प्रचार प्रसार में पूरा सहयोग दे रही है। इस फिल्म के जरिए जौनसार की समृद्ध संस्कृति, विरासत और रीति रिवाजों को देखने जानने का मौका मिलेगा।

## प्रदूषण मुक्त भारत की लक्ष्य प्राप्ति में सहभागी बने हम सभी: डॉ. यादव

**भोपाल:** देश में हर साल 2 दिसंबर के दिन राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया जाता है। इस दिन को उन लोगों की याद में मनाया जाता है जिन्होंने भोपाल गैस त्रासदी में अपनी जान गंवाई थी। इस दिन का उद्देश्य प्रदूषण के खतरों के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस दिवस पर सभी से प्रदूषण मुक्त भारत की लक्ष्य प्राप्ति में सहभागी बनने का आव्हान किया है। "राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस जागरूक करता है कि हम सभी एकजुट होकर प्रदूषण के कारकों को कम करे।

# उत्तराखंड एसटीएफ ने किया 52 लाख की ठगी का खुलासा

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की साइबर क्राइम टीम ने ऑनलाइन ठगी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए चार लोगों को पंजाब से गिरफ्तार किया है। आरोपित सोशल मीडिया पर फर्जी ट्रेडिंग बिजनेस का विज्ञापन देकर लोगों को लुभाकर ठगते थे। इनके तार देशभर में जुड़े हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) एसटीएफ नवनीत सिंह ने सोमवार को बताया कि उधमसिंह नगर के एक पीड़ित ने फरवरी 2024 में साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने फेसबुक पर एक ट्रेडिंग बिजनेस का विज्ञापन देखा और लिंक पर क्लिक किया। इसके बाद उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जहां फर्जी कंपनी के प्रतिनिधियों ने लालच देकर उससे निवेश करवाया। निवेश की गई रकम और मुनाफा दिखाने के लिए फर्जी लॉगिन आईडी और पासवर्ड दिए गए।




# फाइव स्टार होटल जैसी सुविधाओं से लैस होगी महाकुम्भ की टेंट सिटी

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज:** प्रयागराज महाकुम्भ 2025 में आने वाले करोड़ों भक्तों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर योगी सरकार महाकुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर-20 (अरैल) में 2000 से ज्यादा स्विस कॉटेज बेस्ड टेंट्स की स्थापना कर रही है। इन टेंटों की स्थापना उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (यूपीएसटीडीसी) द्वारा किया किया जा रहा है और 6 पार्टनर्स के साथ मिलकर विभिन्न टेंट ब्लॉक्स की स्थापना कर रहे हैं। इनमें आगमन, कुम्भ कैम्प इंडिया,



ऋषिकुल कुम्भ कॉटेज, कुम्भ विलेज, कुम्भ कैनवस व एरा प्रमुख हैं। खास बात यह है कि वर्ल्ड क्लास स्टैंडर्ड्स के अनुसार इन टेंट्स की स्थापना व संचालन की जाएगी जो फाइव स्टार होटल क्षेणी की सुविधाओं से लैस होंगी। यह सुपर डीलक्स टेंट विला, महाराजा, स्विस कॉटेज व डॉर्मेटरी फॉर्मैट में उपलब्ध रहेंगी जिनका प्राइसिंग 1500 से 35 हजार के बीच प्रतिदिन के हिसाब से तय रहेंगी। वहीं, डॉर्मेटरी के अलावा 4000 से 8000 का शुल्क अतिरिक्त व्यक्ति के ठहरने पर देना होगा।

**75 देशों के 45 करोड़ विजिटर्स को ध्यान में रखकर स्थापित हो रही टेंट सिटी**

यूपीएसटीडीसी द्वारा जो टेंट सिटी स्थापित की जा रही है वह सीएम योगी के विजन के अनुरूप तैयार की जा रही है।

## बिहार महोत्सव में आकर्षण का केंद्र बनी फिल्म चम्पारण सत्याग्रह

**टीम एक्शन इंडिया**

**पूर्वी चंपारण:** दिल्ली के शाह ऑटोरियम में 3 और 4 दिसम्बर को आयोजित बिहार महोत्सव में डा. राजेश अस्थाना की फिल्म 'चम्पारण सत्याग्रह आकर्षण का केन्द्र बनी है।

इसकी जानकारी देते बिहार महोत्सव के प्रणेता एवं प्रसिद्ध रंगकर्मी प्रसाद रत्नेश्वर ने बताया कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में पहले असहयोग आंदोलन के रूप "चम्पारण सत्याग्रह का नाम स्वर्णाक्षरों में उल्लेखित है।

**अलौकिक** महाकुम्भ में श्रद्धालुओं का स्वागत करेंगे अर्जुन, गरुड़, नंदी, और ऐरावत

# 26 नक्काशीदार मूर्तियां बनेंगी महाकुम्भ का आकर्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज: म**हाकुम्भ में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को इस बार आदिकालीन भारतीय संस्कृति की दिव्यता और अलौकिकता का दर्शन होने जा रहा है। आप चाहे किसी भी परिवहन के माध्यम से प्रयागराज पहुंचें, आपके स्वागत में स्वयं अर्जुन, गरुड़, नंदी, ऐरावत और मां गंगा के साथ ही श्रवण कुमार भी मौजूद रहेंगे। पौराणिक महत्व की ये 26 नक्काशीदार मूर्तियां महाकुम्भ में आने वाले देशी विदेशी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनने जा रही हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रयागराज के 26



प्रमुख चौराहों पर स्थापित करने का काम जोर-जोर से चल रहा है।

**श्रद्धालुओं को आकर्षित करेंगी मूर्तियां**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप इस बार के महाकुम्भ को दिव्य, नव्य और भव्य बनाने की तैयारी चल रही है। इसके तहत पौराणिक एवं भारतीय संस्कृति के महत्व की नक्काशीदार मूर्तियां शहर के प्रमुख चौराहों पर सजाई जा रही हैं। इनमें अर्जुन, गरुड़, नंदी, गदा के अलावा मां गंगा सहित तमाम ऐसी मूर्तियां है जो श्रद्धालुओं को आकर्षित करेंगी। एसडीएम मेला, अभिनव पाठक ने बताया कि इस योजना के तहत योगी सरकार के निर्देश पर 26 चौराहों को विशेष रूप से आकर्षक आकार दिया जा रहा है।

**योजना**

**▸▸ 26 चौराहों को विशेष रूप देने की योजना, वैज्ञानिक तरीके से होगा ट्रैफिक मैनेजमेंट**